

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कांग्रेस महिला नेताओं के साथ लोकसभा चुनाव का रिजल्ट आने के बाद फोटो खिंचवाते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 154 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# इंडिया में तीसरी बार एनडीए सरकार





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** एक पुरानी कहावत है- तुम्हारी भी जय जय, हमारी भी जय जय। न हम हारे, न तुम जीते। अठारहवीं लोकसभा चुनाव के परिणाम ने सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को यह गीत गुनगुनाने का अवसर दे दिया है। सबसे पहली बात तो यह कि इन चुनाव परिणामों से भारत की जनता का लोकतंत्र में विश्वास निश्चित तौर से मजबूत हुआ होगा। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में सबसे ज्यादा मतदाताओं में इस विश्वास की बहाली अपने आपमें एक पक्ष है। ऐसा भी नहीं था कि इससे पहले लोकतंत्र में लोगों का विश्वास कम था। हां, पिछले कुछ वर्षों में, या यह कहें कि केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के उभार और लगातार दो बार पूर्ण बहुमत की विस्मयकारी जीत ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को यह आशंका फैलाने का अवसर दिया कि चुनाव निष्पक्ष नहीं होते, या ईवीएम को हैक किया जा रहा है। मंगलवार को आए चुनाव परिणामों ने इन आशंकाओं को निर्मूल साबित कर दिया है। भारतीय निर्वाचन आयोग की प्रतिष्ठा और बढ़ी है। देश ही नहीं विश्व भर में इसकी चर्चा होगी कि भारत में निर्वाचन कितना निष्पक्ष होता है। इन चुनाव परिणामों के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मन से तैयार नहीं थी। यह बात सही है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने

**जीत की हैट्रिक**

**भाजपा बहुमत के 272 के आंकड़े को नहीं छू पाई लेकिन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग या एनडीए) 290 सीटों पर आगे है**

अबकी बार 400 पार का नारा देकर चुनावों को दिलचस्प बना दिया था। विपक्षी दल भाजपा को 400 पार न जाने देने की कोशिशों में लग गए। पर जमीनी हकीकत भाजपा और उसका नेतृत्व भी जानता था। इसीलिए कार्यकताओं में उत्साह भरने और उसे अधिक सक्रिय करने के उद्देश्य से एक बड़ा सपना दिखाया गया।

चुनाव परिणाम बताते हैं कि वह सपना भले पूरा न हुआ हो पर लगातार तीसरी बार सबसे बड़े दल के रूप में और बहुमत से कुछ ही पीछे रह जाने वाली भाजपा ही सत्ता की असली दावेदार है। लोगों ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास प्रकट किया है। भाजपा और उसके सहयोगी दलों का राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने की ओर बढ़ रहा है। विपक्षी दल सत्ता से दूर रह जाने के बाद भी ऐसा दावा कर रहे हैं जैसे भाजपा चुनाव हार गई। जबकि भाजपा के लिए यह जीत बहुत मायने रखती है। पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के बाद नरेन्द्र मोदी ही ऐसे प्रधानमंत्री होंगे जिनके नेतृत्व में भाजपा सत्ता में पहुंची है। साथ ही ओडिसा में पूर्ण बहुमत से पहली बार राज्य सरकार बनाने जा रही भाजपा को बहुत बड़ी खुशी दी है। ओडिसा में भाजपा की यह जीत बहुत मेहनत और लगातार संघर्ष के बाद आयी है। वहां 15 साल से नवीन पटनायक के नेतृत्व में काबिज बीजू जनता दल को हराना आसान काम नहीं था। वहीं गठबंधन के सहयोगी दल तेलुगूदेशम पार्टी की भी आंध्र प्रदेश में प्रचंड बहुमत से सरकार बनने जा रही है। इन चुनाव परिणामों का विश्लेषण राजनीतिक दल और राजनीतिक विश्लेषक एक-दो दिन नहीं, कई दिनों तक करते रहेंगे। पर प्रारंभिक रूप से साफ है कि उत्तर प्रदेश की नब्ज समझने में भाजपा कहीं न कहीं चूक गई, वहीं पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने भाजपा को आगे बढ़ने से रोका तो महाराष्ट्र में भी भाजपा की राजनीति लोगों के गले नहीं उतरी। खासकर उत्तर प्रदेश के परिणामों ने केन्द्र में भाजपा को स्पष्ट बहुमत से दूर कर दिया। समाजवादी पार्टी और उसके नेता अखिलेश यादव ने मोदी-योगी की उम्मीदों पर पानी सा फेर दिया।

## हरियाणा : मतदाताओं ने दोनों पक्षों का सपना तोड़ा



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: लोकसभा** चुनाव में हरियाणा के मतदाता ने सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों का सपना भंग कर दिया। दोनो ही हरियाणा की सभी दस लोकसभा सीट जीतने का दावा कर रहे थे।लेकिन मतदाता ने दोनो को पांच पांच सीट बांट दी। मंगलवार को आए चुनाव परिणाम में भाजपा और कांग्रेस को पांच पांच सीट मिली।पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल सीट से जीत दर्ज की और करनाल विधानसभा सीट के उपचुनाव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी जीत गए।

भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा में 2019 के लोकसभा चुनाव में सभी 10 सीटें जीत ली थी और इस बार भी भाजपा सभी दस सीट जीतने का दावा कर रही थी। लेकिन सिर्फ 5 सीटो पर ही संतोष करना पड़ा। मंगलवार रात तक मिले परिणामों के अनुसार भाजपा को करनाल, कुरुक्षेत्र, फरीदाबाद, गुरुग्राम और भिवानी महेंद्रगढ़ सीट से जीत मिली। जबकि कांग्रेस ने अंबाला, सोनीपत, हिसार, सिरसा और रोहतक सीट पर जीत दर्ज की।रोहतक सीट से कांग्रेस उम्मीदवार दीपेंद्र हुड्डा ने प्रदेश में सबसे बड़ी जीत दर्ज की। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार डॉ. अरविंद कुमार शर्मा को 342834 वोटों से हराया। इसके अलावा करनाल सीट से भाजपा उम्मीदवार और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने 219156 वोटों से कांग्रेस उम्मीदवार दिव्यांशु बुद्धिराजा को हरा दिया। उधर, सोनीपत में मतदान केंद्र पर हंगामा हो गया। लाठ और जोली बूथ की काउंटिंग रुकने पर कांग्रेस कार्यकर्ता भड़क गए। कांग्रेस समर्थक मतगणना केंद्र के बाहर इकट्ठा हो गए और नारेबाजी करने लगे। माहौल देख काउंटिंग सेंटर के गेट पर कमांडो और पुलिस के जवान तैनात किए।इसके बाद अधिकारी मतगणना केंद्र से बाहर आए और कहा कि बैलट पेपर की गिनती के लिए काउंटिंग रोकी गई थी, जो बाद में शुरू कर दी गई।

अंबाला सीट पर कांग्रेस के वरुण चौधरी ने भाजपा की बंतो कटारिया को हराया।भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से भाजपा के चौधरी धर्मबीर सिंह ने कांग्रेस केराव दान सिंह को हराया।

**मुकाबला टाई रहा**

**भाजपा और कांग्रेस ने जीती 5-5 लोकसभा सीट, पूर्व मुख्यंत्री मनोहर लाल ने जीती करनाल सीट**



## केरल में खुला भाजपा का खाता, त्रिशूर सीट की अपने नाम किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**त्रिशूर:** केरल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार सुरेश गोपी ने त्रिशूर लोकसभा सीट पर 74,686 वोटों से जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया है। पूर्व राज्यसभा सदस्य गोपी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सीपीआई के वीएस सुनील कुमार को 74,686 मतों के अंतर से हराकर शानदार जीत दर्ज की। चुनाव आयोग ने केरल में 20 सीटों में से आठ सीटों के नतीजे घोषित कर दिये हैं। आयोग के अनुसार कांग्रेस ने सात सीटें जबकि भाजपा ने एक सीट पर जीत दर्ज कर ली है। त्रिशूर सीट भाजपा के सुरेश गोपी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सीपीआई के वीएस सुनील कुमार से 74 हजार 686 वोटों के अंतर से जीत ली है। उधर, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वायनाड सीट 3 लाख 64 हजार से अधिक वोटों के अंतर से जीत ली है।

## हिमाचल: चारों सीटों पर लहराया भगवा

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला:** हिमाचल में सभी चारों संसदीय क्षेत्रों के परिणाम घोषित हो गए है। भाजपा ने सभी सीटें जीतीं हैं। निर्वाचन विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि हिमाचल प्रदेश की चारों संसदीय क्षेत्रों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों को जीत प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार डॉ. राजीव भारद्वाज को 632793 व कांग्रेस उम्मीदवार आनन्द शर्मा को 380898 वोट मिले, जबकि 6372 ने नोटा का बटन दबाया।

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर को 607068 व कांग्रेस के सतपाल रायजादा को 424711 वोट मिले, जबकि 5178 ने नोटा को चुना।

मंडी संसदीय क्षेत्र में भाजपा प्रत्यशी कंगना रनौत 537022 वोट मिले, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह को 462267 वोट प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त 5645 ने नोटा का विकल्प चुना।

शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा के सुरेश कश्यप को 519748 जबकि कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी को 428297 वोट मिले और 5930 ने नोटा का विकल्प चुना। सिनेमा के पर्दे पर राजनेत्रियों के किरदार अदा करने वाली सिने अभिनेत्री एवं मंडी की बेटी सियासत की जमीन पर भी जीत का परचम फहराया है। क्वीन के नाम से मशहूर कंगना ने बुशहर रियासत के राजा विक्रमादित्य को विरासत की जंग में पराजित कर दिया।




## दोनों सीटों से जीते राहुल गांधी



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायबरेली:** लोक सभा सीट रायबरेली से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी की बम्पर जीत हुई है। उन्होंने करीब 3 लाख 90 हजार वोटों से अपने प्रतिद्वंद्वी भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह को हराया है। रायबरेली से राहुल गांधी की इस जीत के साथ ही गांधी परिवार की तीसरी पीढ़ी का रायबरेली से संसदीय पारी की शुरूआत हो गई। दादा फिरोज,दादी इंदिरा गांधी, सोनिया गांधी के बाद राहुल रायबरेली से सांसद निर्वाचित हुए हैं। मंगलवार शाम आये परिणाम में कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी को कुल 687649 वोट मिले हैं, जबकि भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह को 297619 वोट,बसपा के ठाकुर प्रसाद यादव को 21624 वोट मिले हैं। चौथे नम्बर पर अखिल भारतीय अपना दल के दिलीप सिंह को 8678 वोट मिले हैं। नोटा को 7822 वोट के साथ पांचवां स्थान मिला है। निर्दलीय होरीलाल को 5399,भारतीय पंचशील पार्टी के सुदर्शन राम को 4345,मानवतावादी समाज पार्टी के हिन्द रोहिताश्व को 3859,अपना दल(कमेरवादी) के मो मोबीन को 2174 वोट मिले हैं।जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने कांग्रेस नेताओं को जीत का प्रमाणपत्र दिया। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी 2004,2009,2014 में अमेठी से सांसद चुने गए। 2019 में अमेठी से उनकी हार हुई। हालांकि वायनाड से चुनकर वह संसद पहुंच गए।

## नतीजे परिवर्तन के संकेत: शरद




**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई:** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजे देश में परिवर्तन का संकेत दे रहे हैं। मतदाताओं ने भ्रामक प्रचार के बजाय किसानों के मुद्दे, महंगाई, बेरोजगारी जैसे बुनियादी मुद्दों पर वोट दिया है। शरद पवार ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और सीताराम येचुरी से चर्चा हुई है। अगर बुधवार को इंडिया गठबंधन की दिल्ली में बैठक होती है तो वे उस बैठक में शामिल होंगे। इसी बैठक में अगली भूमिका तय की जाएगी। शरद पवार ने मंगलवार को मुंबई में पत्रकारों को बताया कि महाराष्ट्र में महाविकास आघाड़ी का प्रदर्शन बेहतर रहा है। इस चुनाव में आम जनता ने बहुत ही सोच समझकर मतदान किया है। शरद पवार ने कहा कि हिंदी बेल्ट में भी बदलाव दिखा है।

## हिमाचल विधानसभा उप-चुनाव सुक्खू ने लगाया जीत का चौका

**चमन शर्मा**

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश में विधानसभा की 6 सीटों पर आज हुए उपचुनाव में कांग्रेस चार सीटों पर जबकि भाजपा दो सीटों पर विजय रही। कांग्रेस की चार सीटों पर जीत के साथ ही प्रदेश की सुक्खू सरकार पर छाए संकट के बदले भी छंट गए हैं। इसी के साथ भाजपा का मिशन लोटस अब अब पूरी तरह से विफ ल नजर आ रहा है। जबकि दूसरी ओर कांग्रेस जीत के चौक के साथ गदगद है। उपचुनाव में जीत दर्ज करने वालों में प्रमुख सुधीर शर्मा, इंद्र दत्त लखनपाल, राकेश कालिया, रणजीत सिंह राणा, अनुराधा राणा और विवेक शर्मा शामिल हैं। जबकि हारने वालों में



कांग्रेस के बागी व अयोग्य करार दिए गए विधायक राजेंद्र राणा, चैतन्य शर्मा देवेंद्र भुट्टो और रवि ठाकुर शामिल हैं। उपचुनाव नतीजों के बाद जहां कांग्रेस पूरी तरह जश्न के मूड में नजर आई वहीं दूसरी ओर भाजपा खेमे में निराशा है। धर्मशाला सीट से भाजपा उम्मीदवार सुधीर शर्मा विजय रहे। सुधीर शर्मा को 28066 वोट पड़े जबकि उनके प्रतिबंध कांग्रेस उम्मीदवार देवेंद्र सिंह जग्गी को 22540 वोट पड़े। इस तरह सुधीर शर्मा 5526 वोटों के अंतर से विजयी रहे। इसके अलावा धर्मशाला विधानसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार राकेश चौधरी को 10770 जबकि सतीश कुमार को 422 और नोट को 482 वोट पड़े। बड़सर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार इंद्र दत्त लखनपाल विजय रहे। इंद्र लखनपाल को 33086 वोट पड़े जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के सुभाष चंद्र को 30961 वोट पड़े। इस तरह भाजपा के इंद्र दत्त लखनपाल 2125 वोटो के अंतर से चुनाव जीत गए। यहां निर्दलीय उम्मीदवार विशाल शर्मा को 452 जबकि नोट को 323 वोट पड़े। लाहौल स्पीति से कांग्रेस उम्मीदवार अनुराधा राणा विजय रही। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिबंध निर्दलीय उम्मीदवार डॉक्टर रामलाल मारकंडा को पराजित किया। अनुराधा राणा को 9114 वोट पड़े जबकि डॉक्टर रामलाल मारकंडा को 7454 वोट मिले। इस तरह अनुराधा राणा 1960 वोटों के अंतर से विजय रही। यहां भाजपा उम्मीदवार रवि ठाकुर को महज 3049 ही वोट पड़े और वह तीसरे स्थान पर रहे।

**खतरा नहीं**

**कांग्रेस की चार सीटों पर जीत के साथ ही प्रदेश की सुक्खू सरकार पर छाए संकट के बदले भी छंट गए हैं**

## उड़ीसा: पहली बार भाजपा सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) और बीजू जनता दल (बीजद) के बीच रस्साकशी समाप्त हो गई है, क्योंकि भाजपा अगली सरकार बनाने के लिए मैदान में उतरी है। मजबूत गढ़ होने के कारण मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कई रैलियां और चुनाव प्रचार किए लेकिन भाजपा ने 74 के बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया है। भाजपा ने चिल्का, बरगढ़, कुचिंडा, उमरकोट अट्टाबिरा, ब्रजराजनगर, रघुनाथपाली और झारसुगुड़ा सहित आठ सीटें जीत ली हैं जबकि कांग्रेस ने चित्रकोंडा जीती है। बीजद ने राउरकेला सीट




पर 3552 वोटों से जीत दर्ज की है। उम्मीदवार शारदा प्रसाद नायक को 64660 वोट मिले। बरगढ़ से अश्विनी कुमार सारंगी ने 4772 वोट के अंतर से जीत दर्ज कर ली है। अट्टाबिरा से निहार रंजन महानंद ने 28910 वोट से, ब्रजराजनगर सीट से सुरेश पुजारी ने 26789 वोट से, झारसुगुड़ा सीट टंकधर त्रिपाठी ने 1333 वोट से, रघुनाथपाली ने दुर्गा चरण तांती ने 5774 वोट से, कुचिंडा सीट रबी नारायण नायक ने 32220 वोट से, उमरकोट से नित्यानंद गोंड ने 10373 और चिलिका सीट पर पृथ्वीराज हरिचंदन ने 4566 वोट के अंतर से जीत दर्ज की है। बीजद उम्मीदवार शारदा प्रसाद नायक ने राउरकेला सीट 3552 मार्जिन से जीत ली है। कांग्रेस उम्मीदवार मंगू खिला ने चित्रकोंडा सीट 9159 वोटों के अंतर से जीत ली है। राज्य के लोकसभा और विधानसभा चुनावों के ताजा रुझानों के बाद भाजपा मुख्यालय में जश्न के बीच लड्डू बनाए जा रहे हैं।

# दिल्ली में तीसरी बार सभी 7 सीटों पर बीजेपी का जलवा

- विजय रथ रोकने में नाकाम रही आप-कांग्रेस- चांदनी चौक लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल ने जीत हासिल की, कमलजीत सहरावत ने भी लहराया भगवा





**जीत दर्ज की**

**भाजपा से केवल एक मात्र मनोज तिवारी ही थे जिनका टिकट पार्टी ने नहीं काटा था और पार्टी का यह फैसला सही साबित भी हुआ**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: राजधानी** दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटों पर हुए चुनाव के नतीजों के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच वोटों की गिनती आठ बजे शुरू हो गई। दिल्ली में मतगणना के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गए थे।

**उत्तर पूर्वी दिल्ली से मनोज तिवारी जीते:** उत्तर पूर्वी दिल्ली से भाजपा के मनोज तिवारी ने जीत दर्ज की। उन्होंने यहां से कांग्रेस के कन्हैया कुमार को हराया। बता दें दिल्ली में भाजपा से केवल एक मात्र मनोज तिवारी ही थे जिनका टिकट पार्टी ने नहीं काटा था और पार्टी का यह फैसला सही साबित भी हुआ।

**पूर्वी दिल्ली में जीते हर्ष मल्होत्रा:** पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा के हर्ष मल्होत्रा जीत गए। उन्होंने इस सीट पर 91000 से अधिक मतों से जीत हासिल की। यहां उनका मुकाबला आम आदमी पार्टी के कुलदीप कुमार से था।

**चांदनी चौक पर लहरा भगवा:** चांदनी चौक लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल ने जीत हासिल कर ली है। इस सीट पर उन्होंने कांग्रेस के जेपी अग्रवाल को मात दी। उन्होंने 89000 वोट से अधिक अतंर से इस लोकसभा सीट पर जीत दर्ज की।

**उत्तर पश्चिमी दिल्ली से योगेंद्र चंदोलिया जीते:** उत्तर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार योगेंद्र चंदोलिया ने जीत दर्ज कर ली है। इस सीट पर उन्हें कांग्रेस के उदित राज से टक्कर मिली।

**दक्षिण दिल्ली लोकसभा सीट से रामवीर सिंह बिधूड़ी जीते:** दक्षिण दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी ने जीत दर्ज कर ली है। इस सीट पर उन्हें आम आदमी पार्टी के सहीराम पहलवान से टक्कर मिली।

**नई दिल्ली सीट से भाजपा की बांसुरी स्वराज जीतीं:** नई दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा की बांसुरी स्वराज ने जीत दर्ज कर ली है। इस सीट पर उसके सामने आम आदमी पार्टी के सोमनाथ भारती चुनाव लड़ रहे थे।

## विजय रथ रोकने में नाकाम रही आप-कांग्रेस



मनोज तिवारी ने 137066 वोटों से जीत हासिल की



बांसुरी ने 78370 वोटों से जीत हासिल की



प्रवीण खंडेलवाल ने 89325 वोटों से जीत हासिल की



कमलजीत ने 196573 वोटों से जीत हासिल की



योगेंद्र चांदोलिया ने 290849 वोटों से जीत हासिल की



हर्ष मल्होत्रा ने 93663 वोटों से जीत हासिल की



रामवीर सिंह ने 124333 वोटों से जीत हासिल की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी मनोज तिवारी ने 137066 से जीत दर्ज की है। यहां उनके सामने कांग्रेस ने कन्हैया कुमार चुनावी मैदान में उतारा। लोकसभा की उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट भाजपा का गढ़ मानी जाती है। इस बार के मुकाबले की सबसे दिलचस्प बात यह रही कि यहां पर जंग विचारधारा के बीच देखने को मिली। यहां लड़ाई भाजपा बनाम वामपंथ दिखी। हालांकि, कन्हैया कुमार ने चुनाव कांग्रेस पार्टी से लड़ा, लेकिन उनकी पहचान वामपंथी नेता की है। इसलिए उत्तर पूर्वी दिल्ली पर इस बार मुकाबला रोचक रहा है।

**कौन हैं मनोज तिवारी**

उत्तर पूर्वी लोकसभा सीट पर बीजेपी के मनोज तिवारी तीसरी बार सांसद बनने जा रहे हैं। पार्टी ने एक बार फिर उनके ऊपर भरोसा जताया है। तिवारी एक अभिनेता, गायक भी हैं, जो भोजपुरी फिल्मों में काम कर चुके हैं। उत्तर पूर्वी दिल्ली से भाजपा उम्मीदवार मनोज तिवारी ने चुनावी हलफनामे में चल और अचल संपत्ति 28,02,79,037 रुपये बताई है। इसमें 10,50,79,037 रुपये की चल संपत्ति व 17,52,00,000 रुपये की अचल संपत्ति शामिल है। साल 2019 के चुनावी हलफनामे में उन्होंने कुल संपत्ति 24,28,17,031 बताई थी, जबकि उन पर 1,36,18,755 का कर्ज भी था। उनके पास 8,64,11,031 की चल संपत्ति थी तो 15,76,56,000 करोड़ की अचल संपत्ति थी। उन पर दो मामले में लंबित हैं। उन्होंने आमदनी का जरिया एक्टिंग, विज्ञापन, मॉडलिंग से होने वाली कमाई को बताया है। उनके पास बिहार के कैमूर में तीन कृषि भूमि और मुंबई, दिल्ली व वाराणसी में आवासीय संपत्ति है। इसके अलावा पांच कारें हैं। इनकी कीमत वर्तमान में 19.50 लाख रुपये हैं। इनमें ऑडी क्यू 7, मर्सिडीज बेंज, फॉर्च्यूनर, होंडा सिटी और इनोवा शामिल है। जबकि पत्नी के पास भी तीन कारें हैं। इनकी 30.38 लाख रुपये हैं। पत्नी के पास 1,21,62,564 रुपये की चल संपत्ति है, जबकि 3,50,00,000 रुपये की अचल संपत्ति है। मनोज तिवारी के पास 155 ग्राम सोने के आभूषण हैं जिनकी कीमत 10.50 लाख रुपये है, जबकि पत्नी के पास 265 ग्राम सोने के आभूषण हैं जिनकी कीमत 18.65 लाख रुपये है।

**कौन हैं कन्हैया कुमार**

बिहार के बेगूसराय जिले के बीहट गांव में कन्हैया कुमार का जन्म 13 जनवरी 1987 को हुआ था। पिता का नाम जयशंकर सिंह और माता का नाम मीना देवी है। कन्हैया ने जेएनयू से अफ्रीकन स्टडीज में एम.फिल और पीएचडी की डिग्री ली है। कन्हैया का राजनीतिक करियर जेएनयू में छात्र राजनीति से शुरू हुआ। कमाई की बात करें तो 2018-19 में कांग्रेस नेता की कुल कमाई 1.65 लाख रुपये थी। अगले वित्त वर्ष में उनकी कमाई में कमी आई। 2019-20 में ये घटकर 90 हजार रुपये हो गई। 2020-21 में कन्हैया कुमार की कमाई में बढ़ोतरी हुई और ये 1.95 लाख रुपये हो गई। वहीं, 2021-22 में कांग्रेस नेता की कमाई में कमी आई और ये 70 हजार रुपये रह गई। 2022-23 में इसमें फिर कमी आई और ये महज 18 हजार रुपये रह गई। अपने शपथ पत्र में कन्हैया कुमार ने बताया है कि उनके खिलाफ सात मामले चल रहे हैं। इनमें से पांच मामले बिहार और एक-एक मामला असम और दिल्ली में दर्ज है। शपथ पत्र में कन्हैया ने बताया है कि इस समय उनके पास 1.28 लाख रुपये नकद हैं। कन्हैया के दो बैंक खातों में 6.79 लाख रुपये जमा हैं।

इस तरह से कांग्रेस नेता ने अपने हलफनामे में 8.07 लाख रुपये की चल संपत्ति की जानकारी दी है। कन्हैया के नाम बिहार के मसनदपुर में एक गैर खेतीहर जमीन है। 85.08 वर्ग फीट की जमीन का मौजूदा बाजार मूल्य 2.65 लाख रुपये बताया गया है। कांग्रेस नेता ने अपने शपथ-पत्र में कुल 2.65 लाख रुपये की अचल संपत्ति की घोषणा की है। वहीं चल और अचल संपत्ति दोनों को जोड़ दें तो कन्हैया कुमार 10.72 लाख रुपये की संपत्ति के मालिक हैं।

## भाजपा मुख्यालय में जीत के शंखनाद की गूंज



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: लोकसभा चुनाव** के रुझान और नतीजे आने के बाद डीडीयू मार्ग स्थित भाजपा मुख्यालय में शंखनाद शुरू हुआ। 'भारत माता की जय' और 'मोदी है तो मुमकिन है' जैसे नारों गूंज सुनने को मिली। रुझानों में बढ़त देख भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ता गया। कार्यकर्ता ढोल नगाड़ों की थाप पर झूमते-थिरकते दिखे। दोपहर 12 बजे के करीब जब जीत स्पष्ट होने लगी तो वैसे ही कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर एक-दूसरे का मुंह मीठा किया। जश्न को लेकर सुबह से ही कार्यकर्ता अलग-अलग अंदाज में यहां पहुंचते नजर आए। कोई साइकिल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कटआउट, तो कोई मोदी की ड्रेस में व कुछ विजय शंख लेकर पहुंचे। जैसे-जैसे चुनावी नतीजे आ रहे थे, वैसे-वैसे कार्यकर्ताओं व समर्थकों में उत्साह बढ़ता जा रहा था। मुख्यालय के आस-पास का इलाका पूरा भगवा नजर आ रहा था। यहां से आने-जाने वाले राहगीर भी भाजपा मुख्यालय की एक झलक देखने को आतुर दिखे। शाम तक कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई और लोग गेट के अंदर जाने की कोशिश करते दिखे। भाजपा अपनी जीत को लेकर मानो आश्वस्त थी, ऐसे में मुख्यालय से लेकर प्रदेश कार्यालय में पहले से ही प्रधानमंत्री मोदी के पोस्टर से पटा है। जगह-जगह लाउड स्पीकर और स्क्रीन लगाई गई है। पोस्टर में मोदी की राजनीति के सफर की झलकियां दिखाई गई हैं। जिसमें वह नए संसद भवन के निर्माण से लेकर राम मंदिर के उद्घाटन की तस्वीरों को दिखाया है। ऐसे में समर्थक और कार्यकर्ता उनके पोस्टर के साथ सेल्फी भी लेते दिखे।

**मोदी की आरती उतारी, चढ़ाया दूध:** बिहार के हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र से साइकिल चलाकर भाजपा मुख्यालय पहुंचे रतन रंजन ने अपनी साइकिल पर मोदी का कटआउट लगाया है। वह मोदी की पहले आरती करते हैं। इसके बाद उन्हें दूध चढ़ाते हैं।

## कांग्रेस में जश्न का माहौल, राहुल जिंदाबाद के गूंजे नारे



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: अकबर** रोड स्थित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के मुख्यालय में हर्ष का माहौल दिखा। कांग्रेस कार्यकर्ता ढोल की ताल पर झूमते नजर आए। यहां मौजूद कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह प्यार-मोहब्बत की जीत है। इस खास मौके पर मुख्यालय के बाहर पटाखे फोड़े गए। यहां जश्न मनाते और मिठाई बांटते पार्टी के कार्यकर्ताओं से दिखाई दिए। रुझानों और नतीजों के बाद जश्न का माहौल और बढ़ता नजर आया। कार्यकर्ताओं ने नतीजों पर नजर बनाए रखी। जैसे ही कांग्रेस की एक सीट की बढ़त मिलती वैसे ही कार्यकर्ता तालियां बजाने लगते हैं। वहीं, जैसे ही एक सीट कम होती है तो मायूस हो जाते हैं। यहां सीट के उतार-चढ़ाव पर शोर गुल नजर आया। इसी के साथ राहुल गांधी जिंदाबाद के नारों से गूंजे। लोग यहां कांग्रेस के चिन्ह के कपड़े, झंडे लेकर पहुंचे थे। कई समर्थन अपने परिवार के साथ भी यहां पहुंचे। रुझान के बाद तस्वीर जैसे-जैसे साफ हो रही थी, वैसे ही कांग्रेस मुख्यालय के बाहर पार्टी कार्यकर्ताओं का जमवाड़ा बढ़ रहा था और लोग ढोल नगाड़ों के साथ जश्न मना रहे थे। आलम यह था कि कार्यकर्ताओं की अधिक संख्या को देख मुख्यालय के मुख्य गेट को बंद कर दिया गया।

नाचते गाते कार्यकर्ता हाथों में कांग्रेस का झंडा लेकर फहरा रहे थे और प्रियंका गांधी, सोनिया गांधी जिंदाबाद के नारे लगाकर जश्न मना रहे थे। कांग्रेस मुख्यालय परिसर में तो सुबह से ही पूरी और भटूरे बन रहे थे और परिसर में मौजूद नेता कार्यकर्ता उसका स्वाद ले रहे थे।

## दिल्ली में औंधे मुंह गिरा आप-कांग्रेस का गठबंधन

**चालान**

**कांग्रेस भी इस बीच वापसी नहीं कर सकी। दोनों राजनीतिक पार्टियां मिलकर वोटर को समझाने में नाकाम रहीं**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भाजपा को शिकस्त देने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) व कांग्रेस में बढ़ी नजदीकी जमीन पर काम नहीं कर सकी। दोनों दलों का गठबंधन दिल्ली में धड़ाम हो गया। इसने दिल्ली की सत्ता पर 10 साल से काबिज आप को लगातार तीसरी बार बड़ा झटका दिया। वहीं, कांग्रेस भी इस बीच वापसी नहीं कर सकी। दोनों राजनीतिक पार्टियां मिलकर वोटर को समझाने में नाकाम रहीं। इससे वे अपने वोट दूसरे दल को शिफ्ट करने में नाकाम रहे। दो बड़े नेताओं की कैद व विवादों में रहा आप का चुनावी अभियान सिरे नहीं चढ़ सका। एक साथ कई कारकों ने मिलकर दिल्ली की सातों सीटों को लगातार तीसरी बार भाजपा की झोली में डाल दिया।

**बड़े आप नेता जेल में बंद:** कथित शराब घोटाले में आप के कई बड़े नेता जेल में बंद हैं। मनीष सिसोदिया व सत्येंद्र जैन लंबे समय से तिहाड़ में हैं। अक्तूबर में सांसद संजय सिंह को भी ईडी ने गिरफ्तार कर लिया। चुनावों के एलान के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी तिहाड़ पहुंच गए। शुरूआती दौर में इसका असर आप के प्रचार अभियान पर दिखा। मुख्यमंत्री की पत्नी सुनीता केजरीवाल को प्रचार अभियान की कमान अपने हाथ में लेनी पड़ी।

**मालीवाल प्रकरण भी पड़ा भारी:** जब संजय सिंह और अरविंद केजरीवाल जेल से बाहर आए तो ऐसा लग रहा था कि आप की मुहिम रंग दिखाएगी, लेकिन इसी बीच आप सांसद स्वाति मालीवाल का मामला सामने आ गया। मुख्यमंत्री आवास के अंदर मालीवाल से मारपीट के आरोपों पर पूरी पार्टी रक्षात्मक मुद्रा में आ गई। बड़े नेता इस मसले पर जगह-जगह सफाई देते दिखे। अमूमन आक्रामक रहने वाले केजरीवाल ने भी इस पर चुप्पी साध ली। इसके उलट भाजपा ने इसे महिला सुरक्षा का मुद्दा बना लिया। इससे आप के अभियान को धार नहीं मिल सकी।

**जेल का जवाब वोट से भी रहा बेअसर:** केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आप ने जेल का जवाब वोट से कैंपेन चलाया। सलाखों के पीछे केजरीवाल को दिखाकर पार्टी को भरोसा था कि उसके पक्ष में सहानुभूति की लहर चलेगी और दिल्ली में 2-3 सीटें हासिल करने में आप कामयाब रहेगी, लेकिन हर दिन उठ रहे नए विवादों के बीच यह अभियान भी कारगर नहीं हो सका। ऐसे में आप एक भी सीट हासिल नहीं कर सकी।

**गठबंधन को जनता ने नकारा, नेताओं को भी स्वीकार नहीं**

वोटों का बिखराव रोकने के लिए आप ने पहली बार कांग्रेस से सीटों का समझौता किया। उम्मीद थी कि एकमुश्त भाजपा विरोधी मत मिलने से दोनों का फायदा होगा, लेकिन गठबंधन को न तो जनता ने स्वीकार किया और न ही कई पार्टी नेताओं ने। दोनों दलों के जमीनी कार्यकर्ता और कई बड़े नेता भी इस गठबंधन को लेकर सहज नहीं थे। यहां तक कि तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने विरोध स्वरूप इस्तीफा दे दिया और अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए।

## पुत्र ने दरांती से की पिता की हत्या, गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** करीब सात बजे वेद प्रकाश की अपने पिता से इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इस दौरान वह रसोई में पहुंचा और वहां से सब्जी काटने वाली दरांती उठा लाया। इससे पहले कि परिजन उसे रोक पाते आरोपी ने पिता पर कई वार कर दिए। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के नंद नगरी इलाके में शादी न करवाने से नाराज एक युवक ने अपने बुजुर्ग पिता की दरांती से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी। मृतक की शिनाख्त ओम प्रकाश (85) के रूप में हुई है। बड़ा बेटा जख्मी हालत में पिता को लेकर जीटीबी अस्पताल पहुंचा था, जहां डॉक्टरों ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। खबर मिलते ही पुलिस पहुंच गई। उसने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बाद में क्राइम टीम और एफएसएल की टीम घटना स्थल पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी वेद प्रकाश को गिरफ्तार कर घटना स्थल से वारदात में इस्तेमाल दरांती बरामद कर ली है। ओम प्रकाश अपने परिवार के साथ सुंदर नगरी, नंद नगरी में रहते थे। इनके परिवार में दो बेटे किशन पाल और वेद प्रकाश हैं। किशन पाल के यहां एक बेटा निखिल और बेटी ऋषि है।

किशन और वेद प्रकाश का छोटा-मोटा काम है। वेद प्रकाश अविवाहित है। पिता उसकी शादी नहीं करवा रहे थे। इस बात पर वह पिता से झगड़ा करता था। सोमवार सुबह करीब सात बजे वेद प्रकाश की अपने पिता से इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई।

## दिल्ली प्यासी हैः प्यास बुझाने में टैंकर नाकाम



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली : दिल्ली में पानी** की कमी होने से अनेक इलाकों के निवासी खासे परेशान हैं। खास तौर पर पाइप लाइन से नहीं जुड़े इलाकों में पेयजल संकट बना हुआ है। इन इलाकों में टैंकर प्यास बुझाने में नाकाम हो रहे हैं। दरअसल टैंकर आते ही उससे पानी भरने के लिए लोग एकदम टूट पड़ते हैं। इस कारण टैंकर कुछ पल में खाली हो जाता है और सभी लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है। कुछ लोग तो पानी भर भी नहीं पाते हैं। राजधानी में भीषण गर्मी के बीच सबसे अधिक पेयजल संकट का सामना नई दिल्ली स्थित स्लम बस्तियों, पूर्वी दिल्ली की गीता कॉलोनी व उसके आसपास की कॉलोनियों, संगम विहार व उसके साथ बसी कॉलोनियों, ओखला औद्योगिक क्षेत्र आदि इलाकों में गंभीर पेयजल संकट बना हुआ है। इनमें से अधिकतर इलाकों में पाइप लाइन नहीं है। इस कारण दिल्ली जल बोर्ड व एनडीएमसी इन इलाकों में टैंकर से पानी की आपूर्ति कर रहे हैं। गर्मी अधिक होने के कारण पानी की मांग बढ़ने पर उनकी ओर से भेजे जा रहे टैंकर भी कम पड़ रहे हैं। इस कारण प्रभावित लोग टैंकरों के आने का इंतजार करते रहते हैं। संजय कैंप निवासी शंभू बताते हैं कि पूरे दिन में दो-तीन टैंकर आते हैं, जबकि कैंप में बड़ी संख्या में झुग्गी हैं। इस कारण टैंकर आते ही लोग पानी भरने के लिए ऐसे दौड़ते हैं जैसे उन्होंने कभी पानी नहीं देखा है या फिर उनको फिर पानी नहीं मिलेगा।

## परिणाम आने के बाद फिर बजेगा चुनावी बिगुल




**होंगे उपचुनाव**

**दक्षिण दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में भाजपा व आम आदमी पार्टी ने अपने-अपने विधायक को उम्मीदवार बनाया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी में लोकसभा चुनाव का परिणाम आने के बाद फिर जल्द ही चुनावी बिगुल बजेगा। भाजपा व आप के चार विधायक व एक पार्षद चुनावी मैदान में है। दक्षिण दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में भाजपा व आम आदमी पार्टी ने अपने-अपने विधायक को उम्मीदवार बना रखा है। इनमें से एक का जीतना तय है। इसके अलावा अन्य दो विधायकों व पार्षद के जीतने की स्थिति में उन्हें अपने वर्तमान पद से त्यागपत्र देना पड़ेगा। दिल्ली विधानसभा के अगले साल फरवरी-मार्च माह में चुनाव होंगे। इस कारण विधानसभा के कार्यकाल के करीब नौ माह बचे हुए है। ऐसी स्थिति में विधानसभा की सीटें रिक्त होने पर उनका उपचुनाव कराने का मामला चुनाव आयोग पर निर्भर करेगा। हालांकि, हरियाणा में अभी लोकसभा चुनाव के साथ एक विधानसभा की रिक्त सीट पर उपचुनाव कराया गया है, जबकि हरियाणा विधानसभा का कार्यकाल अक्तूबर माह में खत्म हो रहा है। इस तरह दिल्ली में विधानसभा की सीटें रिक्त होने पर उपचुनाव कराने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। वहीं, एमसीडी के चुनाव दिसंबर 2022 में हुए थे। इस कारण एमसीडी के सदन का करीब तीन साल कार्यकाल बचा हुआ है। लिहाजा पार्षद सीट रिक्त होने पर उसका उपचुनाव हर हाल में होगा। इससे पहले एमसीडी के सदन के कार्यकाल के 10 माह बचे होने के बावजूद कई वार्डों का उपचुनाव हो चुका है।

**आप के तीन व भाजपा का एक विधायक हैं मैदान में**

आम आदमी पार्टी ने अपने तीन विधायकों को लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बना रखा है, जबकि भाजपा ने अपने एक विधायक व एक पार्षद को टिकट दे रखा है। दक्षिण दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से आप व भाजपा के विधायक आमने-सामने है। इस क्षेत्र में आप के सहीराम व भाजपा के रामवीर सिंह बिधूड़ी चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा आप ने अपने विधायक सोमनाथ भारती को नई दिल्ली क्षेत्र व कुलदीप कुमार को पूर्वी दिल्ली क्षेत्र से टिकट दिया। भाजपा ने द्वारका वार्ड से अपनी पार्षद कमलजीत सहरावत को पश्चिम दिल्ली क्षेत्र से उम्मीदवार बना रखा है।

इस तरह मंगलवार को मतगणना के बाद इन नेताओं की हार-जीत से विधानसभा की तीन सीटों व एमसीडी की एक सीट रिक्त होने के बारे में स्थिति साफ होगी। इसके अलावा उनके छोटे सदन से बड़े सदन में पहुंचने के मामले में भी तस्वीर स्पष्ट हो जाएगी।

# भाजपा प्रत्याशी एवं सीएम नायब सिंह सैनी 41483 वोटों से हुए विजयी

करनाल विधानसभा का उप चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हुआ संपन्न, उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 41483 वोटों से विजय हुए



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल** विधानसभा का उपचुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया है। इस उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 41483 वोटों से विजय हुए हैं। नायब सिंह सैनी ने अपने प्रतिद्वंद्वी राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी सरदार त्रिलोचन सिंह को हराया है। रिटर्निंग अधिकारी एवं करनाल के एसडीएम अनुभव मेहता ने भाजपा के प्रत्याशी नायब सिंह सैनी को विजयी होने पर प्रमाण पत्र दिया। उन्होंने करनाल विधानसभा उप

**जीत दर्ज की**

**नायब सिंह सैनी ने अपने प्रतिद्वंद्वी राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी सरदार त्रिलोचन सिंह को हराया है**

चुनाव के परिणाम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी ने कुल 94714 मत प्राप्त किए, जबकि उनके प्रतिद्वंदी राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी सरदार त्रिलोचन सिंह को कुल 53231 वोट मिले। उन्होंने बताया कि जननायक जनता पार्टी के प्रत्याशी राजिंद्र तीसरे स्थान पर रहे और उनको 1072 वोट मिले। इसी प्रकार राष्ट्रीय गरीब दल के प्रत्याशी तिलक राज सिंगला को 331, निर्दलीय प्रत्याशी इंजीनियर सुरेश कुमार को 296, पिपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के प्रत्याशी सुरेश कुमार को 279, राष्ट्रीय मजदूर एकता पार्टी के प्रत्याशी रोहताश को 252, निर्दलीय प्रत्याशी राजेंद्र आर्य दादुपुर को 212 तथा निर्दलीय प्रत्याशी शमशेर सिंह नैन को 143 वोट मिले। इसी प्रकार नोटा में 1106 वोट पड़े।

## जनता व कार्यकर्ताओं का जताया आभार



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल विधानसभा** उप चुनाव के भाजपा प्रत्याशी एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उप चुनाव में विजयी होने पर करनाल की जनता व पार्टी कार्यकताओं का दिल की गहराइयों से धन्यवाद व्यक्त किया और इस जीत की शुभकामनाएं दी। मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि करनाल विधानसभा के उप चुनाव में यह इतनी बड़ी जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश की जनता की पूरी ईमानदारी से सेवा करने तथा प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रधानमंत्री के नक्शेकदम पर चलते हुए प्रदेश की जनता की कत्तव्यनिष्ठा एवं ईमानदारी से जो सेवा की है, ये उसी का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित राष्ट्र बनेगा और वह देश की सेवा इसी प्रकार से करते रहेंगे। प्रधानमंत्री की अगुवाई में विकास का यह क्रम जारी रहेगा और हरियाणा प्रदेश में भी विकास के नए आयाम बनाते हुए नई मंजिलों तक लेकर जाएंगे। हर वर्ग की भलाई के लिए प्रदेश सरकार कार्य करेगी। भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री को जीत की दी बधाई, करवाया मुंह मीठा इस मौके पर पूर्व मीडिया कोऑर्डिनेटर जगमोहन आनंद, पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता, भाजपा के कोषाध्यक्ष बृज गुप्ता, जिला परिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा, भाजपा नेता यशपाल ठाकुर, ईलम सिंह, मंजू खैंच, मदन गुर्जर पुंडरक, भाजपा मीडिया प्रमुख डॉ. अशोक कुमार, राजेश अग्गी, मित्तू सैनी, सोनिया पंडित, हरपाल कलामपुरा सहित काफी संख्या में पार्टी कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को जीत की बधाई और शुभकामनाएं दी और उनका मुंह मीठा करवाया।

# धूमधाम से निकाला खाटू श्याम निशान एवं कलश यात्रा

**बाबा के दर पर**

**शहर में खाटू श्याम निशान एवं कलश यात्रा बैंड बाजो के साथ धूमधाम से निकाली**





**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** शहर में खाटू श्याम निशान एवं कलश यात्रा बैंड बाजो के साथ धूमधाम से निकाली। हजारों की संख्या में महिलाये हाथ में बाबा का निशान एवम सिर पर कलश लेकर चल रही थी। यात्रा का शुभारंभ पूर्व मंत्री कविता जैन एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने किया और पूरी यात्रा में साथ रहे।

मिशन रोड जैन मंदिर के प्रांगण से शुरू हुई यात्रा में महिलाएं बाबा श्याम के भजनों पर नाचते गाते हुए चल रही थी और बाजारों में सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं ने पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया। यात्रा का आयोजन खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट द्वारा द्वितीय श्याम जन्मोत्सव के रूप में किया गया था। यात्रा का समापन सोनीपत धाम में बाबा खाटू श्याम की भव्य आरती के साथ हुआ। ट्रस्ट के प्रबंधक राजीव गोयल, राकेश मित्तल, अनुज मंगला, संजीव दहिया ने बाबा श्याम जी के रथ पर सवार होकर प्रसाद वितरित किया।

इस अवसर पर नई अनाज मंडी में बाबा के भव्य कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें देर रात तक श्रद्धालु सरदार हरमिंदर सिंह (रोनी), रजनी राजस्थानी, विभा मिश्रा, ट्विंकल शर्मा, अंकुर सावरा तथा संदीप तायल के भजनों पर झूमते रहे। श्याम सेवक परिवार द्वारा भंडारे का वितरण किया गया तथा खाटू श्याम मित्र मंडल, श्याम सालासर गंगा धाम बस यात्रा ग्रुप एवं शहर की अन्य सामाजिक संस्थाओं भी कार्यक्रम में शामिल रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में धर्मवीर शर्मा, परविंदर वर्मा, सतीश साहनी, नरेश गोयल, आनंद शर्मा, मदन वर्मा, आशीष जैन, मोहित गोयल, अभी दहिया, आनंद जैन, प्रेम रोहिल्ला, सुमित मित्तल, पोकी मित्तल आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### 20 वर्ष बाद हिसार के रण में जयप्रकाश की फिर हुई वापसी

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार: इंडिया गठबंधन** के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव जीतने वाले कांग्रेस के जयप्रकाश ने 20 साल बाद हिसार के सांसद के तौर पर राजनीतिक वापसी की है। जयप्रकाश यहां से वर्ष 2004 में अंतिम बार सांसद बने और उसके बाद लोकसभा का मुंह नहीं देख पाए। अब मंगलवार को हुई मतगणना में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के तौर पर जयप्रकाश ने जीत हासिल की है। हालांकि मतगणना शुरू होने के साथ ही जयप्रकाश राउंडवाइज आगे रहे लेकिन वे अपनी जीत के प्रति आश्वस्त दिखाई दे रहे थे। उनका मानना था कि आंदोलनरत संगठन व सत्ता विरोधी लहर उन्हें लोकसभा में अवश्य पहुंचाएगी और उनका अनुमान ठीक साबित हुआ। इसके लिए वे लगातार मेहनत कर रहे थे। जयप्रकाश ने टिकट मिलने के साथ ही सत्ता विरोधी लहर व आंदोलनकारी संगठनों के गुस्से को भांपा और अपना चुनाव प्रचार शहरों की बजाय ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा केन्द्रित रखा। शहरी क्षेत्रों में भाजपा को उम्मीद के मुताबिक वोट नहीं मिले और ग्रामीण क्षेत्रों में पहले ही विरोध था। यही वजह रही कि 20 वर्ष के सूखे को समाप्त करते हुए कांग्रेस की ओर से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जयप्रकाश ने हिसार के रण में शानदार वापसी की है।

### चुनाव परि[illegible]म की अपडेट के लिए दिनभर टीवी व मोबाइल से चिपके रहे लोग

**टीम एक्शन इंडिया**

**झज्जर:** लोकसभा चुनाव परिणाम की पल-पल की अपडेट जानने के लिए लोग दिनभर टीवी और मोबाइल फोन से चिपके रहे। मंगलवार को सुबह बैलेट पेपर से लेकर ईवीएम तक में मतों की गणना के बारे में लोग जानकारी लेते रहे। हालांकि सबसे ज्यादा ध्यान, हरियाणा के चुनाव परिणाम पर रहा, मगर जिले से सटे दिल्ली में भी खास रुचि रही। टेलीविजन पर सुबह आठ बजे से ही शुरू हुई मतगणना को लेकर चर्चा-परिचर्चा शुरू हो गई थी। इसी के साथ जगह-जगह चुनाव परिणामों की जानकारी दी जाने लगी थी। कौन प्रत्याशी आगे चल रहा है और कौन पीछे, इसके बारे में जानकारी के लिए लोग टेलीविजन पर निगाह लगाए रहे। किस पार्टी को कितनी सीटें मिलती दिख रही हैं, उस पर भी लोगों का ध्यान केंद्रित रहा। स्थिति यह रही कि भाजपा व कांग्रेस के समर्थकों में चुनाव परिणाम को देखकर खुशी रही तो अन्य दलों के लोगों को काफी निराशा रही। चाय-पान की दुकानों में भी चुनाव परिणाम को लेकर लोग चर्चा में मशगूल रहे। गांव से शहर तक लोग टीवी और मोबाइल फोन पर लाइव समाचार देखते हुए दिखे। बहुत स्थानों पर सुबह से ही टोलियां जम गई थीं।

### युवाओं के हकों की लड़ाई जारी रखेगी भाजपा : भव्य बिश्नोई

**टीम एक्शन इंडिया**

हिसार: विधायक एवं भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी भव्य बिश्नोई ने कहा है कि अंत्योदय के भाव से समाज के गरीब, वंचित और कमजोर लोगों के एवं प्रदेश के युवाओं के हकों की लड़ाई को भाजपा व युवा मोर्चा और भी मजबूती से जारी रखेगी। भव्य बिश्नोई मंगलवार को आदमपुर हलके के आधा दर्जन गांवों में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करने के दौरान लोगों से बातचीत कर रहे थे।

# सिरसा की जनता की सदैव ऋणी रहूंगी: कुमारी सैलजा



**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरसा: अखिल भारतीय कांग्रेस क**मेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रभारी एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की उम्मीदवार कुमारी सैलजा ने प्रचंड जीत पर मतदाताओं का धन्यवाद करते हुए कहा है कि वे सदैव जनता की सदैव ऋणी रहेंगी। उनका लक्ष्य क्षेत्र को विकास, शिक्षा, चिकित्सा व बुनयादी सुविधाएं उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने मीडिया को जारी बयान में कहा है कि लोकतंत्र में मतदाता सबसे बड़ी ताकत होती है, सिरसा लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने उन्हें स्नेह, सहयोग, समर्थन रूपी आशीर्वाद से नवाजा है। वे इस प्यार व स्नेह का ऋण कभी उतार नहीं सकती। उन्होंने कहा कि उनकी जीत भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनाक्रोश का परिणाम है। मोदी ने जनता से जो झूठे वायदे किए। जनता ने झूठे वादे करने वालों को आइना दिखाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सिरसा मेरा अपना घर है, यहां की जनता के आशीर्वाद से उनके पिता चौ. दलबीर सिंह चार बार सांसद रहे और दो बार सिरसा की जनता ने उन्हें सांसद बनने का मौका दिया है, तीसरी बार अपार प्यार और आशीर्वाद देने के लिए मैं उनका आभार व्यक्त करती है।

## हारे हुए हिम्मत न हारे, जीते हुए लड्डू खिलाये - जयहिंद

**टीम एक्शन इंडिया**

**रोहतकः जयहिंद सेना प्रमुख** डॉ नवीन जयहिंद ने लोकसभा चुनाव के नतीजो पर जारी बयान में कहा कि जनता जनार्दन का फैसले को सभी उम्मीदवार स्वीकार करें` हारे हुए उम्मीदवार मन से न हारे जनता के लिए संघर्ष करें और जीते हुए उम्मीदवार जनता की आवाज को संसद में लेकर जाए` ये एक जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने क्षेत्र की जनता के दुःख -सुख में साथ खड़ा हो` उनके हर हक को संसद तक लेकर जाए और समस्याओं का समाधान करने के लिए उसी जनता के बीच रहे` हारे हुए उम्मीदवारों की जिम्मेदारी बनती है वे अपनी जनता की समस्याओ को उठाये र उनके साथ खड़ा हो। नवीन जयहिंद ने वही दिल्ली , हरियाणा और पंजाब में फिसड्डी रही।

## जजपा को भाजपा से गठबंधन करना जनता को रास नहीं आया



**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** हिसार लोकसभा क्षेत्र में चुनाव नतीजों ने साबित कर दिया है कि सत्ता विरोधी लहर की कीमत जहां भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह ने चुकाई, वहीं भाजपा की गोद में बैठना दुष्यंत चौटाला को भारी पड़ गया। यही कारण रहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करने वाले दुष्यंत चौटाला की माता इस बार जमानत भी नहीं बचा पाई। जजपा को भाजपा से गठबंधन करना जनता को रास नहीं आया। वर्ष 2019 के चुनाव में दुष्यंत चौटाला ने हिसार लोकसभा क्षेत्र से जजपा उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ते हुए 2 लाख 89 हजार 221 वोट प्राप्त किए थे लेकिन वे इस चुनाव में भाजपा उम्मीदवार बृजेन्द्र सिंह से हार गए थे। बृजेन्द्र सिंह को इस चुनाव में छह लाख 3 हजार 289 वोट मिले थे जबकि कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर भव्य बिश्नोई को एक लाख 84 हजार 369 वोट प्राप्त हुए थे। पिछले चुनाव में भाजपा के बृजेन्द्र सिंह से हार के बावजूद दुष्यंत चौटाला का प्रदर्शन शानदार रहा लेकिन लोकसभा के कुछ समय बाद हुए विधानसभा चुनाव में दुष्यंत चौटाला की पार्टी 10 विधायकों के सहारे भाजपा की गोद में जाकर बैठ गई। दुष्यंत का भाजपा की गोद में जाना था कि उन्हें वोट देने वाले हलकों में तीव्र प्रतिक्रिया हुई क्योंकि विधानसभा चुनाव में दुष्यंत चौटाला

**जमानत जब्त**

**शानदार प्रदर्शन करने वाले दुष्यंत चौटाला की माता इस बार जमानत भी नहीं बचा पाई**

ने भाजपा को जमना पार भेजने की बात कहकर वोट मांगे थे। वोट पड़े, परिणाम आए और दुष्यंत चौटाला सत्ता में भागीदार हो गए, जिसका जमकर विरोध हुआ। बाद में चले किसान आंदोलन, किसानों पर लाठियां चलने, कर्मचारी, आंगनवाड़ी व आशा वर्करों सहित हर आंदोलन के समय दुष्यंत चौटाला आंखें मूंदे सरकार में उप मुख्यमंत्री बने बैठे रहे जिसका नतीजा इस बार के लोकसभा चुनाव में देखने को मिल गया है। बातचीत के दौरान भी किसान व आंदोलनकारी संगठन अपने उपर हो रहे अत्याचारों के लिए भाजपा से ज्यादा जजपा को जिम्मेवार मान रहे थे, क्योंकि जजपा के सहारे ही भाजपा सरकार चल रही थी। इसके बावजूद कभी न तो दुष्यंत चौटाला ने मुंह खोला और न ही आंदोलनकारियों से बातचीत का प्रयास किया। यही कारण रहा कि पिछले चुनाव में शानदार प्रदर्शन करने वाली जजपा इस बार लगभग 22 हजार कुल वोट ही प्राप्त कर पाई है।

# लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद बाहर आ सकती है भाजपा की अंदरूनी कलह

**टीम एक्शन इंडिया**

चंडीगढ़: लोकसभा चुनाव परिणामों के बाद हरियाणा में भाजपा की अंदरूनी कलह सामने आ सकती है।पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और हरियाणा में लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक सुभाष बराला ने पार्टी नेतृत्व को भीतरघात करने वाले नेताओ के बारे में जानकारी दी है। लोकसभा चुनाव परिणाम आने से ठीक एक दिन पहले सोमवार को हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक व राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला नई दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के घर पर हुई बैठक में शामिल हुए। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई नेता मौजूद रहे। बैठक के दौरान नड्डा व शाह ने अलग से बैठक कर मनोहर लाल और बराला से संभावित परिणामों का फीडबैक लिया।एग्जिट पोल में हरियाणा में भाजपा को तीन से चार सीटों का नुकसान बताया जा रहा था। लगभग सभी एग्जिट पोल के सर्वे में भाजपा का प्रदर्शन पिछले चुनाव के मुकाबले खराब बताया गया । राज्य में कुछ ही महीने के बाद विधानसभा चुनाव होने हैं। परिणाम विपरीत आने का असर विधानसभा चुनाव में पड़ना तय है। ऐसे में लोकसभा का यह परिणाम हरियाणा के लिए काफी मायने रखते हैं। शीर्ष नेतृत्व ने दोनों ही नेताओं से चुनाव प्रचार के बाद पड़े असर और कम मतदान के कारणों की भी चर्चा की ।

हालांकि मनोहर लाल व बराला ने एग्जिट पोल के विपरीत परिणाम आने की बात कही थी।

भाजपा लोकसभा चुनाव शुरू होने से पहले ही हरियाणा में दस की दस सीट जीतने का दावा करती आई है। बैठक के दौरान उन्होंने भितरघात करने वाले पार्टी के नेताओं पर भी चर्चा की। ऐसे में चुनाव के दौरान पार्टी की खिलाफत करने वालों के खिलाफ जल्द कार्रवाई हो सकती है। बैठक में कम मतदान के कारणों पर भी चर्चा की गई।

# गुरुग्राम: 2019 के लोकसभा चुनाव में 386256 वोटों से जीते थे राव इंद्रजीत सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्रामः** 2019 में हुए 17वीं लोकसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याश्याी राव इंद्रजीत सिह ने जीत का बड़ा फासला रखा था। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी कैप्टन अजय यादव को 3,86,256 वोटों से हराया था। इस बार 2024 में पिछली जीत से अधिक अंतर का राव इंद्रजीत सिंह ने दावा किया था। 2019 के चुनाव में राव इंद्रजीत सिंह ने 8,81,546 वोट हासिल किए थे। उनके सामने चुनाव लड़ रहे कांग्रेस प्रत्याशी अजय यादव को 4,95,290 वोट मिले थे। अब 2024 के चुनाव की बात करें तो स्टार प्रचारकों को छोडकर राव

**टक्कर**

**2024 के चुनाव में जीत का अधिक अंतर करने का था दावा, भाजपा-इंडिया गठबंधन के बीच कांटे का रहा**

इंद्रजीत सिंह के लिए भारतीय जनता पार्टी के स्तर पर कुछ खास सहयोग नहीं मिला। उन्होंने अपने समर्थकों के दम पर ही पूरे लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया। संगठन तो बैठकों में अधिक व्यस्त रहा। राव इंद्रजीत सिंह ने जब अपना चुनाव कार्यालय शुरू किया था, तब भी संगठन से जिला अध्यक्ष कमल यादव व कुछ गिनती के नेता ही उनके साथ नजर आए थे। पार्टी सूत्रों के अनुसार राव इंद्रजीत सिंह ने अपने समर्थक निवर्तमान पार्षद अश्वनी शर्मा की कोठी में चुनाव कार्यालय खोला। अश्वनी शर्मा भारतीय जनता पार्टी की खिलाफत में रहे हैं। इसलिए संगठन ने उनके सेक्टर-15 पार्ट-1 में बनाए गए चुनाव कार्यालय में जाने से परहेज किया। वहां पर सिर्फ और सिर्फ राव इंद्रजीत सिंह का निजी स्टाफ ही चुनाव की कमान संभाले रहा। बीच-बीच में भीतरघात की भी बातें आती रहीं, जिन पर राव इंद्रजीत सिंह ने अधिक ध्यान ना देकर अपने चुनाव प्रचार पर फोकस रखा।

# फतेहाबाद जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों फतेहाबाद, रतिया व टोहाना में जीती कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबादः** लोकसभा आम चुनाव 2024 के मतों की गिनती चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में बनाए गए मतगणना केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई। जिला प्रशासन ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विधानसभा क्षेत्र अनुसार ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किए हुए थे। मतगणना पर्यवेक्षक अमित कुमार व उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल और विभिन्न राजनीतिक दलों के चुनाव एजेंटों की मौजूदगी में तीनों विधानसभा क्षेत्रों क्रमशः टोहाना, फतेहाबाद व रतिया के स्ट्रॉंग रूम को खोला गया। मतगणना सुबह 8 बजे शुरू हुई। फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र के एआरओ राजेश




कुमार, रतिया के लिए जगदीश चंद्र व टोहाना के एआरओ प्रतीक हुड्डा की देखरेख में शांतिपूर्ण तरीके से मतगणना हुई। टोहाना विधानसभा क्षेत्र में कुल 166202 मतों की गणना की गई, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अशोक तंवर को 53161, जननायक जनता पार्टी के उम्मीदवार रमेश खटक को 915, बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार को लीलू राम को 3269, इंडियन नेशनल लोकदल के उम्मीदवार संदीप लोट वाल्मीकि को 3522 तथा इंडियन नेशनल कांग्रेस की उम्मीदवार को कुमारी सैलजा को 101572 मत मिले। इंडियन नेशनल कांग्रेस की उम्मीदवार कुमारी सैलजा ने अपने निकटतम प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अशोक तंवर को 48411 मतों से हराया। फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र में 178196 मतों की गिनती की गई, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अशोक तंवर को 72878, जननायक जनता पार्टी के उम्मीदवार रमेश खटक को 1559,

**जीत दर्ज की**

**कुमारी सैलजा ने अपने निकटतम प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार तंवर को 36332 मतों से हराया**

बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार को लीलू राम को 1136, इंडियन नेशनल लोकदल के उम्मीदवार संदीप लोट वाल्मीकि को 3637 तथा इंडियन नेशनल कांग्रेस की उम्मीदवार को कुमारी सैलजा को 95519 मत मिले। इंडियन नेशनल कांग्रेस की उम्मीदवार कुमारी सैलजा ने अपने निकटतम प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अशोक तंवर को 22641 मतों से हराया।

इसी प्रकार से रतिया विधानसभा क्षेत्र में कुल 160797 मतों की गिनती की गई। इंडियन नेशनल कांग्रेस की उम्मीदवार कुमारी सैलजा ने अपने निकटतम प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अशोक तंवर को 36332 मतों से हराया।

## न्यूज़ फ्लैश

### चोरी की मोटरसाइकिल को पुलिस ने किया बरामद

**सोनीपत**
**बहालगढ़ थाना पुलिस ने** मोटरसाइकिल चोरी करने की वारदात में शामिल तीन आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नरेश निवासी विशाल नगर, पंकज निवासी गढ़ी घसीटा व प्रवीन निवासी किलोहड़द का है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।
बिहार हाल में किराएदार बहालगढ़ निवासी आकाश ने 21 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताय कि उसने अपनी गली में घर के बाहर दो-पहिया वाहन को खड़ा किया था। किसी ने उसकी बाइक को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में सिपाही मुकेश की टीम ने तीन आरोपितो को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के पास से चोरी किए दो-पहिया वाहन को बरामद किया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### मुरथल विवि की सुपरवाइजर के गले से सोने की चेन झपटी

**सोनीपत**
**सेक्टर-27 शहर थाना** क्षेत्र में मुरथल विवि की सुपरवाइजर के गले से सोने की चेन झपटने का मामला सामने आया है। महिला ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर बाइक सवार दो युवकों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बदमाशों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। श्री नगर कॉलोनी निवासी सुमन ने बताया कि वह मुरथल विवि में सुपरवाइजर की नौकरी करती है। वह गत 1 जून को देर शाम करीब 7 बजे सैर के लिए सेक्टर-12 के आउटर के सर्विस रोड पर सैर कर रही थी। उसके पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए। उसके गले से सोने की चेन झपटकर फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में बाइक सवार दो युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई देवेंद्र ने बताया कि युवकों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। ताकि कोईं सुराग हाथ लग सके।

### साइबर ठगी : झांसे में लेकर खाते में डलवा लिए 3.98 लाख रुपये

**सोनीपत**
**सिविल लाइन थाना** क्षेत्र में झांसे में लेकर लाखों रुपये की राशि अलग-अलग खातों में डलवाने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस साइबर सेल की मदद ले रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। मोहल्ला कोट निवासी जितेंद्र कुमार ने बताया कि गत 16 अप्रैल से लेकर 29 अप्रैल तक अलग-अलग खातों में उससे लाखों रुपये की राशि को ट्रांसफर्र करवा लिया। ठग ने उससे कुल तीन लाख 98216 रुपये ठग लिए। जब उसे ठगी का पता लगा तो मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई बिजेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। साइबर सेल की मदद ली जा रही है। जल्द से जल्द ठगों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# गुरुओं के आशीर्वाद के कारण मुझे विजय मिली : नायब सिंह सैनी

## मुख्यमंत्री ने जीत के बाद डेरा कारसेवा में टेका मत्था

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।करनाल** विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जीत के बाद गुरुओं का आशीर्वाद लेने के लिए डेरा कारसेवा गुरुद्वारा पहुंचे। वहां पर उन्होंने श्री गुरुग्रंथ साहिब के आगे मत्था टेका। उन्हें पहले जीत का आशीर्वाद गुरु घरों से मिला था। मुख्यमंत्री के साथ उनकी पत्नी सुमन सैनी, मेयर रेनू बाला गुप्ता, जिलाध्यक्ष योगिंदर राणा, जगमोहन आनंद और संजय बठला थे। उनको डेरा कारसेवा के प्रमुख बाबा सुक्खा सिंह ने आशीर्वाद दिया। उसके बाद उन्हें सिरोपा पहनाकर कर डेरा कार सेवा गुरुपर्व कमेटी के प्रधान वरिंदर सिंह, महासचिव इंद्रपाल सिंह, एचएसजीपीसी के सह सचिव गुलाब सिंह, गुरुसेवक सिंह, जसविंदर सिंह ने सिरोपा भेंटकर सम्मानित किया। सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि उनकी जीत के पीछे गुरुओं का आशीर्वाद रहा है। उन्होंने कहा कि करनाल की जनता ने उन्हें भरपूर प्यार दिया है। इसके लिए वह उनको नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि वह करनाल की जनता के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे।



## कंरट लगने से घायल कौशल रोजगार कर्मी की उपचार के दौरान मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर: राजलू गढी गांव के** पास बिजली ठीक करने के लिए पोल पर चढ़ा कर्मचारी करंट लगने से गंभीर रूप से घायल कौशल रोजगार निगम के कर्मचारी ने दिल्ली के मैक्स अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। वहीं मृतक कृष्ण के परिजनों ने बिजली विभाग के अन्य अधिकारियों पर चलती लाइन में बिजली ठीक करवाने का आरोप लगाते हुए पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव समालखा निवासी मृतक कृष्ण के भतीजे संदीप ने बताया कि मेरा चाचा कृष्ण उम्र 52 साल करीब 15 साल से बिजली विभाग मे काम कर रहे थे। बिजली विभाग के जेई, फोरमैन व अन्य कर्मचारियों ने चलती लाईन पर काम करवा कर बिना परमिट लिए लापरवाही का परिचय दिया है। शिकायत में पुलिस से मांग की कि उक्त लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस के एएसआई प्रदीप ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। सोमवार को मृतक कृष्ण को बिजली का करंट लगने के कारण अस्पताल में दाखिल करवाया गया था। मंगलवार को पुलिस ने सूचना के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। वहीं इस मामले में जब बिजली विभाग के एसडीओ से सर्म्पक करना चाहा तो उनसे सर्म्पक नही हो सका।

## बहुत हो गया प्रकृति से छेड़छाड़ अब और नहीं अब और नहीं : डॉ.अशोक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, कमाल हुसैन**
**अभी मई और जून माह में** सभी समाचार पत्रों और सोशल मीडिया पर बढ़ रहे तापमान का ही वर्णन मिल रहा था। लोग गर्मी के कारण बेहाल हो गए तो पशु और पक्षियों के जीवन पर बन आई थी। मनुष्य न केवल नैतिक मूल्य भूल रहा है अपितु पर्यावरण के साथ भी खिलवाड़ करने से नहीं चूक रहा। यह बात हरियाणा पुलिस में सेवारत, 20 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण पर कार्य करते हुए साइकिल का प्रयोग करने वाले डॉ.अशोक कुमार वर्मा ने कही। वह 17500 से अधिक पौधे लगा चुके हैं , हरियाणा में 4 बार साइकिल यात्राएं निकाल चुके हैं तथा नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं। मनुष्य विशेष रूप से आज का युवा एक ही रात में संसार की हर वस्तु प्राप्त करने को आतुर है। भगवान ने अच्छा किया कि मनुष्य के पंख नहीं लगाए। यदि ऐसा होता तो वो आकाश को भी पृथ्वी की भांति प्रयोग में लाता। उन्होंने कहा कि आज चाहे छोटा बच्चा हो, युवा हो या बुजुर्ग उन्हें आप ईंधन चलित वाहन का प्रयोग करते पाएंगे। य लगभग 40 वर्ष पूर्व सभी घरों में कई कई साइकिलें होती थी। जिस पर वे सवार होकर अपना कार्य करते थे। इससे हमारे पूर्वज कभी अधिक बीमार नहीं होते थे। अब सडकों पर दिन प्रतिदिन वाहनों का बढ़ता बोझ न केवल सडक व्यवस्था को प्रभावित करता है। अपितु पर्यावरण को प्रदूषित करने में भी इसकी मुख्य भूमिका है।

यदि हम चाहते हैं कि बेमौसमी बारिश से फसलों की रक्षा हो तो पर्यावरण संरक्षण की ओर बढकर अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाए। परंपरागत खेती को अपनाएं। ईंधन के द्वारा संचालित संसाधनों पर नियंत्रण किया जाए। पहाड़ पर अनावश्यक छेडछाड़ न हो।

## कांग्रेस की जीत की खुशी में पटाखे छोड़कर जश्न मनाया

### कांग्रेस नेता राजेश पहलवान पुरखासियां ने कहा कि जनता ने भाजपा को दिया जवाब

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर: लोकसभा चुनाव में** कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रहमचारी की जीत के बाद गन्नौर में कांग्रेस कार्यकताओं ने जश्न मनाया। कांग्रेस नेता राजेश पहलवान पुरखासियां के नगरपालिका रोड स्थित कार्यालय में समर्थकों ने लड्डू आटकर व बम- पटाखें छोड़कर खुशी मनाई। राजेश पहलवान पुरखासियां ने कहा कि सोनीपत लोकसभा क्षेत्र की जनता के अलावा देश की जनता ने दिखा दिया है कि जनता भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली से परेशान थी। उन्होंने ईवीएम में कांग्रेस का बटन दबाकर दिखा दिया है कि जनता भाजपा से परेशान थी। जनता ने अपना वोट देकर कांग्रेस को मजबूत करने का काम किया है। पदाधिकारियों ने सोनिया गांधी,




राहलु गांधी, राजेश पहलवान आदि नेताओं के जिंदाबाद के नारे लगाए। इस मौके पर सरपंच एसोसिएशन गन्नौर के प्रधान बहादुर सरपंच, सुरेन्द्र गुलिया, किसान नेता जयभगवान मलिक, जयबीर नम्बरदार, सुरेन्द्र काला अटायल, कृष्ण राठी, महाबीर गुलिया, बिजेन्द्र पहल, नरेश, संदीप रंगा, जयबीर खत्री, अमित खत्री के अलावा काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

## राई हलके की जनता ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए कांग्रेस को जीत दिलवाई

### कांग्रेस नेता बिजेन्द्र आंतिल के कार्यालय में ढोल बजाकर व लड्डू बाटकर खुशी मनाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।**
**कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल** ब्रहमचारी की जीत का राई हलके में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बिजेन्द्र आंतिल ने कार्यालय में ढोल बजाकर व लड्डू बाटकर कार्यकर्ताओं के साथ खुशी मनाई। कार्यकर्ताओं का उनके नेतृत्व में उत्साह देखते ही बनता था। आंतिल ने कहा कि देश व प्रदेश की जनता बदलाव चाहती थी। प्रदेश में कांग्रेस की इतनी संख्या में सीट आने पर साबित हो गया है कि प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में विधानसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की लहर चलेगी। परिणामों ने साबित कर दिया है कि प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार आएगी। प्रदेश की जनता राई हलके में कांग्रेस को भारी संख्या में वोट मिलने पर कांग्रेस नेता बिजेन्द्र आंतिल ने राई हलके की जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रहमचारी को सोनीपत लोकसभा क्षेत्र की जनता ने जो उम्मीद लगाकर वोट दिया है, वे उन पर खरा उतरेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा भी प्रदेश के विकास में न तो कोई कसर पहले छोड़ी न आगे छोड़ेगे। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा, दीपेन्द्र हुड्डा व बिजेन्द्र आंतिल के जिंदाबाद के नारे लगाए। कांग्रेस नेता बिजेन्द्र आंतिल ने कहा कि राई हलके की जनता ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा की उम्मीदों पर खरा उतरी है। जनता ने पहले ही दिखा दिया था कि सोनीपत के साथ प्रदेश में कांग्रेस की लहर है। जनता ने देश व प्रदेश के एगजिट पोल पर कोई भरोसा नही किया और अपनी उम्मीद के हिसाब से परिणाम मिलने पर आज खुशी जताई है।




## तसव्वर की हत्या मामले में आठवां आरोपी गिरफ्तार



**पानीपत/कमाल हुसैन** सीआईए टू पुलिस टीम ने अधमी गांव निवासी तसव्वर 26 की पीटकर व चाकू से गोदकर हत्या मामले में फरार चल रहे आठवें आरोपी सतीश निवासी बापौली को सोमवार देर शाम सेक्टर 11/12 से गिरफ्तार किया। सीआईए टू कार्यकारी प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पूछताछ में आरोपी सतीश ने मामले में पहले पकड़े जा चुके अपने साथी आरोपी वीरेंद्र, साहिल व अजीत निवासी गढ़ी नवाब, सुनील उर्फ लाखा, कृष्ण उर्फ मनीष, अनिल व विकाश निवासी अधमी के साथ मिलकर हत्या की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। गहनता से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने मंगलवार को आरोपी सतीश को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया। मामले में पहले पकड़े जा चुके आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू, रॉड व डंडें बरामद कर सातों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा चुका है।

**यह है मामला**
थाना बापौली में अधमी गांव निवासी सरवर पुत्र नाजिम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 30 सितम्बर 2023 की रात वह घर पर सो रहा था। तभी गांव निवासी सन्नी ने उसे उठाकर बताया की तेरे भाई तसव्वर के साथ अनाज मंडी के बाहर जेसीबी दफ्तर वाले सतीश के साथ झगड़ा हुआ है।

## श्री घण्टाकर्ण मासिक श्रद्धालु संगम आज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। इन्द्री रोड़** स्थित मनोकामनापूरक संकटमोचक श्री घण्टाकर्ण महावीर देवस्थान पर प्रत्येक महीने के कृपा दिवस कृष्ण चौदस पर हर बार की भांति मासिक श्रद्धालु संगम का विशेष भक्तिमय आयोजन 5 जून को शान्तमूर्ति महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज एवं महासाध्वी श्री जागृति जी महाराजड़ की पावन नेश्राय में उत्साह एवं भक्तिपूर्वक आयोजित किया जा रहा है। श्री घंटाकर्ण जी जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के


**संगम**
**सैकड़ों श्रद्धालु देव कृपा से अपने मनोरथों की पूर्ति हेतु आशीर्वाद लेने के लिए उपस्थित होंगे**

शासनरक्षक देव एवं तन्त्र-मन्त्र-यन्त्र की साधना को सफल करने वाले अलौकिक शक्ति सम्पन्न देव हैं। देवस्थान दर्शनार्थ सुबह 6 बजे से शाम 7 बजे तक खुला रहेगा। प्रातःकालीन आरती सुबह 7 बजे होगी तथा सांयकालीन 6.45 बजे होगी। कार्यक्रम के उपरांत महाआरती होगी। इस महाआरती एवं सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रीतिभोज का लाभ दीपक गोयल-नेहा जैन (श्री श्याम बाबा ट्रेडिंग कंपनी करनाल) द्वारा लिया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में बृहत श्री घण्टाकर्ण स्तोत्र सुनाया जाएगा। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु देव कृपा से अपने मनोरथों की पूर्ति हेतु आशीर्वाद लेने के लिए उपस्थित होंगे। मंदिर प्रबंधन ने कृपा-प्राप्ति के इच्छुक सभी भक्तजनों से इस मौके पर पहुंचकर लाभ उठाने का विशेष आग्रह किया है।

## अग्नि तपस्या के समापन पर होगा पूजन एवं अनुष्ठान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : धर्मनगरी के** जग ज्योति दरबार में महंत राजेंद्र पुरी द्वारा सनातन के लिए की जा रही अखंड पंच धूणी कठोर अग्नि तपस्या का समापन 5 जून को होगा। मंगलवार को भी महंत राजेंद्र पुरी की तपस्या के दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। उन्होंने कहा कि भारत देश को ऋषि मुनियों की धरती कहा जाता है। सदियों से ही ऋषि-मुनियों ने त्याग तपस्या कर इस देश में खुशहाली की कामना की है। वह भी इसी कामना से करीब दो दशक से ज्येष्ठ महीने की गर्मी में जनकल्याण एवं विश्व शांति के लिए पंच धूणी कठोर अग्नि तपस्या आ रहे हैं। महंत राजेंद्र पुरी ने बताया कि इस वर्ष उन्होंने अग्नि तपस्या प्रारम्भ होने से पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं कुरुक्षेत्र से नवीन जिंदल की विजय की कामना करते हुए तपस्या में पूजा की थी।

उनका प्रण था कि नरेंद्र मोदी एवं नवीन जिंदल की विजय के साथ ही तपस्या का समापन करेंगे। उन्होंने बताया कि 5 जून को पूजा एवं अनुष्ठान के साथ समापन होगा। उन्होंने नवीन जिंदल को शुभकामनायें भी प्रेषित की। महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि देश में अनेकों ऐसे संत महापुरुष हुए हैं जिन्होंने अपनी तपस्या और बलिदान से भारत वर्ष की धरा को पावन पवित्र किया है। इसी लिए भारत को महात्माओं की तपोभूमि माना गया है। महंत राजेंद्र पुरी ने बताया कि संत का जीवन हमेशा परमार्थ के लिए रहता है। संत जो भी करता है वह परमार्थ के लिए करता है।



## कामकाजी महिलाओं व महिला श्रमिकों को किया जागरूक

### हतों की रक्षा के लिए बनाए गए कानून, कार्यस्थल पर महिलाओं संग उत्पीडन के बारे विस्तार से बताया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। पुलिस अधीक्षक** दीपक सहारन के निदेशानुसार जिला पुलिस की काउंसलिंग सेल इन्चार्ज महिला निरीक्षक राजेश लता द्वारा प्रभात फर्टिलाईजर इन्द्री रोड़ करनाल में महिला श्रमिकों और रेलवे रोड़ करनाल पर लिबर्टी फुटवीयर व जी लैब जीटी रोड़ करनाल में कामकाजी महिलाओं को उनके अधिकारों व महिलाओं के हित के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में बताकर जागरूक किया गया। उन्होंने महिलाओं को बताया कि संविधान के अनुसार महिलाओं को भी बहुत से अधिकार दिए गए हैं जैसे, सार्वजनिक पद धारण करने की आजादी, कानूनी कारोबार में प्रवेश करने की आजादी, मत देने की आजादी, काम करने की आजादी, समान वेतन की प्राप्ति और शिक्षा प्राप्त करने आदि का अधिकार। उन्होंने कहा कि मगर इस सब के बावजूद कुछ ऐसी वजहें भी हैं, जिसमें उन्हें पुरूषों की तुलना में ज्यादा समस्याओं का सामना करना पड़ता है। घरेलू हिंसा, लिंग भेद व उत्पीड? जैसी परेशानियों से उन्हें गुजरना पड़ता है, इसलिए उनकी इन परेशानीयों को दूर करने के लिए व उनके अधिकारों की रक्षा के लिए कई कानून बनाए गए हैं। उन्होंने सभी कामकाजी महिलाओं या श्रमिकों को उनके हितों की रक्षा के लिए बनाए गए कानून, कार्यस्थल पर महिलाओं संग उत्पीडन के बारे विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि यदि उनके साथ कार्यस्थल में शारीरिक या मानसिक उत्पीड? किया जाता है तो आरोपी के खिलाफ महिला शिकायत दर्ज करवा सकती है। उन्होंने बताया कि इस अधिनियम के तहत महिलाओं को कार्यस्थल पर होने वाले उत्पीडन या यौन उत्पीडन से सुरक्षा मिलेगी और उन्हें अपराध की सुचना के लिए कहीं जाने की आवश्यकता नहीं है। आप महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 व दूर्गा शक्ति ऐप के माध्यम से पुलिस को सूचना देकर तुरंत सहायता प्राप्त कर सकती हैं। इसके साथ-साथ उन्होंने सभी महिलाओं के साथ अपना पर्सनल नंबर सांझा करते हुए कहा कि यदि मेरी सहायता या सलाह की कभी कोई आवश्यकता लगे तो आप मुझे भी तुरंत काल कर सकती हैं।



## अंकुश बैनिवाल व साहिल छौक्कर का जिम में किया स्वागत

**पानीपत /कमाल हुसैन**
**बॉडी बिल्डिंग एंड** फिटनेस स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा आयोजित ऑल ओवर इंडिया से मिस्टर एंड मिस इंडिया बॉडी बिल्डिंग कंपटीशन में समालखा के महादेव फिटनेस जिम से अंकुश बैनिवाल ने जूनियर कटैगरी मैन फिजिक्स में करीब 150 खिलाडियों को पछाडकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। साथ ही साहिल छौक्कर ने भी मैन फिजिक्स में गोल्ड मेडल जीतकर अपने शहर, अपने माता-पिता सहित अपने कोच का मान बढ़ाया है। जिससे परिजनों और नगरवासियों में खुशी की लहर है। सोमवार को जिम में आने पर दोनों प्रतिभागियों का पैसों के हार व फूलमालाओं से पुष्प वर्षा कर नगद इनाम देते हुए जोरदार स्वागत किया गया। महादेव जिम से कोच राहुल व चैयरमैन अर्जुन कुहाड़ ने उन्हें बधाई दी। इस मौके पर पूर्व पार्षद जयपाल कुहाड़, पार्षद पति विकास कुहाड़, एडवोकेट अजय कुहाड़, एडवोकेट मुकेश कहराना, रोहित पट्टीकल्याणा, विशाल, वीरेंद्र खर्ब, धीरेंद्र खर्ब व साहिल कुहाड मौजूद रहे।



## संपादकीय

# धरती, हम लोग और हमारा भविष्य

**पर्यावरण** जीवों और उनके जीवन का आधार और एक अनिवार्य घटक है। उसके बिना जीवन अकल्पनीय है । हमारा जीवन-चक्र पर्यावरण में स्थित है और पर्यावरण द्वारा ही आयोजित होता है। हम उसी में जन्म लेते हैं, जीते हैं और मृत्यु के बाद उसी में विलीन हो जाते हैं। हम वनस्पतियों और अन्य प्राणियों की ही तरह पर्यावरण के अंग होते हैं परंतु अपने अहंकार में हम अपनी इस मौलिक सदस्यता को भूल कर अपने को पर्यावरण से अलग तत्व के रूप में देखते हैं। हम मनुष्य और पर्यावरण की दो अलग झ अलग कोटियाँ या श्रेणियां बना लेते हैं जो भिन्न मान ली जाती हैं। इनके बीच का रिश्ता भी उपभोक्ता (कंज्यूमर) और उपभोग्य वस्तु ( कंज्यूमेबल ऑब्जेक्ट) मान बैठे हैं। पर्यावरण हमारे लिए एक संसाधन होता गया है जिनमें कुछ नवीकरणीय भी होते हैं और कुछ समाप्त हो कर उस रूप में वापस नहीं मिलते। अपनी संपदाओं के कारण धरती को वसुंधरा कहते हैं। वह हमारे लिए सुख के स्रोत उपलब्ध कराती है। पर्यावरण में मौजूद विविध पदार्थों, ऊर्जा के श्रोतों ( जैसे झ कोयला, पेट्रोल आदि), जल संसाधनों, भिन्न-भिन्न गुणवत्ता के भूमि रूपों (जहां किस्म-किस्म के अन्न, फल, लकड़ी, औषधि और अन्य पदार्थ पैदा होते हैं) को लेकर हम बड़े प्रसन्न होते हैं । पर पर्यावरण की इस सम्पदा को सिर्फ निष्क्रिय निर्जीव वस्तुओं के संसाधन के रूप में मान बैठना भ्रम है। इसलिए ऐसा सोचना ठीक तो है परन्तु यह आधी सच्चाई है। पर्यावरण को सिर्फ संसाधन मान बैठना न सही है न वांछित। पर्यावरण से हमारा पारस्परिक रिश्ता है। वह हमें रचता है और हमसे अपेक्षा है कि हम उसकी रक्षा करें। इस तरह पृथ्वी पर एक जीवन-चक्र चलता सदैव चलता रहता है। इन सबको देखते हुए ही धरती को माता कहा गयाझ माता भूमिः पुत्रोहं पृथिव्याः । पृथ्वी सभी प्राणियों का बिना भेद-भाव के माता की तरह भरण-पोषण करती है। आज इसे भुला कर हम निर्मम भाव से इस पर्यावरण को अपने अविवेकपूर्ण आचरण द्वारा तरह-तरह से आघात पहुंचा कर लगातार उसका हृदय छलनी कर रहे हैं और शरीर नष्ट-भ्रष्ट कर रहे हैं । ऐसा करते हुए अपने ही पैरों पर ही कुल्हाड़ी चला रहे हैं। पेड़ कटते जा रहे हैं, वन जलाए जा रहे हैं, कंक्रीट के जंगल उग रहे हैं, और रासायनिक खाद से धरती की उर्वराशक्ति नष्ट हो रही है । हमारी भौतिकवादी दृष्टि कितनी दूषित हो चुकी है कि हम प्रकट सत्य का भी प्रत्यक्ष नहीं कर पाते हैं और न वह क्षति ही महसूस कर पाते हैं जिसकी भरपाई संभव ही नहीं है । ग्रीन गैस का उत्सर्जन जिस तरह हो रहा है और कार्बन डाई आक्साइड जिस तरह बढ़ रहा है वह सब जीवन के विरुद्ध है। पर्यावरण की ओर से हमें लगातार चेतावनी मिल रही है और हम हैं कि उसे अनसुना करते रहे हैं। ग्लेशियर का पिघलना, अति वर्षा, सूखा, बाढ़ और गर्मी का अत्याधिक बढ़ना ऐसे ही संकेत हैं। आज धरती और पर्यावरण की सीमाओं को बिना पहचाने उसका अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है। ऐसा करते हुए हम यह अकसर भूल जाते हैं कि हमारा आहार, हमारी सांसें और हमारे कार्य-कलाप सब कुछ पर्यावरण से ही उधार लिया हुआ है। यदि पर्यावरण इसमें कोई कोताही करता है तो परिस्थिति विकट हो जाती है। कुछ ही दिनों पहले कोविड झ 19 की महामारी के दौरान हम सबने विश्व भर में यह बात अपनी आंखों देखी कि पर्यावरण के साथ रिश्ता कितना नाजुक होता है।

# जन अभियान बने पर्यावरण संरक्षण

रमेश सर्राफ धमोरा

> “देश की सभी नदियों का जल पीने योग्य हो गया था। जो किसी चमत्कार से कम नहीं है। पूरी दुनिया में पिछले वर्ष जैसा पर्यावरण दिवस शायद ही फिर कभी मने। सरकार हर वर्ष नदियों के पानी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए अरबों रुपए खर्च करती आ रही है। उसके उपरांत भी नदियों का पानी शुद्ध नहीं हो पाता है। लाकडाउन के दौरान बिना कुछ खर्च किए ही नदियों का पानी अपने आप शुद्ध हो गया था। पर्यावरणविदों के मुताबिक जिन नदियों के पानी से स्नान करने पर चर्म रोग होने की संभावनाएं व्यक्त की जाती थी। उन नदियों का पानी शुद्ध हो जाना बहुत बड़ी बात थी। देश की सबसे अधिक प्रदूषित मानी जाने वाली गंगा नदी सबसे शुद्ध जल वाली नदी बन गयी थी। विश्व पर्यावरण दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के दूसरे तरीकों सहित सभी देशों के लोगों को एक साथ लाकर जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने और जंगलों के प्रबन्ध को सुधारना है”

**पर्यावरण** शब्द संस्कृत भाषा के 'परि' उपसर्ग (चारों ओर) और 'आवरण' से मिलकर बना है जिसका अर्थ है ऐसी चीजों का समुच्चय जो किसी व्यक्ति या जीवधारी को चारों ओर से आवृत्त किये हुए हैं। यह शब्द फ्रांसीसी शब्द एनवायरनर से लिया गया है, जिसका अर्थ है घेरना, घेरना या घेरना। पर्यावरण को उस परिवेश या परिस्थितियों के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जिसमें पौधे, जानवर और मनुष्य जैसे जीवित जीव रहते हैं। पर्यावरण की एक सरल परिभाषा में कहा जा सकता है कि मानव जीवन को प्रभावित करने वाले सभी जैविक और अजैविक तत्वों को शामिल करने वाली एक प्रणाली है। जैविक या जीवित घटकों में सभी वनस्पति और जीव शामिल हैं, और अजैविक घटकों में पानी, सूरज की रोशनी, हवा, जलवायु आदि शामिल हैं। हमारी धरती, जनजीवन को सुरक्षित रखने के लिए पर्यावरण का सुरक्षित रहना बहुत जरूरी है। पूरी दुनिया आधुनिकता की ओर बढ़ रही हैं। दुनियाभर में हर दिन ऐसी चीजों का इस्तेमाल बढ़ रहा है जिससे पर्यावरण खतरे में हैं। इंसान और पर्यावरण के बीच गहरा संबंध है। प्रकृति के बिना जीवन संभव नहीं। ऐसे में प्रकृति के साथ इंसानों को तालमेल बिठाना होता है। लेकिन लगातार वातावरण दूषित हो रहा है। जिससे कई तरह की समस्याएं बढ़ रही हैं। जो हमारे जनजीवन को तो प्रभावित कर ही रही हैं। साथ ही कई तरह की प्राकृतिक आपदाओं की भी वजह बन रही हैं। सुखी स्वस्थ जीवन के लिए पर्यावरण का संरक्षण जरूरी है। इसी उद्देश्य से हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1972 में पहली बार विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया था। लेकिन विश्व स्तर पर इसके मनाने की शुरूआत 5 जून 1974 को स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में हुई थी। जहां 119 देशों की मौजूदगी में पर्यावरण सम्मेलन का आयोजन किया गया था। साथ ही प्रति वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। इस सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम का गठन भी हुआ था। भारत में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम भारत की संसद द्वारा 1986 में पारित किया गया था। इसे संविधान के अनुच्छेद 253 के तहत पारित किया गया था। यह 19 नवंबर 1986 को लागू हुआ था। देश में तेजी से हो रहे शहरीकरण के कारण बड़ी मात्रा में कृषि भूमि आबादी की भेंट चढ़ती गई। जिस कारण वहां के पेड़ पौधे काट दिये गये व नदी नालों को बंद कर बड़े-बड़े भवन बना दिए गए। जिससे वहां रहने वाले पशु, पक्षी अन्यत्र चले गए। लेकिन लाकडाउन ने लोगों को उनके पुराने दिनों की याद दिला दी है। पुराने समय में पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिये पड़ो को देवताओं के समान दर्जा दिया जाता था। ताकि उन्हे कटने से बचाया जा सके। बड़-पीपल जैसे घने छायादार पेड़ो को काटने से रोकने के लिये उनकी देवताओं के रूप में पूजा की जाती रही है। इसी कारण गावों में आज भी लोग बड़ व पीपल का पेड़ नहीं काटते हैं। मनुष्य प्रकृति द्वारा बनाया गया सबसे बुद्धिमान प्राणी माना जाता है। उसने एक ओर जहां विज्ञान से प्रौद्योगिक का विकास किया वहीं दूसरी ओर अंधाधुंध शहरीकरण तथा औद्योगिकीकरण भी किया। इसी का नतीजा है कि उद्योगों से निकलने वाला धुआँ, दूषित पदार्थ आदि प्रदूषण को जन्म दें रहे हैं। इस कारण जलप्रदूषण, वायुप्रदूषण हुआ है। आवास एवं शहरीकरण हेतु वनों की अत्यधिक कटाई के कारण मिटटी प्रदूषण एवं भूमि कटाव जैसी समस्याएं उत्पन्न हुई हैं। वर्तमान समय में प्रदूषण किसी एक गांव, कस्बे या शहर की समस्या नहीं है अपितु यह संपूर्ण विश्व की बहुत विकराल समस्या बन गई है। हर वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के लिए एक थीम निर्धारित की जाती है। इस साल विश्व



पर्यावरण दिवस की थीम 'हमारी भूमि' नारे के तहत भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखे पर केंद्रित है। स्वस्थ पर्यावरण हमारे जीवन में काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि बिना इसके स्वस्थ रहने की कल्पना करना मुश्किल है। हमें अपने मन में संकल्प लेना होगा कि हमें प्रकृति से सदभाव के साथ जुड़ कर रहना है। इस पर्यावरण दिवस पर हम सब इस बारे में सोचें कि हम अपनी धरती को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए और क्या कर सकते हैं। किस तरह इस दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। पर्यावरण दिवस पर अब सिर्फ पौधारोपण करने से कुछ नहीं होगा। जब तक हम यह सुनिश्चित नहीं कर लेते कि हम उस पौधे के पेड़ बनने तक उसकी देखभाल करेंगें। यदि समय रहते प्रदूषण जैसी समस्या का समाधान नहीं निकाला गया तो इसका खामियाजा संपूर्ण मानव जाति को भुगतना होगा। और इसके भयंकर परिणाम होंगे जो हमारे साथ भविष्य में आने वाली पीढ़ी भी भुगतेगी। नेशनल हेल्थ पोर्टल आफ इंडिया के मुताबिक देश में हर साल करीब 80 लाख लोगों की मौत वायु प्रदूषण की वजह से हो जाती है। वायु प्रदूषण के चलते लोगों को शुद्ध हवा नहीं मिल पाती है। जिसका हमारे शरीर में फेफड़े, दिल और दिमाग पर बुरा असर पड़ रहा है। देश में 34 प्रतिशत लोग प्रदूषण की वजह से मरते हैं। तीन वर्ष पूर्व लाकडाउन का वह समय पर्यावरण की दृष्टि से अब तक का सबसे उत्तम समय रहा था। उस दौरान शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी वायु प्रदूषण का स्तर घटकर न्यूनतम स्तर पर आ गया है। देश की सभी नदियों का जल पीने योग्य हो गया था। जो किसी चमत्कार से कम नहीं है। पूरी दुनिया में पिछले वर्ष जैसा पर्यावरण दिवस शायद ही फिर कभी मने। सरकार हर वर्ष नदियों के पानी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए अरबों रुपए खर्च करती आ रही है। उसके उपरांत भी नदियों का पानी शुद्ध नहीं हो पाता है। लाकडाउन के दौरान बिना कुछ खर्च किए ही नदियों का पानी अपने आप शुद्ध हो गया था। पर्यावरणविदों के मुताबिक जिन नदियों के पानी से स्नान करने पर चर्म रोग होने की संभावनाएं व्यक्त की जाती थी। उन नदियों का पानी शुद्ध हो जाना बहुत बड़ी बात थी। देश की सबसे अधिक प्रदूषित मानी जाने वाली गंगा नदी सबसे शुद्ध जल वाली नदी बन गयी थी। विश्व पर्यावरण दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के दूसरे तरीकों सहित सभी देशों के लोगों को एक साथ लाकर जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने और जंगलों के प्रबन्ध को सुधारना है। वास्तविक रुप में पृथ्वी को बचाने के लिये आयोजित इस उत्सव में सभी आयु वर्ग के लोगों को सक्रियता से शामिल करना होगा। तेजी से बढ़ते शहरीकरण व लगातार काटे जा रहे पड़ो के कारण बिगड़ते पर्यावरण संतुलन पर रोक लगानी होगी। भारत का पहला पर्यावरण आंदोलन बिश्नोई आंदोलन था। अमृता देवी ने इस प्रयास का नेतृत्व किया था। जिसमें 363 लोगों ने अपने जंगलों के संरक्षण के लिए अपनी जान दे दी। पेड़ों की सुरक्षा के लिए उन्हें गले लगाने या आलिंगन देने की अवधारणा स्थापित करने वाला यह अपनी तरह का पहला आंदोलन था। इस दिन हमें आमजन को भागीदार बना कर उन्हे इस बात का अहसास करवाना होगा कि बिगड़ते पर्यावरण असंतुलन का खामियाजा हमे व हमारी आने वाली पीढियों को उठाना पड़ेगा। इसलिये हमें अभी से पर्यावरण को लेकर सतर्क व सजग होने की जरूरत है। हमें पर्यावरण संरक्षण की दिशा में तेजी से काम करना होगा तभी हम बिगड़ते पर्यावरण असंतुलन को संतुलित कर पायेगें। तभी हमारी आने वाली पीढ़ियां शुद्ध हवा में सांस ले पायेगी।

**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

## कविता

नारी इस जहान में... क्या अधूरे सम्मान में?  
महिला, ब्रह्मांड की अनमोल रत्न,  
इसे सहेजने का करो जतन  
विवेक और आवेग का प्रतीक,  
जिसके आंचल मे छुपा भविश्य और अतीत  
असीम प्यार की स्रोत,  
उनके बिना समाज अधूरा, विकृत।

पारिवारिक मसलों में उनका समर्थन,  
जिसके मन मे सदा परिवार का मंथन  
स्वप्नों को साकार करती हैं वे हर पल। अनमोल उपहार है ये इस तल  
मां की गोद में ही बचपन की मस्ती,  
प्रभु से भी ऊपर है माँ की हस्ती  
प्यार और शिक्षा का आदर्श संगीताहर एक के लिए मन का मीत

समाज में उनकी भूमिका अद्वितीय,  
प्रेरणा का स्रोत,  
सच्ची विजय की पूंजी ।जिनके सानिध्य मे जीवन का सार और कुंजी  
न्याय की मुस्कान, समानता की छाया,  
उनके बिना समाज विकृत, असहाय।

कर्मों की रानी, महिलाएं हैं शक्ति का स्रोत,  
सपनों की उड़ान, अपार साहस का से ओत प्रोत  
जब वे उठती हैं, तो समाज उठता है,  
महिलाओं के सम्मान से ही पूर्ण होता है धर्म का ज्ञान

महिला, शांति का संगीत,  
उनकी शक्ति ही है समृद्धि का अनमोल खजाना।  
इस सृष्टि पर नारी ही है प्रकृति का ग्यान  
सम्मान और समर्पण की छाया,  
महिलाओं को समझो, सम्मान दो, सम्मानित रहो!!

सीमा सुलेख

## नीट यूजी ड्रॉपर-परीक्षा की तैयारी

विजय गर्ग

**विशेष रूप** से चिकित्सा शिक्षा जैसे अत्यधिक प्रतिस्पर्धी क्षेत्रों में परीक्षा की तैयारी के लिए एक अंतराल वर्ष लेने का निर्णय बहुत बहस और चिंतन का विषय है। भारत में, राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) देश भर के विभिन्न प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेजों के प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करती है। इच्छुक मेडिकल छात्र अक्सर खुद को एक चौराहे पर पाते हैं, जो यह तय करने की कोशिश कर रहे हैं कि वे फ्रेशर के रूप में शामिल हों या आम बोलचाल की भाषा में "एनईईटी ड्रॉपर" बनें। दोनों विकल्पों के अपने फायदे और नुकसान हैं, और इस लेख का उद्देश्य प्रत्येक पथ के पेशेवरों और विपक्षों का पता लगाना है। नीट ड्रॉपर का लाभः 1. केंद्रित तैयारीः एनईईटी ड्रॉपर होने का एक प्राथमिक लाभ समय की कमी है। ड्रॉपर अपना पूरा वर्ष बिना किसी शैक्षणिक विकर्षण के परीक्षा की तैयारी में लगा सकते हैं। यह अधिक केंद्रित और गहन अध्ययन व्यवस्था की अनुमति देता है, जो सफलता की संभावनाओं को काफी बढ़ा सकता है। 2. वैयक्तिकृत शिक्षणः एनईईटी ड्रॉपर्स को अक्सर व्यक्तिगत और स्व-निर्देशित सीखने में संलग्न होने का अवसर मिलता है। वे अपने अध्ययन कार्यक्रम को तैयार कर सकते हैं, अपने सीखने के संसाधनों का चयन कर सकते हैं और स्कूल या कॉलेज पाठ्यक्रम की कठोर संरचना से बंधे बिना अपने कमजोर क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। 3. बढ़ी हुई समझः अतिरिक्त वर्ष के साथ, ड्रॉपर अक्सर विषयों की गहरी समझ हासिल कर लेते हैं। यह विस्तारित अवधि उन्हें अवधारणाओं को फिर से देखने, संदेहों को स्पष्ट करने और पाठ्यक्रम की व्यापक समझ विकसित करने की अनुमति देती है, जो अंततः उनके परीक्षा प्रदर्शन में सकारात्मक रूप से प्रतिबिंबित हो सकती है। 4. परीक्षा देने का अनुभवः परीक्षण लेने के अनुभव के मामले में ड्रॉपर को बढ़त मिल सकती है। पहले एक बार एनईईटी परीक्षा का सामना करने के बाद, वे प्रारूप, प्रश्न पैटर्न और समय प्रबंधन रणनीतियों के साथ अधिक सहज होने की संभावना रखते हैं, जिससे संभावित रूप से परीक्षा संबंधी चिंता कम हो जाती है। 5. परिपक्वता और लचीलापनः अंतराल वर्ष व्यक्तिगत विकास को भी बढ़ावा दे सकता है। गहन अध्ययन और प्रतिस्पर्धा की चुनौतियों से निपटने के दौरान ड्रॉपर में उच्च स्तर की परिपक्वता, लचीलापन और दृढ़ता विकसित होती है। यह नई परिपक्वता उनके भविष्य के शैक्षणिक और व्यावसायिक प्रयासों में उनकी अच्छी सेवा कर सकती है। नीट ड्रॉपर का नुकसानः 1. सामाजिक अलगावः जबकि ड्रॉपर्स को केंद्रित तैयारी से लाभ हो सकता है, वे सामाजिक अलगाव का भी अनुभव कर सकते हैं। कॉलेज जीवन की नियमित बातचीत और अनुभवों से चूकने से उनके सामाजिक कौशल और भावनात्मक कल्याण पर असर पड़ सकता है। 2. दबाव और अपेक्षाएँः केवल तैयारी में पूरा साल लगाने के बाद ड्रॉपर्स को अक्सर नीट परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बढ़े हुए दबाव का सामना करना पड़ता है।

## विचार

# प्रकृति और पर्यावरण का सबसे बडा शत्रु स्वयं मानव

अपने विकास की क्रमिक उन्नति में मनुष्य ने जितने भी अविष्कार और विकास के कार्य किए हैं सब के सब प्रकृति एवं पर्यावरण के विरोध में ही रहे हैं। प्लास्टिक तथा पॉलीथिन का अविष्कार मानव तथा जीव जंतुओं के लिए बेहद खतरनाक साबित हुआ है। पॉलीथिन ने मानव तथा जीव जंतुओं को सबसे ज्यादा क्षति पहुंचाई है क्योंकि पॉलिथीन एक ऐसा पदार्थ है जो अत्यंत ज्वलनशील होने के साथ-साथ नष्ट ना होने वाला पदार्थ है जो मनुष्य के ।भोजन पकाने हेतु जंगल से लकड़ी काटकर धूंआ पैदा करने का काम भी मनुष्य ने ही किया है। इसी क्रम में सबसे बड़ा नुकसान पर्यावरण को औद्योगिकरण की नीति ने किया है,बड़े बड़े उद्योगों से निकलने वाले वैश्विक स्तर पर प्रदूषित वायु अपशिष्ट पदार्थों के साथ नदियों तथा समुंदर में विषैले अपशिष्ट को छोड़ने से शुद्ध जल विषैला होकर जीव जंतुओं को नष्ट करते आ रहा है। इसके पश्चात प्राकृतिक रूप से भी बाढ़, ज्वालामुखी ने प्रकृति तथा पर्यावरण को नष्ट करने का काम बखूबी किया है, पर मानव जाति ने अपने आराम तथा सुविधा के लिए स्कूटर, मोटरसाइकिल, कार और परिवहन के लिए ट्रक और डीजल एवं कोयले से चलने वाली लोकोमोटिव ने प्रकृति तथा पर्यावरण को को नष्ट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। इसके अलावा घरों कार्यालयों और कारखानों में लगाए जाने वाले वातानुकूलित यंत्रों से निकलने वाले वायु प्रदूषण के कारण ग्लोबल वार्मिंग बहुत तेजी से बढ़ते जा रही है जो मानव जाति के लिए खुद नुकसानदेह है, किंतु मानव ही पर्यावरण का सबसे बड़ा दुश्मन बन चुका है।शुद्ध वायु, जल मनुष्य तथा पृथ्वी पर निवास कर रहे जीव जंतुओं तथा हमारी वनों से आच्छादित प्यारी धरती के लिए अत्यंत आवश्यक है। पर्यावरण की असुरक्षा से धरती असुरक्षित नदियां ,असुरक्षित और धरती, जलवायु की असुरक्षा होने से जीव जंतु और मानव जाति का जीवन भी असुरक्षित हो जाएगा, ।हमें इन परिस्थितियों में पर्यावरण की सुरक्षा को प्राथमिक सुरक्षा मानकर इसकी हर संभव शुद्धता एवं परिष्करण पर सबसे ज्यादा ध्यान देना होगा। पर्यावरण से आशय 'पर' यानी मतलब चारों तरफ, और वरण का मतलब ढका हुआ माना गया है। पर्यावरण विदों के अनुसार पर्यावरण का मतलब उस अवस्था से है जो किसी जंतु, प्रकृति और मनुष्य को चारों ओर से ढक कर उसे अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती है। हम सदैव पर्यावरण को प्रकृति से जोड़कर ही देखते हैं। इसीलिए मानव जीव जंतु वृक्ष सभी को स्वस्थ जीवन देने के लिए एक परिष्कृत पर्यावरण के वातावरण की निरंतर महत्वपूर्ण उपस्थिति आवश्यक होती है,किंतु जब वायु ,जल तथा प्रकृति में प्राकृतिक अथवा मानवीय अवांछनीय कार्यों से कुछ ऐसे तत्व वातावरण में प्रवेश कर जाते हैं जिससे हमारी प्रकृति, हमारा पर्यावरण प्रदूषित होने लगता है और माननीय जीवन प्रकृति के साथ नष्ट होने की कगार पर खड़ा होने लगा है। प्रगति और वातावरण यानी की पर्यावरण ने हमें सब कुछ दिया है, स्वच्छ हवा से हमें ऊर्जा,स्वच्छ जल और नवजीवन की उत्प्रेरणा प्राप्त होती है। भोपाल में मिक नामक गैस रिसाव से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ जाने से हजारों लोगों की मृत्यु एवं उसके पश्चात शरीर में अनेक बीमारियों को जन्म दिया, जिस की विभीषिका आज भी भोपाल वासी झेल रहे हैं। इसके पश्चात मई 2020 को आंध्र प्रदेश के पॉलीमर कंपनी द्वारा स्टाइलिन नामक गैस का रिसाव हुआ एवं जून में असम गैस रिसाव से मानव जीवन को प्रभावित कर पूरे पर्यावरण को प्रदूषित कर मानव जाति तथा जीव जंतुओं के संपूर्ण जीवन को दांव पर लगा दिया था। पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो मानव जीवन भी सुरक्षित रह पाएगा। प्रदूषण को हमें सदैव वायु प्रदूषण यानी ज्वालामुखी विस्फोट, जंगल की आग, कोहरा, परागकण, उल्कापात आदि प्राकृतिक स्रोतों से उत्पन्न वायु प्रदूषण से नियंत्रण में रखकर उसका संरक्षण करने का प्रयास करना चाहिए। मानवीय अवांछित क्रियाकलाप भी प्रकृति तथा वातावरण और पर्यावरण के लिए खतरा बनते जा रहे हैं, जिस तरह वनों की अंधाधुंध कटाई हो रही है मोटर वाहनों का बेतरतीब प्रयोग लकड़ी कोयला तथा अन्य पदार्थों के जलाने से उत्पन्न हुआ बेतहाशा कारखानों का निकलता धूंआ, ताप विद्युत गृह, खनन तथा रासायनिक पदार्थों के साथ आतिशबाजी द्वारा वायु प्रदूषण में बेतहाशा वृद्धि हो गई है। जिससे पर्यावरण अत्यंत असुरक्षित हो गया, इसके अलावा पर्यावरण की सुरक्षा तथा प्रकृति के साथ खिलवाड़ के कारण प्रकृति का तापमान भी अत्यधिक बढ़ गया है, फल स्वरूप जलवायु परिवर्तन की विभीषिका को हम बुरी तरह से झेल रहे हैं। हमें पेट्रोल की जगह गैस फ्यूल का उपयोग कर वातावरण को बचाने का प्रयास किया जाना चाहिए।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**  
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**  
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**  
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



***वैधानिक सूचना***

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# प्यासा कौआ बना जल जादूगर

रामविलास जांगिड़

एक नगर में एक संस्कारी कौआ रहता था। सभी लोग इसे कवि कहते थे। भटकता हुआ अपना वाला प्यासा कौआ उर्फ कवि एक दिन एक रेस्तरां के आउटडोर सीटिंग अरेक्स में जा बैठा। उसने एक खाली पेटबोर्ड पर एक साइन देखी, 'आज सिर्फ अच्छा खाना और पानी यहां मिलेगा!' परंतु जब वह अंदर गया, तो उसने देखा कि वहां केवल एक पेटबोर्ड था। न खाना न पानी! फिर उसने पेटबोर्ड पर लिखा, 'मैंने यह गलत सोचा कि लोग चुनावों में ही बम मारते हैं!' और वह उड़ चला। पीछे पेटबोर्ड से आवाज आई- 'आजकल हर कोई कौआ अपने आपको बहुत ज्यादा ही स्याणा समझता है।' फिर वही अपना वाला कौआ दिखाई पड़ा।

वह चोंच फाड़े एक प्रसिद्ध तकनीकी विश्वविद्यालय के कॉरिडोर पर चक्कर काटा करता। कविता बाजी करना छोड़ उसने मोबाइल निकाला और एक ऑनलाइन पानी की वेबसाइट खोजना शुरू किया। कौए ने अपने स्मार्टफोन से बादल मानचित्र का उपयोग करते हुए नगर के विभिन्न क्षेत्रों में उड़ना शुरू किया। वह इसकी एक रील बनाकर, उसे सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए, इसकी जांच भी करता रहा। शीघ्र ही उसे एक वेबसाइट मिली, जो जल स्थानों की जानकारी प्रदान करती है, जहां लोग प्यास बुझा सकते हैं। कौआ भाई खटाक से एक उच्चतम रेटेड जल स्थल की ओर उड़ चला। पहुंचने पर वह खुद को एक उत्तेजित लॉक बॉक्स के सामने पाता है। जिसे खोलने के लिए वह चाबी की तलाश में निकलता है। वह खोजता है। उसे एक पिक्सेलेटेड क्यूआर कोड के साथ एक पानी कूप मिलता है। जल्दी से उसने क्यूआर कोड स्कैन किया। पर डिजिटल पानी! लाख चोंच मारी पर कुछ नहीं हुआ। हुआ तो बस इतना कि मोबाइल की स्क्रीन टूट गई और उसे नया मोबाइल खरीदना पड़ा। बेटे की डांट सुनी वो अलग! फिर वही हुआ। चिलचिलाती गर्मी वाले शहर दिल्ली में कवि नाम का यह स्टाइलिश कौआ अपनी प्यास बुझाने के मिशन पर लगा रहा। जल संकट ने कवि के पसंदीदा जल स्थानों को सूखा और बंजर बना दिया था।

## आप कतार में हैं

डॉ. सुरेश कुमार

**कई घंटे** बीत गए थे। डिस्पेंसरी में लगी लाइन में मेरा नंबर क्या था, यह ठीक से नहीं बता सकता। कोई न कोई आकर बीच में बैठ जाता। इसलिए गिनना ही छोड़ दिया। एक मरीज आगे वाले को कोहनी करते बुदबुदायाझ कितना समय और लगेगा। उसे कोई जवाब न मिला। मन तो किया जम कर फटकार लगा देझ आखिर हमें इतना इंतजार क्यों कराया जा रहा है? हम यहाँ न तो पार्टी के टिकट के लिए खड़े हैं न राशन की दुकान पर, फिर देर क्यों? तभी उसे याद आया वह मरीज है। उसे मरीजों की मयार्दा का पालन करना चाहिए और चुप रहना चाहिए। घर वालों के बार-बार समझाने पर भी चिलमिलाती धूप में धरना देने गया था। आज धरना देना बहरों के कानों में डीजे बजाने के बराबर है। मरीज और विपक्ष दोनों समय के मारे होते हैं। जब तक योग न हो तब तक दोनों को चुपचाप रहना चाहिए। लेकिन हैं तो दोनों समय के मारे। बिना चूँ-चाँ किए कैसे रह सकते हैं। इसीलिए बीच-बीच में जिंदा रहने के लिए कराहते रहते हैं। दूसरा मरीज पहले मरीज के कराहने से थोड़ा कसमसाया। फिर बोला शटअप। वार्ड ब्वाय लड़की से चिट-चैट करते हुए भी हमारा कितना ध्यान रख रहा है। शुक्र मनाइए कि वह ईमानदार है, नहीं तो हमारा नंबर यहाँ तक भी नहीं पहुँच पाता। हम अकेले ही नहीं बाकी के मरीज भी कितने परेशान हैं।

ट्राई टू अंडरस्टैंड। पहले वाला अब खुल कर बोल सकता था क्योंकि मर्यादा का उल्लंघन दूसरी ओर से हुआ था। बोला, "तुझे हुआ क्या?ह्व "घर जल्दी आकर समाचार देखने का यह हाल है।" दूसरे ने आ-ऊँ करते हुए कहा। तब तक तीसरा बोल पड़ा, "समाचार चैनल? कम से कम तुम कुछ देखकर बीमार पड़े हो। मैं तो बिना कुछ देखे इसकी उसकी बातों में आकर बीमार हुआ हूँ।"

## न्यूज फ्लैश

### दलबदल के भंवर से बाहर नहीं निकल पाए तंवर

**चंडीगढ़। सिरसा लोकसभा** सीट से हार का सामना करने वाले भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अशोक तंवर के सियासी भविष्य पर सवालिया निशान लग गया है। अशोक तंवर कांग्रेस छोड़ने के बाद तृणमूल कांग्रेस व आम आदमी पार्टी में रहने के बाद भाजपा में शामिल हुए थे। अशोक तंवर पूरे चुनाव प्रचार के दौरान दलबदल के मुद्दे पर घिरे रहे। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी उनका जमकर विरोध हुआ। जिसके चलते इस चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। कुमारी सैलजा करीब ढाई दशक बाद फिर से सिरसा लोकसभा क्षेत्र से लोकसभा में पहुंची हैं। अशोक तंवर को यहां पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल तथा उनकी टीम का साथ नहीं मिला। इसके अलावा अशोक तंवर का चुनाव प्रबंधन भी यहां फेल रहा है।

### भीतरीघात का शिकार हुए भाजपा के उम्मीदवार बड़ौली

**सोनीपत। सोनीपत लोकसभा** क्षेत्र से चुनाव हार चुके भाजपा उम्मीदवार मोहन लाल बड़ौली इस बार भितरघात के शिकार हुए। भितरघात के कारण भाजपा को यह सीट गंवानी पड़ी है। कांग्रेस ने यहां से बिलकुल नए उम्मीदवार सतपाल ब्रह्मचारी को उतारा और वह भाजपा की गुटाबजी के चलते चुनाव जीत गए। लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार मोहन लाल बड़ौली ने चुनाव होने के कुछ दिन बाद ही भितरघात के आरोप लगा दिए थे। यहां गन्नौर की विधायक निर्मल चौधरी के पति के कई ऑडियो भी वायरल हुए, जिसमें वह भाजपा प्रत्याशी की बजाए कांग्रेस प्रत्याशी ब्रह्मचारी को जिताने की अपील कर रहे थे। निर्मल तथा उनके पति ने किसी भी ऑडियो का खंडन नहीं किया है। सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत के एक विधानसभा क्षेत्र के विधायक के परिवार के वोट नहीं डालने जैसी खबरों को आधार बनाकर बड़ौली पहले ही शिकायत कर चुके हैं। सतपाल ब्रह्माचारी की जीत के साथ ही भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने वर्ष 2019 में हुई अपनी हार का बदला लेकर अपने गृहक्षेत्र में साख बचा ली है।

### लोकसभा में नहीं पहुंच पाया देवीलाल का परिवार

**चंडीगढ़। पूर्व उपप्रधानमंत्री** देवीलाल परिवार के तीन सदस्यों के एक-दूसरे के मुकाबले में चुनाव लड़ने के कारण हिसार लोकसभा सीट पर सभी की नजरें थी। इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी की तरफ से देवीलाल के पुत्र रणजीत सिंह चौटाला चुनाव मैदान में थे तो उनके मुकाबले देवीलाल की पौत्र वधु नैना चौटाला जननायक जनता पार्टी की तरफ से तथा सुनैना चौटाला इंडियन नेशनल लोकदल की तरफ से मैदान में थी। इस चुनाव में कांग्रेस के जयप्रकाश जेपी ने जहां सीधे मुकाबले में रणजीत चौटाला को हराया, वहीं नैना तथा सुनैना अपनी जमानत भी नहीं बचा पाई। इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी रणजीत चौटाला को भीतरीघात का सामना करना पड़ा है। ऐसी चचाएं हैं कि हाईकमान के निर्देश के बावजूद अंतिम समय तक कुलदीप बिश्नोई तथा उनके विधायक बेटे ने रणजीत चौटाला के लिए काम नहीं किया।


### भव्य बिश्नोई ने जताया आजाद हिन्दुस्तानी के पिता के निधन पर शोक

**हिसार। आदमपुर के विधायक** एवं भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी भव्य बिश्नोई ने डोभी गांव के सरपंच एवं युवा भाजपा नेता आजाद सिंह हिन्दुस्तानी के पिता इन्द्र सिंह के निधन पर शोक जताया है। आजाद हिन्दुस्तानी के आवास पर मंगलवार को पहुंचे विधायक भव्य बिश्नोई ने दिवंगत इन्द्र सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि वे सामाजिक व धार्मिक प्रवृति के इंसान थे। उन्होंने सरपंच आजाद सिंह सहित परिजनों को ढांढस बंधाया और दुख की इस घड़ी में संयम से काम लेने की अपील की। ज्ञात रहे कि डोभी गांव के सरपंच एवं युवा भाजपा नेता आजाद सिंह हिन्दुस्तानी के पिता का गत दिवस बीमारी के चलते निधन हो गया था। उनकी आत्मिक शांति के लिए उनके आवास पर रोज शोक बैठक जारी है। स्व. इन्द्रसिंह की रस्म पगड़ी शुक्रवार सात जून को होगी।

# करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल 2 लाख 32 हजार 577 मतों से जीते

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि करनाल लोकसभा आम चुनाव २०२४ शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। इस लोकसभा में भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल को २ लाख ३२ हजार ५७७ मतों से जीत हासिल हुई है। जबकि करनाल लोकसभा में कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा को ५ लाख ६ हजार ७०८ वोट मिले और वे दूसरे स्थान पर रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी इंद्र सिंह को ३२५०८, कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा को ५ लाख ६ हजार ७०८, जन नायक जनता पार्टी के प्रत्याशी देवेन्द्र कादियान को ११ हजार ४६७, भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी



मनोहर लाल को ७ लाख ३९ हजार २८५, समस्त समाज पार्टी से अशोक कटारिया को २९०४, पिपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटी नितिन गहलोत को १२५३, राष्ट्रीय गरीब दल के प्रत्याशी रूप सिंह को ७६९, भारतीय आशा पार्टी के प्रत्याशी विनित चौधरी को १०२०, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी मराठा वीरेन्द्र वर्मा को २९१५१, शिरोमणी अकाली दल के प्रत्याशी हरजीत सिंह विर्क को १८६६, निर्दलीय प्रत्याशी अशोक कुमार को ६३३, निर्दलीय प्रत्याशी आजाद सिंह पुनिया को ७०५, निर्दलीय प्रत्याशी गुलशन कश्यप को २९९४, निर्दलीय प्रत्याशी बलवान सिंह को ११८८, निर्दलीय प्रत्याशी मनीश को १५८७, निर्दलीय प्रत्याशी मनोज बंसल को ४००४, निर्दलीय प्रत्याशी लीना कोहली को १२९२, निर्दलीय प्रत्याशी सोनिया को १८५१, निर्दलीय प्रत्याशी स्वामी अग्रिवेश को ७५२ तथा नोटा को ३९५५ वोट मिले।

उन्होंने कहा कि इन मतों में पोस्टल बेल्ट के ४६९५ वोट भी शामिल थे। इसमें कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा २२७१, भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल को २००३, मराठा वीरेन्द्र वर्मा को १६७, जेजेपी प्रत्याशी देवेन्द्र कादियान को ६८, बसपा प्रत्याशी इंद्र सिंह को ९८, नोटा को ३० वोट मिले, बाकी वोट अन्य प्रत्याशियों को मिले।

## जजपा को भाजपा से गठबंधन करना जनता को रास नहीं आया

**हिसार।**
**हिसार लोकसभा** क्षेत्र में चुनाव नतीजों ने साबित कर दिया है कि सत्ता विरोधी लहर की कीमत जहां भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह ने चुकाई, वहीं भाजपा की गोद में बैठना दुष्यंत चौटाला को भारी पड़ गया। यही कारण रहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करने वाले दुष्यंत चौटाला की माता इस बार जमानत भी नहीं बचा पाई। जजपा को भाजपा से गठबंधन करना जनता को रास नहीं आया। वर्ष 2019 के चुनाव में दुष्यंत चौटाला ने हिसार लोकसभा क्षेत्र से जजपा उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ते हुए 2 लाख 89 हजार 221 वोट प्राप्त किए थे लेकिन वे इस चुनाव में भाजपा उम्मीदवार बृजेन्द्र सिंह से हार गए थे। बृजेन्द्र सिंह को इस चुनाव में छह लाख 3 हजार 289 वोट मिले थे जबकि कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर भव्य बिश्नोई को एक लाख 84 हजार 369 वोट प्राप्त हुए थे। पिछले चुनाव में



भाजपा के बृजेन्द्र सिंह से हार के बावजूद दुष्यंत चौटाला का प्रदर्शन शानदार रहा लेकिन लोकसभा के कुछ समय बाद हुए विधानसभा चुनाव में दुष्यंत चौटाला की पार्टी 10 विधायकों के सहारे भाजपा की गोद में जाकर बैठ गई। दुष्यंत का भाजपा की गोद में जाना था कि उन्हें वोट देने वाले हलकों में तीव्र प्रतिक्रिया हुई क्योंकि विधानसभा चुनाव में दुष्यंत चौटाला ने भाजपा को जमना पार भेजने की बात कहकर वोट मांगे थे। वोट पड़े, परिणाम आए और दुष्यंत चौटाला सत्ता में भागीदार हो गए, जिसका जमकर विरोध हुआ।

## धर्मबीर सिंह ने बाबा खाटू श्याम के द्वार लगाई हाजिरी

**नारनौल। भिवानी-महेंद्रगढ़** लोकसभा सीट पर भाजपा के चौधरी धर्मबीर सिंह चुनाव जीतने के करीब होने से भाजपा कार्यकर्ता उत्साहित हैं। मतगणना में अपने निकटतम प्रतिद्वंदी से 40689 वोटों से आगे होने पर चौ. धर्मबीर सिंह खाटू श्याम मंदिर में आशीर्वाद लेने पहुंच गए। भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट पर वोटों की गिनती जारी है। इस सीट पर कुल 17 प्रत्याशी मैदान में हैं। भाजपा के चौधरी धर्मबीर सिंह और कांग्रेस के राव दान सिंह के बीच मुकाबला है। सुबह से इस सीट पर लगातार रुझान मिल रहे हैं। भाजपा यहां लगातार बढ़त बनाए हुए है।

## जीत की ओर अग्रसर भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद: लोकसभा** चुनावों को लेकर मंगलवार को फरीदाबाद में सुबह 8 बजे छह स्थानों पर 400 कर्मचारियों की उपस्थिति में मतगणना शुरू हुई। सुबह से ही भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर के सेक्टर-28 स्थित कार्यालय पर समर्थकों का जमावड़ा एकत्रित हो गया और लोग वहां बैठकर चुनाव परिणाम देखने लगे। मतगणना के शुरूआती दौर मतें भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर और कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप के बीच मुकाबला देखा गया, लेकिन जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, मुकाबले में भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर बढ़त हासिल करते रहे। भाजपा प्रत्याशी एक लाख 60 हजार 743 वोटों के अंतर से बढ़त बनाए हुए है। गुर्जर को





अब तक सात लाख 18 हजार 281 मत हासिल हुए है, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप को पांच लाख 57 हजार 538 मत मिले। फरीदाबाद में कुल 24 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रहे, जिसमें से 22 प्रत्याशी अपनी जमानत तक नहीं बचा पाए। भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर की इतनी बढ़ के बाद उनके समर्थकों ने नाच गाना शुरू कर दिया और लड्डू भी बांटने शुरू कर दिए। वहीं हरियाणा के फरीदाबाद में प्रदेश के उद्योग मंत्री मूलचंद शर्मा बल्लभगढ़ सेक्टर 2 स्थित कार्यालय में कार्यकताओं के साथ टेलीविजन पर चुनाव परिणाम देखते नजर आए। वोटों की गिनती बडखल, बल्लभगढ़, पृथला एनआईटी, फरीदाबाद और तिगांव में 6 जगह पर की गई, जबकि पलवल में वोटों की

गिनती अलग पर हुई। सभी विधानसभाओं के अनुसार बात की जाए बडखल विधानसभा के 15वें राउंड तक भाजपा प्रत्याशी 23 हजार की लीड बनाए हुए है, यहां कृष्णपाल गुर्जर को लगभग 71564 मत मिले वहीं कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप को 48412 मत मिले। इसी प्रकार फरीदाबाद विधानसभा के 14वें राउंड तक भाजपा को 75597 मत मिले वहीं कांग्रेस को 43296 वोट मिले यहां से भी भाजपा 32 हजार की लीड ले चुके है।

## 20 वर्ष बाद हिसार के रण में जयप्रकाश की फिर हुई वापसी

**हिसार। इंडिया गठबंधन** के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव जीतने वाले कांग्रेस के जयप्रकाश ने 20 साल बाद हिसार के सांसद के तौर पर राजनीतिक वापसी की है। जयप्रकाश यहां से वर्ष 2004 में अंतिम बार सांसद बने और उसके बाद लोकसभा का मुंह नहीं देख पाए। अब मंगलवार को हुई मतगणना में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के तौर पर जयप्रकाश ने जीत हासिल की है। हालांकि मतगणना शुरू होने के साथ ही जयप्रकाश राउंडवाइज आगे रहे लेकिन वे अपनी जीत के प्रति आश्वस्त दिखाई दे रहे थे। उनका मानना था कि आंदोलनरत संगठन व सत्ता विरोधी लहर उन्हें लोकसभा में अवश्य पहुंचाएगी और उनका अनुमान ठीक साबित हुआ। इसके लिए वे लगातार मेहनत कर रहे थे। जयप्रकाश ने टिकट मिलने के साथ ही सत्ता विरोधी लहर व आंदोलनकारी संगठनों के गुस्से को भांपा और अपना चुनाव प्रचार शहरों की बजाय ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा केन्द्रित रखा। गांवों से ही उन्हें ज्यादा उम्मीद थी और वह फलीभूत भी हुई। शहरी क्षेत्र का मतदाता इस बार साइलेंट था और किसी के बारे में अपनी टिप्पणी नहीं दे रहा था। शहरी मतदाताओं की चुप्पी कांग्रेस के खेमें में कम और भाजपा खेमें में टेंशन ज्यादा पैदा कर रही थी और वही हुआ।

## श्री तिरुपति धाम में भगवान श्री वेंकटेश की निकली सवारी शोभा यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार: श्री तिरुपति बालाजी** धाम में अचला एकादशी पर भगवान श्री वेंकटेश जी की सवारी शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। अर्चकों ने पूरे विधि विधान से भगवान वेंकटेश जी की पूजा व आराधना की और भगवान का तिरुमंजन किया गया। भगवान वेंकटेश जी के चल विग्रह को पालकी में सवार करके शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने भगवान वेंकटेश की सवारी को रस्सों से खींचकर तिरुपति धाम की परिक्रमा की।



इस दौरान पूरा तिरुपति धाम परिसर जय भगवान वेंकटेश के उदघोष से गुंजायमान हो उठा। अचला एकादशी पर भगवान विष्णु की पूजा व आराधना का विशेष महात्म्य है। वेंकटेश जी भगवान विष्णु का ही स्वरूप हैं। इसलिए श्री तिरुपति धाम में भगवान वेंकटेश का मुख्य मंदिर विद्यमान है।

दक्षिण भारत से लाए गए पत्थरों से निर्मित इस मंदिर में भगवान वेंकटेश के आलौकिक दर्शन होते हैं। इस मुख्य मंदिर के साथ ही माता पद्मावती व माता गोदांबा के मंदिर भी स्थापित किए गए हैं। इनके अलावा धाम में श्री गरुड़ जी, श्री लक्ष्मी नृसिंह जी, श्री सुदर्शन जी, श्री रामानुज स्वामी जी, श्री शठकोप स्वामी जी एवं श्री हनुमान जी के मंदिर भी विशेष दर्शनीय हैं। हिसार में लांदड़ी टोल प्लाजा के पास स्थापित श्री तिरुपति बालाजी धाम में स्थापित श्री गरुण स्तंभ, बलिपीठम, विशाल घंटाघर, पवित्र पुष्करणी, श्री तिरुपति यज्ञशाला व श्रीनिवास गोशाला का भी श्रद्धालुओं ने अवलोकन किया। तिरुपति धाम में 71 फुट ऊंचा गोपुरम भी निमार्णाधीन है। यह गोपुरम दक्षिण भारतीय शैली में वहीं के कारीगरों द्वारा निर्मित किया जा रहा है।

## कैथल, पूंडरी में जीते नवीन जिंदल, कलायत व गुहला में हारे

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल:** भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार नवीन जिंदल कैथल व पूंडरी में जीते। उन्हें कलायत में गुहला से हार का सामना करना पड़ा। जिला कैथल की चारों विधानसभाओं से नवीन जिंदल को 227667 वोट मिले तो सुशील गुप्ता ने उन्हें कड़ी टक्कर देते हुए 219298 वोट हासिल किया। जिला कैथल से नवीन जिंदल को 8055 वोटो की बढ़त मिली। जिसने उनकी जीत में अहम भूमिका निभाई। कैथल विधानसभा में बीजेपी के उम्मीदवार नवीन जिंदल ने आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सुशील गुप्ता को 16788 वोटों से हराया। कैथल विधानसभा में 149648 वोट में से नवीन जिंदल को 74002 वोट मिली। जबकि आम आदमी पार्टी के सुशील गुप्ता को 57214 वोट मिली। इनेलो के अभय चौटाला को 8604 वोट मिली। जेजेपी के पलाराम सैनी को 941 वोट से संतोष करना पड़ा। नोटा को 369 वोट पड़ी। इसी प्रकार कलायत में सुशील गुप्ता ने नवीन जिंदल को 14437 वोट से हराया। सुशील गुप्ता को 64059 वोट मिली। नवीन जिंदल को कलायत विधानसभा क्षेत्र से 49622 वोट मिली। इंडियन नेशनल लोकदल के उम्मीदवार अभय चौटाला को कलायत विधानसभा क्षेत्र से 17274 वोट मिली। जननायक जनता पार्टी के उम्मीदवार पालाराम सैनी को 828 वोट मिली। नोटा को 232 वोट मिली। पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में पोल हुए 107015 वोटों में से बीजेपी के नवीन जिंदल ने आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार से 14073 वोट की बढ़त हासिल की। नवीन जिंदल को यहां 53417 वोट मिले जब की सुशील गुप्ता को 39344 मत ही मिले।

## जींद: ...20 साल के बाद बांगर में कांग्रेस का दबदबा, जीते जयप्रकाश

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद: हिसार लोकसभा सीट** से कांग्रेस उम्मीदवार जयप्रकाश जेपी की जीत की घोषणा होते हुए शहर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डीजे लेकर जुलूस निकाला। डीजे पर यो जेपी सै मेरे भाईए जेपी-जेपी हो री सै गीत पर कार्यकर्ता झूमे। बाजारों में जम कर आतिशबाजी करने के साथ-साथ गुलाल उड़ा कर खुशी मनाई। दुकान-दुकान पर जाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लड्डू भी बांटे। 2004 में हिसार लोकसभा से कांग्रेस की तरफ से जयप्रकाश चुनाव जीते थे। 2004 के बाद 20 साल के बाद जयप्रकाश ने जीत दर्ज कर कांग्रेस के सूखे को समाप्त करने का काम किया है। उचाना हलके में उम्मीदों के अनुरूप जयप्रकाश को गांवों में बड़ी



जीत मिली। मतगणना के एक भी राउंड में जयप्रकाश पीछे नहीं आए, बल्कि अपनी जीत को बढ़ाते रहे। दोनों पार्टियों के समर्थक अपने-अपने जानकारों से फोन पर चुनाव को लेकर जानकारी लेते रहे। जब हिसार शहर में 32 हजार के आसपास लीड भाजपा को मिलने के साथ-साथ आदमपुर से भाजपा की हार की जानकारी मिली तो भाजपा कार्यकर्ताओं के चेहरे निराश हो गए। बेशक सबसे अधिक सीट भाजपा ने जीती हो लेकिन कार्यकर्ताओं में कोई जोश नजर नहीं आ रहा था। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह जीत नफरत पर मोहब्बत की जीत है। मतदाताओं ने नफरत को इस चुनाव में हराने का काम किया है। चुनाव में भाजपा ने विकास के नाम पर वोट नहीं मांगे बल्कि जात-पात एवं धर्म के नाम पर लोगों को बांटने का काम किया। मतदाता इस बात किसी तरह के बहकावे में आए। उचाना में रिकॉर्ड मतों से जीत जयप्रकाश की हुई है। इस चुनाव के परिणाम ने प्रदेश में आने वाली सरकार कांग्रेस की होगी ये साफ कर दिया है।

**पूर्व केंद्रीय मंत्री के गांव में बराबर रही कांग्रेस और भाजपा**

भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के डूमरखा कलां गांव पर सबकी नजर थी। गांव में कांग्रेस, भाजपा उम्मीदवारों को बराबर के वोट मिले। कांग्रेस उम्मीदवार जयप्रकाश को 1141, भाजपा उम्मीदवार रणजीत चौटाला को 1141 मत मिले। जेजेपी उम्मीदवार नैना चौटाला को 248 एवं इनेलो उम्मीदवार सुनैना चौटाला को 93 मत मिले। उचाना हलके के गर्मी के मौसम में निरंतर प्रचार कर रहे कांग्रेस, आम आदमी पार्टी के नेताओं के चेहरे खिले नजर आए। युवा जिलाध्यक्ष दिनेश डाहोला, पूर्व जिलाध्यक्ष बलराम कटवाल, वीरेंद्र , दिलबाग संडील, स्वामी आदित्यवेश एवं आप के वीरेंद्र प्रधान, राजरूप छात्तर, पवन फौजी, आयुष खटकड़ लगातार हलके में मेहनत कर रहे थे। इंडिया गठबंधन के नेताओं ने कहा कि यह जीत जनता की जीत है।

## मतगणना केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद।**

**लोकसभा आम चुनाव** 2024 के मतों की गिनती चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में बनाए गए मतगणना केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई। जिला प्रशासन ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विधानसभा क्षेत्र अनुसार ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किए हुए थे। मतगणना पर्यवेक्षक अमित कुमार व उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल और विभिन्न राजनीतिक दलों के चुनाव एजेंटों की मौजूदगी में तीनों विधानसभा क्षेत्रों क्रमशः टोहाना, फतेहाबाद व रतिया के स्ट्रॉग रूम को खोला गया। मतगणना सुबह 8 बजे शुरू हुई। फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र के एआरओ राजेश कुमार, रतिया के लिए जगदीश चंद्र व टोहाना के एआरओ प्रतीक हुड्डा की देखरेख में शांतिपूर्ण तरीके से मतगणना हुई।

टोहाना विधानसभा क्षेत्र में कुल 166202 मतों की गणना की गई, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अशोक तंवर को 53161, जननायक जनता पार्टी के उम्मीदवार रमेश खटक को 915, बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार को लीलू राम को 3269, इंडियन नेशनल लोकदल के उम्मीदवार संदीप लोट वाल्मीकि को 3522 तथा इंडियन नेशनल कांग्रेस की उम्मीदवार को कुमारी सैलजा को 101572 मत मिले। इंडियन नेशनल कांग्रेस की उम्मीदवार कुमारी सैलजा ने अपने निकटतम प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अशोक तंवर को 48411 मतों से हराया। फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र में 178196 मतों की गिनती की गई, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अशोक तंवर को 72878, जननायक जनता पार्टी के उम्मीदवार रमेश खटक को 1559, बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार को लीलू राम को 1136, इंडियन नेशनल लोकदल के उम्मीदवार संदीप लोट वाल्मीकि को 3637 तथा इंडियन नेशनल कांग्रेस की उम्मीदवार को कुमारी सैलजा को 95519 मत मिले। इंडियन नेशनल कांग्रेस की उम्मीदवार कुमारी सैलजा ने अपने निकटतम प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अशोक तंवर को 22641 मतों से हराया। इसी प्रकार से रतिया विधानसभा क्षेत्र में कुल 160797 मतों की गिनती की गई। इंडियन नेशनल कांग्रेस की उम्मीदवार कुमारी सैलजा ने अपने निकटतम प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अशोक तंवर को 36332 मतों से हराया। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अशोक तंवर को 56353, जननायक जनता पार्टी के उम्मीदवार रमेश खटक को 900, बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार को लीलू राम को 602, इंडियन नेशनल लोकदल के उम्मीदवार संदीप लोट वाल्मीकि को 5414 तथा इंडियन नेशनल कांग्रेस की उम्मीदवार को कुमारी सैलजा को 92685 मत मिले। जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने बताया कि मतगणना के लिए तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए 14-14 टेबल लगाई गई थी। फतेहाबाद और टोहाना विधानसभा क्षेत्र में 17 राउंड और रतिया विधानसभा के लिए 16 राउंड हुए। प्रत्येक टेबल पर तीन सदस्यों का स्टाफ नियुक्त किया गया, जिनमें काउंटिंग सुपरवाइजर, काउंटिंग सहायक व काउंटिंग माइक्रो ऑब्जर्वर शामिल रहे। इसके अलावा मतगणना के लिए रिजर्व स्टाफ की भी व्यवस्था की गई थी।

## श्याम भक्तों ने निकाली खाटू श्याम निशान एवं कलश यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सोनीपत शहर में मंगलवार** को खाटू श्याम निशान एवं कलश यात्रा बैंड बाजों के साथ धूमधाम से निकाली। हजारों की संख्या में महिलाएं हाथ में बाबा का निशान एवम सिर पर कलश लेकर चल रहीं थीं। मंगलवार को यात्रा का शुभारंभ पूर्व मंत्री कविता जैन एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने किया और पूरी यात्रा में साथ रहे। मिशन रोड जैन मंदिर के प्रांगण से शुरू हुई यात्रा में महिलाएं बाबा श्याम के भजनों पर नाचते-गाते हुए चल रहीं थीं और बाजारों में सामाजिक एवं



धार्मिक संस्थाओं ने पुष्प वर्षा उनका भव्य स्वागत किया। यात्रा का आयोजन खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट द्वारा द्वितीय श्याम जन्मोत्सव के रूप में किया गया था। यात्रा का समापन सोनीपत धाम में बाबा खाटू श्याम की भव्य आरती के साथ हुआ। ट्रस्ट के प्रबंधक राजीव गोयल, राकेश मित्तल, अनुज मंगला, संजीव दहिया ने बाबा श्याम जी के रथ पर सवार होकर प्रसाद वितरित किया।

## न्यूज फ्लैश

### फैक्टरी मालिक की पंचर कार से एक लाख रुपये व कागजात से भरा बैग चोरी

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र में फैक्ट्री मालिक की पंचर कार से एक लाख रुपये की राशि व कागजात से भरे बैग के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर दो युवकों पर चोरी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस युवकों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

अशोक विहार फेस-1 दिल्ली ने सत्यानारायण ने बताया कि वह गन्नौर के पास गांव धतुरी में फैक्टरी बनवा रहा है। वह गत 1 जून को अपनी कार में चालक के साथ मिलकर कंपनी में जा रहा था। रास्ते में करीब 8 बजे टसकन सिटी के पास पहुंचा। तो चालक ने गाड़ी में पंचर होने की बात कही। दोनों गाड़ी से नीचे उतर गए। उसके बाद एयर पंप से गाड़ी में हवा भरने लगे। उसी दौरान दो नौजवान लड़कों ने गाड़ी से पिछली खिड़की खोलकर बैग चोरी कर लिया। बैग में कंपनी की फाइलें सहित जरूरी कागजात व एक लाख रुपये की राशि थी। अपने स्तर पर युवकों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुसिल ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी धर्मेंद्र ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल सवार दो दोस्तों को चपेट में लिया, उपचार के दौरान एक की मौत

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र के कामी सड़क मार्ग पर लस्सी लेकर बाइक पर लोट रहे दो युवकों को तेज रफ्तार कार ने चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने हादसे में जान गवाने वाले युवक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। नाराज परिजनों ने शहर के सड़क मार्ग पर जाम लगाकर कार चालक को गिरफ्तार करने की मांग की। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस टीम व भाजपा नेता मौके पर पहुंचे। जहां पजिरनों को आश्वन देने के बाद सड़क जाम को खोला। पुलिस कार चालक की तलाश कर रही है। हनुमान नगर विासी संदीप ने बताया कि वह दिल्ली में प्राइवेट नौकरी में अकाउंटेंट का काम करता है। गत 1 जून को उसका भाई आदित्य व उसका दोस्त कमल अपनी बाइक पर देर राम 10.20 बजे मुरथल अड्डा पर लस्सी लेने के लिए आए थे। वापिस लौटते समय तेज रफ्तार कार ने उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां आदित्य को टयूलिप अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहीं उसके भाई आदित्य को नागरिक अस्पताल में पहुंचा। उसके भाई को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतक के भाई के बयान पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**नाराज परिजनों ने लगाया जाम, कार चालक की गिरफ्तारी पर अड़े, भाजपा नेता ने समझाया-** देर रात हुए सड़क हादसे में नाराज परिजनों ने सड़क मार्ग पर जाम लगा दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची ओल्ड चौकी पुलिस ने परिजनों को समझाया। परिजन कार चालक की गिरफ्तारी पर अड़ गए। जाम की सूचना के बाद भाजपा नेता राजीव जैन भी पहुंचे। जहां पुलिस व भाजपा नेता ने परिजनों ने समझाकर परिजनों को कार चालक की जल्द गिरफ्तारी का आश्वन दिया। उसके बाद परिजनों ने सड़क जाम को खोला।

# बापू आसाराम आश्रम में दो दिवसीय शिविर का हुआ समापन

### विद्यार्थियों ने 45 डिग्री के तापमान में भी नाच गाकर सीखी परीक्षा में अव्वल आने की युक्तियां

**सर्वांगीण विकास**

**आश्रमों में जून की छुट्टियों में विद्यार्थी उज्जवल भविष्य निर्माण शिविरों का आयोजन करवाया जाता है**





**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य को लेकर आसाराम बापू ने पूरे भारत में हजारों की संख्या में बाल संस्कार केंद्र चलाए हुए हैं ताकि उनके केदो पर जाकर प्रत्येक विद्यार्थी अपना सर्वांगीण विकास कर सके इसके अलावा देशभर के सभी आश्रमों में जून की छुट्टियों में विद्यार्थी उज्जवल भविष्य निर्माण शिविरों का आयोजन करवाया जाता है इसी कड़ी के तहत अंबाला पंजोखरा तोपखाना रोड पर स्थित संत आसाराम बापू आश्रम में दो दिवसीय शिविर का आयोजन करवाया गया था उसका आज समापन हो गया शिविर के समापन अवसर पर श्री योग वेदांत सेवा समिति के सभी सदस्यों ने विभिन्न प्रकार की करवाई गई प्रतियोगिताओं में पहले दूसरे व तीसरे नंबर पर आए विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया आगरा गुरुकुल से आए अवनीश भाई ने बच्चों में इस कदर जोश भरा कि शिविर के अंतिम दिन भी बच्चों का आश्रम से आने का मन नहीं था कुछ विद्यार्थियों ने तो यहां तक कहा कि उनकी श्री योग वेदांत सेवा समिति से विनम्र प्रार्थना है कि यह शिविर वर्ष में एक बार नहीं बल्कि दो बार आयोजित करवाए शिविर में विद्यार्थी जतिन को आदर्श विद्यार्थी खीताब से सम्मानित किया गया कार्यक्रम में अवनीश भाई ने सभी विद्यार्थियों को कहा की वह प्रतिदिन सुबह उठकर यहां दो दिन में सिखाई गई दिनचर्या को अपने जीवन में अवश्य प्रयोग में लाएं इस वैदिक परंपरा से अपनी दिनचर्या बनाने से विद्यार्थी अपना सर्वांगीण विकास कर सकता है जिन विद्यार्थियों को अपनी बुद्धि मेघा शक्ति बढ़ानी है उनको चाय को जीवन से दुश्मन की भांति अलविदा कह देना चाहिए इसकी जगह उन्हें सुबह 5 पत्ते तुलसी के चबाकर पानी पीने वाला प्रयोग करना चाहिए तथा भ्रामरी प्राणायाम, सूर्य को जल देना, ताड़ासन, शिवासन तथा ज्ञान मुद्रा में बैठकर आज्ञा चक्र पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए गुरुकुल परंपरा से जो विद्यार्थी अपने जीवन को बनाएगा उसकी उन्नति को कोई नहीं रोक सकता वह पढ़ाई में तो अव्वल आएगा ही जीवन की चुनौतियां सहज की पर कर जाएगा सभी बच्चों ने वक्ता अवनीश भाई, समिति सदस्यों व आश्रम के संचालक संतोष भाई के साथ एक यादगार तस्वीर भी खिंचवाई कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों व सेवादारियों ने सदगुरुदेव की आरती उतार कर दंडवत प्रणाम किया

## मुरलीधर डीएवी स्कूल के छात्रों ने स्विमिंग में मारी बाजी



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** फिन स्वीमिंग चैंपियनशिप में मुरलीधर डीएवी विद्यालय के छात्रों ने बाजी मारी। चौथा हरियाणा राज्यफिन तैराकी चैंपियनशिप 2024 फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में मिनिस्ट्री आफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स, भारत सरकार की ओर से 1 जून और 2 जून को आयोजित की गई। जिसमें मुरलीधर डी ए वी पब्लिक विद्यालय के छात्रों ने दो स्वर्ण पदक जूनियर सी में व जूनियर बी में रिले (लड़के) ने प्राप्त किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर आर आर सूरी जी ने विजेता छात्रों को बहुत-बहुत बधाई दी व भविष्य में भी ऐसे ही सफलता प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दी व साथ ही विद्यालय के स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर श्री सुरेश कॉल व स्पोर्ट्स अध्यापक श्री स्वर्ण लाल को भी बधाई दी।

**बधाई दी**

**विद्यालय के स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर श्री सुरेश कॉल व स्पोर्ट्स अध्यापक श्री स्वर्ण लाल को भी बधाई दी**

## पांच हजार के ईनामी व दुष्कर्म करने के आरोपित को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: क्राइम** यूनिट सेक्टर-3 सोनीपत पुलिस ने पांच हजार के ईनामी व लड़की के साथ दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित साहिल निवासी हसनपुर झज्जर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक व्यक्ति ने 18 मई को 2020 को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसकी बेटी की आयु 20वर्ष है। वह 16 मई को बिना किसी से कुछ बताएं घर से चली गई। अपने स्तर पर बेटी की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। वहीं लड़की को बरामद करके अदालत में बयान दर्ज करवाएं। वारदात के बाद से आरोपित भूमिगत था।

## अंकुश ने जूनियर कटैगरी मैन फिजिक्स में प्रतिभा का लोहा मनवाया




**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा: बॉडी** बिल्डिंग एंड फिटनेस स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा आयोजित ऑल ओवर इंडिया से मिस्टर एंड मिस इंडिया बॉडीबिल्डिंग कंपटीशन में समालखा के अंतर्गत नेशनल हाईवे 44 स्थित महादेव फिटनेस जिम से अंकुश बैनिवाल ने जूनियर कटैगरी मैन फिजिक्स में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए देश भर से आए हुए करीब 150 खिलाड़ियों को पछाड़कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। साथ ही साहिल छौक्कर ने भी मैन फिजिक्स में गोल्ड मेडल जीतकर अपने शहर, अपने माता-पिता सहित अपने कोच का मान बढ़ाया है। इस सफलता से परिजनों और नगरवासियों में खुशी की लहर है। सोमवार को जिम में आने पर दोनो प्रतिभागियों का पैसों के हार व फूलमालाओं से पुष्प वर्षा कर नगद इनाम देते हुए जोरदार स्वागत किया। महादेव जिम से कोच राहुल व चैयरमैन अर्जुन कुहाड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली के शाह ऑडिटोरियम में बॉडीबिल्डिंग एंड फिटनेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित मिस्टर एंड मिस इंडिया बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में देश भर से करीब 150 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। जिसमें महादेव जिम से दो खिलाड़ियों अंकुश बैनिवाल और साहिल छौक्कर ने हिस्सा लिया था। जिन्होंने प्रतियोगिता में बेहतरीन शरीर फिटनेस का प्रदर्शन करते हुए अलग-अलग कैटेगरी में 5 मेडल जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर , अपने कोच और माता पिता का मान बढ़ाया है। जहां अंकुश बेनीवाल ने जूनियर कैटिगरी मैन फिजिक्स में गोल्ड मेडल, सीनियर मैन में सिल्वर मेडल सहित जूनियर बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल के साथ तीन मेडल जीते है। वही गांव किवाना निवासी साहिल छौक्कर ने मैन फिजिक्स में गोल्ड मेडल और बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल के साथ दो मेडल अपने नाम किए।

दोनों खिलाड़ियों ने अपनी जीत का श्रेय अपने कोच और अपने माता-पिता को दिया है। अंकुश बैनिवाल व साहिल छौक्कर ने बताया कि समय-समय पर कोच वह माता-पिता का मार्गदर्शन मिलता रहा है।

# नशे के विरुद्ध सामान्य जन को किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के प्रमुख ओपी सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साहब के दिशा-निर्देशों और पुलिस अधीक्षक पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर नई पीढ़ी को नशे से दूर रहने के लिए कारण सहित प्रेरित किया जा रहा है। इस कड़ी में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा मंगलवार को कुरुक्षेत्र जिले में विभिन्न स्थानों पर लोगों को एकत्रित कर नशे के विरुद्ध जागरूक किया। आज प्रातः वे साइकिल पर सवार होकर विभिन्न स्थानों पर गए। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने सामान्य जन को एकत्रित कर बताया कि हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो हरियाणा नशे के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। कोई व्यक्ति अनजाने में नशे का शिकार न हो अथवा नशा तस्करी में संलिप्त न हो जाए। इसीलिए हरियाणा के प्रत्येक स्थान पर नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि यदि ये नशे किसी भी रूप में हमारे लिए अच्छे होते तो सबसे पहले हमारे माता पिता हमें सेवन के लिए देते और सरकार इनके ठेके खोल देती

**जागरूक किया**

**यदि ये नशे किसी भी रूप में हमारे लिए अच्छे होते तो सबसे पहले हमारे माता पिता हमें सेवन के लिए देते**

# कुष्ठ रोगी समाज के अभिन्न अंग: कर्नल राजकुमार



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** कुष्ठ रोगी समाज के अभिन्न अंग हैं, सभी को इनकी मदद करनी चाहिए।यह शब्द कर्नल राजकुमार मलिक ने कुष्ठ आश्रम में कुष्ठ रोगियों की मदद करने उपरांत कहे। कर्नल राजकुमार मलिक आज अपने साथियों के साथ कुष्ठ आश्रम पहुंचे। उन्होंने श्री राम कुष्ठ आश्रम में रहने वाले कुष्ठ रोगियों से कुष्ठ आश्रम की सभी जानकारी ली तथा उनके बच्चों की पढ़ाई के बारे पुछा तो उन्होंने कहा कि उनके बच्चे नजदीक के गांव बिशनगढ़ के सरकारी स्कूल में पढ़ रहे हैं। स्कूल में सरकार द्वारा दी जा रही सभी सुविधाएं उनके बच्चों को मिल रही हैं। कुष्ठ आश्रम परिसर में एक सुंदर मन्दिर है जिसके लिए कर्नल राजकुमार मलिक ने सीलिंग फैन दान में दिया। कर्नल मलिक ने उन्हें आश्वस्त किया कि वह समय - समय पर आपके सुख दुःख में मदद करने के लिए आपके बीच में आते रहेंगे और उनकी जो भी समस्या होगी उनको प्रशासन के समक्ष अवश्य उठाएंगे।

## घर से एलईडी व सामान चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र के मोहन नगर में बंद घर से एलईडी व सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार दिल्ली में रहता है। अब वह घर पर आए तो चोरी का पता चला। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। सुभाष विहार दिल्ली निवासी नरेश सहगल ने बताया कि सोनीपत के मोहन नगर में उनका दो मंजिला घर है। वह घर पर सप्ताह में आते रहते हैं। वह 31 मई की रात को घर आए तो दरवाजे के ताले कटे हुए मिले। कमरों के ताले टूटे पड़े थे। अंदर जाकर जांच की तो सामान बिखरा पड़ा था।

## प्रांतीय शिविर में आर्यवीरों का हुआ यज्ञोपवीत संस्कार




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** गुरुकुल में चल रहे प्रान्तीय आर्यवीर दल शिविर में आज सभी आर्यवीरों का यज्ञोपवीत संस्कार सम्पन्न हुआ। आचार्य दयाशंकर शास्त्री जी के मार्गदर्शन वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सभी आर्यवीरों ने जनेऊ धारण किया। उन्होंने कहा कि यज्ञोपवीत के ये तीन धागे हमें अपने देवों के प्रति, हमारे ऋषियों के प्रति तथा हमारे माता-पिता के प्रति हमारे जो ऋण, कत्र्तव्य और दायित्व हैं उनका स्मरण कराते हैं। पहला ऋण माता-पिता का ऋण है, दूसरा ऋण गुरुओं का ऋण है तथा तीसरा ऋण ऋषि ऋण होता है, हमें इन तीनों ऋणों से उऋण होने के लिए अच्छे आचरण और उत्तम कार्य करने चाहिए। उन्होंने कहा कि यज्ञोपवीत धारण करने वाले युवा भाग्यशाली है, यह कोई मामूली धागा नहीं है मुगलकाल में वीर हकीकत राय ने वैदिक धर्म निभाते हुए अपने जीवन का बलिदान कर दिया था। उन्होंने चोटी और यज्ञोपवीत उतारने की बजाए अपने प्राणों की आहूति दे दी थी इसलिए वैदिक संस्कृति में यज्ञोपवीत का बड़ा महत्त्व है। यज्ञोपवीत संस्कार के उपरान्त सभी आर्यवीरों ने समाज से पाखण्ड, अंधविश्वास आदि बुराइयों को मिटाने का संकल्प लिया। इस दौरान युवाओं ने भारी संख्या में हाथों व गले में पहने हुए काले धागे, कंडे-ताबीज आदि उतारकर पांखण्ड से दूर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर भजनोपदेशक महाशय जयपाल आर्य, प्रचार प्रमुख विशाल आर्य, वरिष्ठ योग शिक्षक सूर्यदेव आर्य, व्यायाम शिक्षक संदीप वैदिक, अमित आर्य, सोहनवीर आर्य, नरेश आर्य, महावीर आर्य, सुरेन्द्र आर्य, आर्यमित्र आर्य सहित सभी प्रशिक्षक मौजूद रहे।

**संकल्प**

**युवाओं ने समाज से नशाखोरी, अज्ञानता, पाखण्ड को दूर करने का लिया संकल्प**

# चोरी करने के 3 आरोपियों को किया तफ्तीश में शामिल




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस ने घर से चोरी करने के तीन आरोपियों को मामले में शामिल तफ्तीश करके गिरफ्तार किया हैं । अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने घर से चोरी करने के आरोप में शिव कुमार उर्फ सन्नी पुत्र बृजमोहन वासी चक्रवर्ती मौहल्ला थानेसर हाल वासी चनारथल कालोनी थानेसर व तरुण आजाद पुत्र मनोज कुमार वासी उदय विहार दिल्ली व पंकज उर्फ भोला पुत्र दिनेश कुमार वासी राम चन्द्र कालोनी थानेसर को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर मामले मे गिरफ्तार करके एक सोने चैन व चांदी की पायल बरामद करने मे सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 29 फरवरी को थाना कृष्णा गेट पुलिस को दी अपनी शिकायत में राहुल पुत्र उत्तम कुमार वासी दुखभजन कालोनी थानेसर ने बताया कि 25 फरवरी को सुबह समय करीब 5 बजे वह और उसके पिता अपने घर का ताला लगाकर गुडगाँव गये हुए थे। शाम को जब वह वापस आये तो देखा कि उसके घर के दरवाजे के ताले टूटे हुए हैं और घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है । घर के अंदर से सोने के गहने, सामान व नकदी कोई नामालूम चोर चोरी करके ले गया है। जिसकी शिकायत पर थाना कृष्णा गेट में मामला दर्ज करके जांच हैड कांस्टेबल अजय कुमार को सौंपी गई । बाद मे मामले की जांच अपराध अन्वेषण शाखा-2 को दी गई । दिनांक 3 जून 2024 को अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहनलाल के मार्गनिर्देश मे हैड कांस्टेबल राम कुमार, वीरेंद्र विक्रम, सुरेन्द्र व पी एस आई प्रमोद की टीम ने घर से चोरी करने के आरोप में शिव कुमार उर्फ सन्नी पुत्र बृजमोहन वासी चक्रवर्ती मौहल्ला थानेसर हाल वासी चनारथल कालोनी थानेसर व तरुण आजाद पुत्र मनोज कुमार वासी उदय विहार दिल्ली व पंकज उर्फ भोला पुत्र दिनेश कुमार वासी राम चन्द्र कालोनी थानेसर को मामले में प्रोडक्शन वारंट लेकर मामले में शामिल तफ्तीश करके गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से कब्जा से एक सोने चैन व चांदी की पायल बरामद। आरोपियों को माननीय अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया ।

**गिरफ्तार**

**घर के अंदर से सोने के गहने, सामान व नकदी कोई नामालूम चोर चोरी करके ले गया है**

# गली निर्माण को लेकर गांव के नंबरदार की पीट-पीटकर हत्या

### मृतक के भाई के बयान पर आठ आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:मोहाना** थाना क्षेत्र के गांव नैना ततारपुर में पंचायत की तरफ से किए जा रहे गली के निर्माण को लेकर नंबरदार का पड़ोसी के साथ झगड़ा हो गया। जिसमें पंचायती तौर पर समझौता होने के बावजूद रात को गली में घूमने निकले नंबरदार पर पड़ोसी ने परिजनों संग मिलकर हमला कर दिया। आरोप है कि उन्हें पड़ोसी अपने घर में घसीटकर ले गए और वहां भी पीटा। नंबरदार के भाई व भतीजा बचाव को गए तो भतीजे को भी घायल कर दिया। परिजन दोनों को लेकर अस्पताल में पहुंचे, जहां चिकित्सक ने नंबरदार को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के भाई के बयान पर आठ आरोपियों के खिलाफ हत्या, मारपीट व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव नैना ततारपुर निवासी अजमेर ने बताया कि उनके गांव में पंचायत की तरफ से गली का निर्माण किया जा रहा है। 31 मई को उनके बड़े भाई सुभाष (40) के साथ गली निर्माण को लेकर पड़ोसी ईश्वर ने झगड़ा कर दिया था। जिसमें उसी दिन आपस में राजीनामा भी हो गया था। जिससे उन्होंने इस बात को भूला दिया। 1 जून को रात करीब 10 बजे उनके भाई सुभाष खाना खाकर गली में घूमने के लिए निकले थे। इ

सी दौरान एक दिन पहले हुए झगड़े की रंजिश में गांव के ईश्वर, उसके बेटे हिमांशु व हन्नी, पत्नी नीलम, भाई संजय व संजय की पत्नी बेबी, ईश्वर के दूसरे भाई बंटी और उसकी छोटी बहन ने उनके भाई पर हमला कर दिया।

**केस दर्ज**

**मृतक के भाई के बयान पर आठ आरोपियों के खिलाफ हत्या, मारपीट व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया**

# मई-जून की गर्मी में कार्यकर्ताओं की तपस्या को मेरा नमन: मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**लोकसभा चुनाव 2024** चुनाव भारी मतों के अंतर से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की जीत का पानीपत में अनेक स्थानों पर जश्न मनाया गयो जश्न समारोह का शुभारंभ भाजपा जिला कार्यालय से हुआ। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के यहां पहुंचने पर भाजपा के जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने स्वागत किया। प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता, सहकारिता राज्य मंत्री महिपाल ढांडा, राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पवार, सांसद संजय भाटिया, पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज, घरौंडा विधायक हरविन्द्र कल्याण,



पूर्व मेयर अवनीत कौर, जिला महामंत्री कृष्ण छोक्कर, राहुल विज, चाँद भाटिया, रामफल सिंह और कश्मीर खासा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी पुष्प वर्षा कर स्वागत कियो विजय समारोह का शुभारंभ भारत माता की जय और वंदे मातरम के साथ हुआ।

**मई जून की गर्मी में कार्यकर्ताओं की तपस्या को मेरा नमन - मनोहर**

समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र ही नहीं बल्कि विश्व का सफलतम लोकतंत्र भी है इस बार 543 सीटों पर 7 चरणो में चुनाव सम्पन्न हुओ हरियाणा में मतदान छठे चरण में 25 मई को हुओ उन्होंने कहा कि चुनाव को शान्तिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने में जहां भारत निर्वाचन आयोग के अधिकारी व कर्मचारियों और जिला प्रशासन का सहयोग रहा वहीं भारत के मीडिया ने भी इस चुनाव को रोचक बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी उन्होंने सभी की खुले दिल से प्रशंसा करते हुए कहा कि इस मई, जून की भीषण गर्मी में आदमी का बाहर निकलना मुश्किल थो ऐसे दौर में हर कार्यकर्ता के साथ-साथ पानीपत भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट और करनाल के भाजपा जिला अध्यक्ष योगेन्द्र राणा के कुशल चुनाव प्रबंधन की वजह से भाजपा को बड़ी जीत मिली है इनकी भी हम खुले मन से प्रशंसा करते हैं मनोहर लाल ने करनाल लोकसभा के संयोजक एवं विधायक हरविन्द्र कल्याण, सांसद संजय भाटिया, राज्यसभा सांसद कृष्ण पंवार और पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज, सहकारिता राज्य मंत्री महिपाल ढांडा, समालखा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मनजीत डिकाडला, इसराना मंडल अध्यक्ष जसबीर टिटाना और पानीपत जिला के सभी कार्यकर्ताओं का भी आभार व्यक्त किया।

# कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं का मैं बहुत आभारी: नवीन जिन्दल



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र** संसदीय क्षेत्र से तीसरी बार निर्वाचित भारतीय जनता पार्टी के नेता नवीन जिन्दल ने मतदाताओं का धन्यवाद किया और उनका आभार जताया। चुनाव जीतने की खुशी में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ उन्होंने रोड शो निकाला और मां भद्रकाली का आशीर्वाद लिया। शाम ढलते ही जिन्दल हाउस मोहन नगर के आगे हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लग गया। जैसे ही जीत करीब दिखी, पूरे संसदीय क्षेत्र में खुशी के लड्डू बंटने लगे और आतिशबाजी की आवाज चारों ओर गूंजने लगी। इसके बाद हजारों कार्यकर्ताओं के साथ श्री नवीन जिन्दल ने रोड शो निकाला औरमतदाताओं का धन्यवाद करते हुए मां भद्रकाली मंदिर पहुंच कर उनका आशीर्वाद लिया। श्री जिन्दल ने इस अवसर पर मतदाताओं का धन्यवाद किया और हरसंभवसेवा का संकल्प लिया।

## न्यूज फ्लैश

### पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें विशेष ध्यान देना होगा : श्री श्री रवि शंकर

**पानीपत/कमाल हुसैन आर्ट** ऑफ लिविंग हरियाणा स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर कुसुम धीमान द्वारा एक वर्चुअल मीटिंग ली गई। जिसमें पर्यावरण दिवस पर गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी के विचार सांझा करते हुए उन्होंने कहा कि पर्यावरण हमारा पहला शरीर है, जहाँ से हमें भोजन मिलता है। हमारी पाँचों इन्द्रियों का भोजन हमें हमारे वातावरण से मिलता है। हमारा पूरा जीवन भोजन, स्वच्छ जल, शुद्ध हवा और अग्नि पर निर्भर है। ये सभी हमें पृथ्वी तत्व, जल तत्व, वायु तत्व और अग्नि तत्व से मिलते हैं । ये सभी चार तत्व आकाश तत्व में रहते हैं। इसलिए हमें इन पांचों का सम्मान करना चाहिए और इन्हें शुद्ध रखना चाहिए। प्रकृति स्वयं अपना कायाकल्प कर लेगी लेकिन उसके लिए हमें कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। भूमि में कीटनाशक और हानिकारक रसायनिक उर्वरक डालकर भूमि को न प्रदूषित करें। जब कभी आप किसी भी जंगल में जाएंगे तो देखेंगे कि वहां बहुत से जानवर रहते हैं लेकिन वे धरती को गंदा नहीं करते। लेकिन मनुष्य जहां रहते हैं वहीं पर्यावरण को दूषित करते रहते हैं। इसमें तुरन्त सुधार होना चाहिए।

### पर्यावरण प्रहरी शिक्षक बोधराज दे रहे पर्यावरण संरक्षण की शिक्षा

**पानीपत/कमाल हुसैन राजकीय** प्राथमिक पाठशाला वार्ड 10 रानी महल पानीपत में कार्यरत गांव राजाखेड़ी निवासी जेबीटी शिक्षक बोधराज पिछले लगभग 13 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं और दूसरों के लिए प्रेरणापन कार्य कर रहे हैं। पर्यावरण के प्रति जुनून ने ही उनको पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। अपनी स्कूली शिक्षा के समय से ही पौधे लगाने शुरू किये जो अब शिक्षण के पेशे में आने के बाद विद्यार्थियों के साथ मिलकर कर रहे हैं। बेटियों के जन्मदिन पर उपहार स्वरूप बाँटते हैं पौधे। इसके साथ ही पीटीएम में भी अभिभावकों और विद्यार्थियों को देते हैं औषधीय पौधे ताकि वे भी पर्यावरण संरक्षण से जुड़ सकें। हर वर्ष विश्व पृथ्वी दिवस, विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधे लगाते, वितरण करते हैं साथ ही पक्षियों के दाना पानी के लिए सकोरे बाँटते हैं । विद्यार्थियों को वितरण करने के लिए खुद पौधे तैयार करते हैं। अभी तक 10000 से भी ज्यादा पौधे वितरण कर चुके हैं तथा 2011 से अभियान निरन्तर जारी है। मुख्य उद्देश्य आने वाली पीढ़ी के लिए स्वस्थ साँसों का इन्तजाम करना है ताकि उनको शुद्ध वातावरण मिल सके।

### गुरूद्वारों में निःशुल्क शिक्षा शुरू

**पानीपत, कमाल हुसैन** साहिब सेवा सोसाइटी व सिख मिशनरी कॉलेज सर्कल समुह गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के सहयोग से आज 22 गुरूद्वारा में निःशुल्क शिक्षा आरंभ हुई। सेवादार जितेन्द्र नारंग व स.सतनाम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा तीसरी से 12वीं तक 3 जून से 15 जून तक सुबह 8 बजे से 10:30 तक कोई भी निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर सकता है।

### जुआ खेलते 4 युवक गिरफ्तार, दाव पर लगी 10760 रुपए की नगदी बरामद

**पानीपत ,कमाल हुसैन**
**थाना चांदनी बाग** पुलिस टीम ने धूपसिंह नगर में जुआ खेल रहे 4 युवकों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से जुआ खेलने में प्रयुक्त एक जोड़ी ताश के पत्ते व दाव पर लगी 10760 रुपए की नगदी बरामद हुई। थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश शर्मा ने बताया कि उनकी टीम सोमवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान सनौली रोड पर मलिक पेट्रोल पंप के पास मौजूद थी। तभी टीम को गुप्त सूचना मिली की धूप सिंह नगर में नीरजा मेडिकल स्टोर के पास एक गैर आबाद कोठड़े में 4 युवक बैठकर ताश के पत्तों पर पैसे दाव पर लगाकर जुआ खेल रहे है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर जुआ खेल रहे 4 युवकों को काबू कर उनके कब्जे से एक जोड़ी ताश के पत्ते व दाव पर लगी 10760 रुपए की नगदी बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान समीर निवासी सीतापुर यूपी हाल धूपसिंह नगर, जतिन निवासी धूपसिंह नगर, सोहेल निवासी विद्यानंद कॉलोनी व इरसाद निवासी हरमेजपुर शामली यूपी हाल धूप सिंह नगर के रूप में हुई।

# जींद के सतपाल ब्रह्मचारी बने सोनीपत से सांसद

**टीम एक्शन इंडिया**
सोनीपतः लोक सभा आम चुनाव 2024 में 18वीं की सोनीपत लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार सतपाल ब्रह्मचारी ने मंगलवार को ऐतिहासिक जीत हासिल की है। सोनीपत संसदीय क्षेत्र से जिला जींद के सांसद बनने वाले सतपाल ब्रह्मचारी पहले हैं। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार मोहनलाल बडोली को 21816 वोट के अंतर से से हराया है। मंगलवार को मिली जीत कांग्रेस के लिए एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखी जा रही है और सोनीपत में कांग्रेस समर्थकों ने इस जीत का जोरदार जश्न मनाया। सतपाल ब्रह्मचारी 548682 वोट मिले तो मोहन लाल बडौली को 526866



वोट जीत का अंतर रहा है। अभी जीत का प्रमाण पत्र दिया जाना है। सोनीपत संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत सोनीपत, गन्नौर, गोहाना, राई, खरखौदा, बरोदा, जींद जुलाना, सफीदों में चुनाव परिणाम घोषित होते ही कांग्रेस कार्यालय और सतपाल ब्रह्मचारी के निवास पांडूपिडारा में सोनीपत के कार्यालय जश्न का माहौल बन गया। समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाचते हुए अपनी खुशी का इजहार किया। पटाखों की गूंज और फूलों की बरसात के साथ कांग्रेस समर्थक एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर इस जीत का जश्न मनाने में जुट गए। सतपाल ब्रह्मचारी ने अपने समर्थकों और कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत जनता के विश्वास और उनके कठिन परिश्रम का परिणाम है। सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि यह जीत हर उस नागरिक की है जिसने मुझ पर और कांग्रेस पार्टी पर अपना विश्वास जताया है। मैं अपने क्षेत्र की सेवा के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण से काम करूंगा। जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ करूंगा। उनके इस वादे पर समर्थकों ने जोरदार तालियों के साथ उनका स्वागत किया। विजय जुलूस के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने हरमन प्यारे संत नेता सतपाल ब्रह्मचारी को फूलों की माला पहनाई।

# भाजपा की जीत पर जगबीर आर्य ने मनाई होली व दिवाली



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**भाजपा** जिला किसाना मोर्चा के जिला प्रभारी जगबीर आर्य ने लोकसभा चुनाव में एनडीएस को पूर्ण बहुमत मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस बड़ी जीत का श्रेय पीएम नरेंद्र मोदी के कामों व कार्यकर्ताओं की मेहनत को जाता है। वहीं जगबीर आर्य ने भाजपा को वोट देने पर जनता का आभार जताया है। जगबीर आर्य ने भाजपा की जीत की खुशी में जहां लड्डू बांटे तथा कार्यकर्ताओं को गुलाल लगा कर होली मनाई। वहीं रात को दिए जलाकर दिवाली मनाई। इस अवसर पर मंडल महामंत्री राम निवास शर्मा, नवीन शर्मा नन्हेंड़ा,महेश त्यागी सरपंच झाम्बा, कुलदीप, दीपक, यामिन व अमित आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# पुलिया की दीवार नही होने से आए दिन हो रहे हादसे

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**
**गांव मनाना से पहले** रजवाहे पर बनी हुई पुलिया नहरी विभाग की लापहरवाही के कारण हादसों का कारण बन रही है। इस बारे में नहरी विभाग के अधिकारी को शिकायत करने के बावजूद भी समस्या का समाधान हुआ। जिससे ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीण नरेश, महेन्द्र, सतबीर, बिजेन्द्र, विनोद, मुकेशआदि ने बताया कि समालखा-मनाना रोड पर गांव मनाना से पहले रजवाहे पर बनी पुलिया हादसों को निर्मत्रण दे रही है। पुलिया के दोनों तरफ दीवार (रेलिंग) नहीं होने के कारण आए दिन वाहन सवार हादसे का शिकार



हो रहे हैं और नीचे गिरने से जख्मी हो रहे हैं। इसमें दोपहिया वाहन चालक अधिक हैं। इसको लेकर कई बार अधिकारियों को शिकायत की लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ।

इसको लेकर वो कुछ महीने पहले नहरी विभाग के आला अधिकारी से उसके निवास पर भी मिले थे और लिखित में इसकी शिकायत दी थी।

# मोदी के विकास रुपी विजन पर जनता ने लगाई जीत की मोहर : कृष्णपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबादः फरीदाबाद लोकसभा** क्षेत्र से लगातार तीसरी बार जीत की हैट्रिक लगाने वाले नवनिर्वाचित सांसद कृष्णपाल गुर्जर ने अपनी जीत पर फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र की देवतुल्य मतदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उन पर जो विश्वास जताया है, इसके लिए वह सदैव उनके ऋणी रहेंगे। एक लायक बेटे की तरह फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए कोई कोर कसर बाकि नहीं छोड़ेंगे और चुनाव प्रचार के दौरान जनता से जो विकास के वायदे किए हैं, उन्हें जल्द पूरा



करके फरीदाबाद को देश के मानचित्र पर नंबर वन बनाने का काम करेंगे। गुर्जर ने कहा कि देश में तीसरी बार एनडीए की सरकार बनेगी और नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर विकसित भारत के स्वप्न को पूरा करेंगे।

उन्होंने कहा कि विकास का जो विजन नरेंद्र मोदी जी ने दस सालों के दौरान जनता के समक्ष रखा था, लोगों ने उस विजन पर अपने विश्वास की मोहर लगाई है।

# बंतो के काम नहीं आया कटारिया फैक्टर

**चंडीगढ़। अंबाला लोकसभा** सीट से भाजपा उम्मीदवार बंतो कटारिया अपने पति स्वर्गीय रतनलाल कटारिया की मौत के बाद सहानुभूति नहीं ले पाई। वे पार्टी की भितरघात का शिकार हो गईं। बंतो कटारिया ने चुनाव प्रचार के दौरान भी कई बार हाईकमान को इस बारे में शिकायतें की थी। यहां पूर्व गृहमंत्री अनिल विज पूरे प्रचार के दौरान अंबाला से बाहर नहीं निकले। विज ने खुद को अंबाला छावनी तक ही सीमित रखा था। राजनीतिज्ञों की मानें तो बंतो कटारिया के पास चुनाव प्रबंधन के लिए मजबूत टीम का अभाव रहा। यही नहीं वरूण मुलाना ने प्रचार के दौरान भाजपा को जहां कई तथ्यों के आधार पर घेरा, वहीं बंतो कटारिया के पास तथ्यों के आधार पर जवाब देने वाला कोई नहीं था।

# नेस्ले-चुलकाना रोड निर्माण नहीं होने से लोग परेशान

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**नेस्ले चुलकाना रोड** का निर्माण नहीं होने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धूल मिट्टी के कारण लोगों का बुरा हाल है। जबकि करीब तीन महीने पहले स्थानीय प्रशासन द्वारा इसके निर्माण की बात कही थी।
उल्लेखनीय है कि नेस्ले-चुलकाना रोड जीटी को चुलकाना रोड से जोड़ता है। साथ ही विभिन्न गांवों को जाने वाला रास्ता भी है। इसके जरिए दिल्ली की तरफ से आने वाले लोग समालखा शहर में प्रवेश किए बिना सैवंटी माईल स्टोन के पास से नेस्ले रोड से होते हुए चुलकाना, किवाना आदि गांवों को जा सकते हैं। गत मार्च में चुलकाना के प्रसिद्ध श्याम



बाबा मंदिर में फाल्गुन महोत्सव के अवसर पर इस रोड को बनाने की बात भी स्थानीय प्रशासन द्वारा कही गई थी। लेकिन तीन महीने बीत जाने के बावजूद भी इसका निर्माण नहीं हो सका है। मार्च में इस पर रोड़े डाले गए थे। विकास, राहुल, महेश, जयप्रकाश आदि का कहना है कि दिनभर वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। जिससे उड? वाली धूल-मिट्टी के कारण आसपास के घरों में रहने वालों का बुरा हाल है। लोग बीमार हो रहे हैं। साथ ही कई बार तो दोपहिया वाहन चालक खस्ता हाल रास्ते पर गिरकर जख्मी हो चुके हैं। बावजूद इसके कोई सुध नहीं ली जा रही है। फाल्गुन महोत्सव पर तो प्रशासन बड़े बड़े दावे कर रहा था लेकिन इसके समाप्त होते ही प्रशासन के किए वायदे भी गायब हो गए।

# बसपा का हाथी पड़ा जजपा व इनेलो पर भारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार। हिसार लोकसभा** क्षेत्र का इस बार का चुनाव परिणाम काफी रोचक व चौंकाने वाला है। इस चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा को जहां हार का मुंह देखना पड़ा, वहीं कांग्रेस ने 20 वर्ष बाद वापसी की है। खास बात यह है कि बहुजन समाज पार्टी का हाथी इस चुनाव में जजपा व इनेलो को रौंदते हुए आगे निकल गया है। मंगलवार को हुई मतगणना के दौरान इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जयप्रकाश ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। उन्होंने सत्तारूढ़ भाजपा के उम्मीदवार रणजीत सिंह को करारी शिकस्त दी है। खास बात यह है कि यहां पर इनेलो व जजपा की जमकर दुर्गति हुई है। दोनों पार्टियां जमानत बचाने लायक तो दूर, कहीं नजर न आने वाली पार्टी बसपा का मुकाबला भी नहीं कर पाईं। बसपा के उम्मीदवार ने इन दोनों पार्टियों से ज्यादा वोट प्राप्त किए हैं। यहां से बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार देशराज ने अंतिम समाचार मिलने तक लगभग 26 हजार वोट प्राप्त किए हैं। दूसरी तरफ कुछ समय पहले तक सरकार में सांझेदार रही जजपा उम्मीदवार नैना सिंह चौटाला को लगभग 22 हजार व इनेलो की सुनैना को लगभग साढ़े 22 हजार वोट मिले हैं। ऐसे में बसपा का हाथी इन पर भारी पड़ा है। इनेलो व जजपा ने किसान व कमेरे के नाम पर वोट मांगे थे लेकिन मतों को देखकर लगता है कि न तो किसानों ने उनका साथ दिया और न ही कमेरों ने।

# कांग्रेस के सतपाल ब्रह्मचारी आए जींद के लोगों को रास

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींदः सोनीपत लोकसभा** के अंतर्गत जींद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रमेश कौशिक को 74649 मत मिले थे, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा को 34126 मत मिले थे। भाजपा के रमेश कौशिक जींद विधानसभा से 40523 मत से विजयी हुए थे। इसी तरह वर्ष 2024 में जींद विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी मोहनलाल बडोली को 62323 मत मिले। जबकि कांग्रेस के सतपाल ब्रह्मचारी को 59162 मत मिले। भाजपा यहां 3161 मतों से विजयी हुई। वर्ष 2019 में सफीदों विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रमेश कौशिक को 78573 मत मिले थे जबकि कांग्रेस



प्रत्याशी पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा को 33448 मत मिले। यहां भाजपा प्रत्याशी रमेश कौशिक 45125 मतों से विजयी हुए थे। इस बार वर्ष 2024 में भाजपा प्रत्याशी मोहनलाल बडोली को 62338 मत मिले। जबकि कांग्रेस के सतपाल ब्रह्मचारी को 59007 मत मिले। यहां भाजपा के प्रत्याशी मोहनलाल बडोली 5331 मतों से विजयी रहे हैं। वहीं वर्ष 2019 में जुलाना विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रमेश कौशिक को 61058 मत मिले थे। जबकि कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा को 47216 मत मिले। यहां भाजपा प्रत्याशी रमेश कौशिक 13842 मत से जीते थे। इस बार वर्ष 2024 में यहां कांग्रेस को बढ़त मिली। कांग्रेस के सतपाल ब्रह्मचारी को 71415 मत मिले जबकि भाजपा के मोहनलाल बडोली को 46747 मत मिले। यहां कांग्रेस के प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी 24668 मतों से विजयी हुए। वर्ष 2019 में भाजपा ने जींद, सफीदों व जुलाना में 99490 मतों से जीत हासिल की थी। इस बार वर्ष 2024 में जींद तथा सफीदों में तो कांग्रेस को जीत मिली लेकिन जुलाना में हार का सामना करना पडा। जुलाना से कांग्रेस प्रत्याशी 24668 मतों से जीते जबकि जींद में 3161 व सफीदों में 5331 मतों से हारे। तीनों विधानसभा में कांग्रेस कुल 16,176 मतों से जीत।

**अलग-अलग मतगणना केंद्रों में हुई मतों की गिनती**

विधानसभा 34 जुलाना रेसलिंग हॉल अर्जुन स्टेडियम, 35 सफीदों बैडमिंटन हाल अर्जुन स्टेडियम, 36 जींद मल्टीपर्पज हाल अर्जुन स्टेडियम, 37 उचाना कलां प्रियदर्शनी महिला कॉलेज जींद व 38 नरवाना बृजमोहन सिंगला मेमोरियल हाल हिंदू कन्या महाविद्यालय में हुई। जींद व सफीदों विधानसभा के मतों की गणना 14 राउंड में, जुलाना विधान सभा क्षेत्र के मतों की गणना 15 राउंड में, उचाना व नरवाना विधानसभा क्षेत्रों के मतों की गणना 16-16 राउंड में संपन्न हुई।

# युवक ने पत्नी और बेटे की चाकू से गोद हत्या कर खुद लगाई फांसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींदः जुलाना क्षेत्र के** मेहरड़ा गांव में युवक ने पत्नी और बेटे की हत्या कर, फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जींद के सामान्य अस्पताल में भिजवाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस ने मौके पर एफएसएल टीम को भी बुलाया। मंगलवार को टीम ने मौके पर पहुंचकर तत्थ जुटाए। मेहरड़ा गांव निवासी 35 वर्षीय सोनू लेबर की कॉपी बनाने का काम करता था। सोमवार की रात उसने अपनी पत्नी 32 वर्षीय पत्नी पिंकी और 10 साल के बेटे हेमंत की तेजधार हथियार से हत्या दी। घटना का पता सुबह उस समय लगा जब सोनू के बड़े भाई का लड़का दूध लेने के लिए आया। उसकी चीखने की आवाज सुन कर उसकी मां मौके पर पहुंची और उसने आस पास के लोगों को बुलाया। सोनू की 11 साल पहले जींद जिले के बधाना गांव में शादी हुई थी। आसपास के लोगों ने बताया कि सोनू छत पर बने कमरे में परिवार सहित रहता था, जबकि नीचे उसका बड़ा भाई सतीश रहता है। सतीश बिजली का काम करता है और रात की डयूटी पर गया हुआ था। रात के समय सोनू ने टीवी की तेज आवाज कर दी और बेहरहमी से पत्नी और बेटे की हत्या कर दी। खुद भी छत पर बने बरामदे में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब आस पास के लोगों ने तीन शव देखे तो गांव में मातम छा गया। जुलाना थाना के जांच अधिकारी रामरूप ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जींद के सामान्य अस्पताल में भेज दिया है। हत्या क्यों की गई है।

# बांकनेर: श्री श्याम संकीर्तन व विशाल भंडारे का हुआ आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बाहरी उत्तरी** दिल्ली के नरेला विधानसभा अंतर्गत बांकनेर गांव में ऐतिहासिक दादा माई वाला मंदिर परिसर में युवा समाजसेवी भीम खत्री ने भगवान बाबा खाटू श्याम संकीर्तन व विशाल भंडारे का आयोजन किया। जिसमें हजारों की संख्या में धर्म प्रेमी श्रद्धालु शामिल हुए। वही मंदिर परिसर में आयोजित विशाल भंडारे में हजारों लोगों ने श्रद्धा भाव के साथ प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। बाहरी उत्तरी दिल्ली के बांकनेर गांव में मंगलवार को युवा समाजसेवी भीम खत्री ने प्राचीन दादा माई वाला मंदिर परिसर में भव्य श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव व विशाल भंडारे का आयोजन किया। जिसमें हजारों की संख्या में धर्म प्रेमी श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम में कपूर पहाड़ी के मुख्य महंत कृष्णनाथ जी महाराज विशेष रूप



से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोचार के साथ हवन यज्ञ के साथ किया गया। इसके पश्चात आयोजित भव्य श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव में बाबा श्याम का भव्य एवं अलौकिक दरबार सजाया गया। श्रृंगारित दरबार के समक्ष अखंड ज्योति प्रज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया गया। महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं के चेहरे पर भक्ति का गजब उत्साह देखते ही बन रहा था।

श्री श्याम महोत्सव में भजन गायको रितु पांचाल, प्रिंस जैन, शुभम रिठालिया ने बाबा के भजनों की एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति देकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। सुबह 10 बजे शुरू हुए संकीर्तन में शाम तक श्रद्धालु झूमते रहे। इस दौरान श्याम बाबा की जय, खाटू वाले की जय, हारे के सहारे की जय, तीन बाण धारी की जय के जयकारों से पूरा पांडाल गूंज उठा। श्याम संकीर्तन में अलौकिक श्रृंगार, भव्य दरबार, अखंड ज्योति, आकर्षण का केंद्र रहे। शाम तक चले महोत्सव का समापन महाआरती के साथ हुआ। इसके पश्चात विशाल भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समाजसेवी भीम खत्री ने बताया कि प्राचीन दादा माई वाला मंदिर से लाखों लोगों की आस्था जुड़ी है और समय-समय पर मंदिर में कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

कार्यक्रम में बांकनेर वॉर्ड से निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज, महंत कर्मवीर नाथ जी, पूर्व चेयरमैन रामनारायण भारद्वाज, कृष्ण खत्री, अंतर्राष्ट्रीय कोच राज सिंह खत्री, राजेश भारद्वाज, प्रदीप भारद्वाज, टोनी मिस्त्री, बंटी, सागर खत्री सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# भाजपा नेता धर्मवीर यादव ने भाजपा प्रत्याशियों को दी जीत की बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भाजपा नेता धर्मवीर यादव ने कहा कि मैं योगेन्द्र चंदोलिया को ऐतिहासिक जीत पर बहुत-बहुत बधाई देता हूं और साथ ही समस्त जनता का दिल की गहराईयों से धन्यवाद करता हूं।

जिन्होंने अपना बहुमूल्य वोट देकर योगेन्द्र चंदोलिया को विजयी बनाया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से हम चुनाव प्रचार के दौरान उत्तरी-पश्चिमी सीट पर जा रहे थे तो लोगों का योगेन्द्र चंदोलिया के प्रति काफी सकारात्मक उत्साह था और जनता ने भी योगेन्द्र चंदोलिया पर उसी प्रकार से विश्वास किया है और जीताकर संसद में पहुंचाया है। मैं पहले तो उत्तरी पश्चिमी लोकसभा सीट के सभी सम्मानित मतदाताओं का धन्यवाद करता हूं और भाजपा सांसद बनने योगेन्द्र चंदोलिया को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। भाजपा नेता धर्मवीर



**यादव ने कहा...**

**योगेन्द्र चंदोलिया के साथ ही मैं सभी जीते हुए भाजपा प्रत्याशियों को भी जीत की बधाई देता हूं।**

यादव ने कहा कि योगेन्द्र चंदोलिया क्षेत्र का विकास करके दिखायेगें। क्योंकि श्री चंदोलिया बड़े ही मिलनसार व्यक्ति है और सभी की बातों को बड़े ही ध्यान से सुनते है।

यही कारण है कि जनता ने भी उन्हें आशीर्वाद दिया है। साथ ही सभी जीते हुए भाजपा प्रत्याशियों को भी मैं जीत पर बधाई देता हूं।



भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल भाजपा की जीत के बाद जीत का जश्न मनाते हुए। साथ में है कई भाजपा नेता।

## सत्य परेशान जरूर करता है लेकिन पराजित नहीं: डॉ. महेन्द्र नागपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: वजीरपुर में** आर्य समाज के वार्षिक उत्सव में पहुंचे वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ. महेन्द्र नागपाल ने कहा कि जीवन में हर व्यक्ति के पास दो रास्ते पर आगे जाने का अवसर होता है, एक सच्चाई और दूसरा बुराई। सच्चाई में समय जरुर लगता है लेकिन सत्य परेशान जरूर करता है पर पराजित नहीं होता। बुराई का रास्ता बबार्दी के अलावा कुछ नहीं है। इसलिए सभी सत्य की राह पर चलें और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि आज आर्य समाज के वार्षिक



उत्सव में आए हुए सभी गणमान्य लोगों का मैं धन्यवाद करता हूं और सभी से कहना चाहता हूं सभी सत्य की राह पर चलें और दूसरों को भी सत्य का मार्ग चयन करने में मदद करें।

## आदेश भारद्वाज ने मतदाताओं का किया आभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: करावल नगर** जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष ने कहा कि करावल नगर जिला क्षेत्र की देवतुल्य जनता को मैं अपनी तरफ से और उत्तरपूर्वी लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार कन्हैया कुमार की तरफ से हार्दिक धन्यवाद करता हूं कि जिस तरह से आप सभी बड़े-बुजुर्गो, माताओं, बहनों और युवा साथियों ने लोकतंत्र के इस पर्व में शामिल होकर हमारे इंडिया गठबंधन को अपना वोट रूपी आशीर्वाद दिया उसके लिए हम और हमारा संगठन सदैव आपका आभारी रहेगा। मैं यह वादा भी करता हूं कि जिस तरह से हम पहले भी आप लोगों से जुड़ी तमाम समस्याओं के लिए आवाज उठाते आए हैं उसी तरह आगे भी उठाते रहेंगे।

## सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें: यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: गरीब व** असहाय की सेवा करना बड़ा ही पुण्य का कार्य होता है, इसलिए सभी को इस पुण्य के कार्य में हिस्सा लेना चाहिए और दिल खोलकर गरीबों की सहायता करनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि हम सभी का कर्त्तव्य बनता है कि हम असहाय व गरीब की सहायता करें। जिससे की गरीब व्यक्ति को भी परेशान न होना पड़े। उन्होंने आगे कहा कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए मेरी सभी से अपील है कि इस पुण्य के कार्य में सभी हिस्सा ले और अधिक से अधिक बार रक्तदान करें और दूसरे लोगों को भी रक्तदान करने के लिए



प्रेरित करें, जो बहुत ही ज्यादा जरूरी है। रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब हमारा कोई रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद हैं। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते हैं कि ब्लड डोनेट करने से शरीर में कमजोरी आ जाती है और फिर कई बीमारियां लग सकती हैं जोंकि पूरी तरह से गलत धारणा है। रक्तदान हम सभी की जिम्मेदारी है। सभी को रक्तदान करना चाहिए क्योंकि रक्तदान करना भी एक प्रकार का पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने में रक्तदान कर सकता है। ऐसे में अगर नियमित रूप से रक्तदान करते हैं, तो इससे शरीर बेहतर सेहत की ओर जाता है।

## तमाम तरह के एग्जिट पोल धराशयी हो गए: सत्यपाल शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: जागरूक** उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के अप्रत्याशित परिणामों से सभी अचम्भित रह गए है। विशेषकर उत्तर-प्रदेश तथा महाराष्ट्र से आए चुनाव परिणाम एनडीए के लिए चिंता का विषय जरूर है। जिस बारे में गंभीर चिंतन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हालांकि संख्या बल के आधार पर भाजपा के नेतृत्व में सरकार बनने के पूरे आसार है। तमाम तरह के एग्जिट पोल धाराशयी हो गए। उन्होंने आगे बताया कि पंजाब तथा दिल्ली में आम आदमी पार्टी की



हार केजरीवाल के लिए खतरे की घंटी है।

अभी भी समय है सभी दल चुनाव परिणामों को गंभीरता से ले और जनमानस की समस्याओं का समाधान निकाले।

## गोपीनाथ को उनकी पुण्यतिथि पर अर्पित किये श्रद्धा सुमन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: रिपब्लिकन पार्टी** ऑफ इंडिया आठवले के पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से सांसद प्रत्याशी रहे शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने बरवाला में महाराष्ट्र के कद्दावर नेता, पूर्व उप-मुख्यमंत्री, गृहमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय गोपीनाथ मुंडे को उनकी दसवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वत्स ने कहा कि गोपीनाथ मुंडे महाराष्ट्र में भाजपा के शीर्षस्थ नेताओं में एक थे। जनता में वे बेहद लोकप्रिय थे। उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व करिश्माई था। उनके चेहरे पर हरदम मुस्कुराहट बनी रहती थी।

## सत्य की हमेशा ही जीत होती है, इसलिए सत्य का साथ दें: डॉ. भारती

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** डॉ.एम.के भारती ने कहा कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए, जिससे की क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण किया जा सके। उन्होंने आगे बताया कि नर सेवा नारायण सेवा होती है, इसलिए सभी को गरीब व असहायों और जरूरतमंदों की अवश्य ही मदद करनी चाहिए, जिससे की सभी वर्ग के लोगों का कल्याण हो सके।

उन्होंने आगे बताया कि सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए, जो व्यक्ति सत्य की राह पर



चलता है। उसे एकदिन सफलता अवश्य ही मिलती है, इसलिए सभी सत्य की राह पर चले और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें।

## 'दिल्ली की टीम नागपुर में होने वाली राष्ट्रीय आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए तैयार'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: आर्म** रेसलिंग एसोसिएशन ने उन चुनिंदा दिल्ली आर्म रेसलिंग टीमों के लिए स्वागत समारोह आयोजित किया गया। जो 2024 में भारत की सबसे बड़ी राष्ट्रीय आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में भाग लेंगी, जो 6 से 10 जून तक नागपुर और महाराष्ट्र के सिविल लाइंस स्थित डॉ. वसंतराव देशपांडे हॉल में आयोजित की जाएगी।

इसका आयोजन महाराष्ट्र आर्म रेसलिंग एसोसिएशन द्वारा पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन इंडिया के तत्वावधान में किया गया है, जो वर्ल्ड आर्मरेसलिंग फेडरेशन और



एशियन आर्म रेसलिंग फेडरेशन से संबद्ध है। इस अवसर पर पूर्व पार्षद कैलाश सांकला, रवींद्र गुप्ता, रोशन लाल गोरखपुरिया, विजय मानव, सतीश जिंदल और अन्य अतिथियों ने शुभकामनाएं दीं और सभी एथलीटों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और दिल्ली के लिए अधिक से अधिक पदक जीतने के लिए प्रेरित किया।

## 'एशिया की सबसे बड़ी आजादपुर मंडी से अतिक्रमण हटाये प्रशासन'

# आजादपुर मंडी में कब मिलेगी जाम की समस्या से मुक्ति: पुनीत कोहली



**पुनीत कोहली ने कहा**

- **पौधारोपण करना केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की भी जिम्मेवारी है हम अधिक से अधिक पौधे लगाये।**
- **आजादपुर मंडी में प्रशासन को अतिक्रमण हटाओं अभियान चलना चाहिए और मंडी में जहां-जहां पर भी अतिक्रमण हो, वहां से हटाना चाहिए।**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आज हम** आपकी मुलाकात ऐसे व्यक्ति से करवाने जा रहे है, जो आज अपने कार्यों की बदौलत आजादपुर मंडी में किसी भी परिचय के मोहताज नहीं है। जी हां हम बात कर रहे है वेजीटेबल ट्रेडर्स एसोसिएशन आजादपुर मंडी के सचिव पुनीत कोहली (मुन्ना) की।

**गरीबों व असहायों की मदद के लिए सभी आये आगे:** पुनीत कोहली का कहना है कि व्यक्ति को हमेशा ही समाजसेवा के क्षेत्र में आगे रहना चाहिए और गरीब व निर्धन तबके की मदद करनी चाहिए, जिससे की सभी वर्ग का कल्याण हो सके।

**रक्तदान है महादान, इसलिए सभी करे रक्तदान:** उन्होंने यह भी कहा कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए मैं सभी से यह भी कहना चाहता हूं कि सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। क्योंकि आपके द्वारा किये गये रक्तदान से किसी जीवनदान मिल सकता है।

**आजादपुर मंडी में जाम की समस्या का हो समाधान:** श्री कोहली ने कहा कि आजादपुर मंडी में जाम की समस्या है, जिसके लिए प्रशासन को ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि आजादपुर मंडी में आने वाले लोगो को जाम की समस्या से न जूझना पड़े।

**प्रशासन चलाये अतिक्रमण हटाओं अभियान:** सचिव पुनीत कोहली (मुन्ना) ने कहा कि आजादपुर मंडी में प्रशासन को अतिक्रमण हटाओं अभियान चलना चाहिए और मंडी में जहां-जहां पर भी अतिक्रमण हो, वहां से हटाना चाहिए, जिससे आजादपुर मंडी से अतिक्रमण हट सकें।

**सफाई व्यवस्था में हुआ कुछ सुधार:** श्री कोहली ने कहा कि आजादपुर मंडी में सफाई व्यवस्था में कुछ सुधार हुआ है, इसी प्रकार से प्रशासन को सफाई व्यवस्था को लेकर मुस्तैद रहने की आवश्यकता है।

**कूड़ा केवल कूड़ेदान में ही डाले:** श्री कोहली ने कहा मैं आजादपुर मंडी में आने वाले सभी लोगों से अपील करता हूं कि सभी कूड़ा केवल कूड़ेदान में ही डाले, जिससे की आजादपुर मंडी में स्वच्छता बनी रहें।

**सभी चलाये पौधारोपण अभियान:** श्री कोहली ने कहा कि सभी को अपने-अपने क्षेत्र में पौधारोपण अभियान भी चलना चाहिए और अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए, क्योंकि पेड़-पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए सभी पौधे लगाये और दूसरो को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें।

उन्होंने आगे बताया कि पौधारोपण करना केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की भी जिम्मेवारी है कि हम अधिक से अधिक पौधे लगाये, जिससे वातावरण साफ और स्वच्छ नजर आये।





## आर अश्विन 10 जून को रिलीज होने वाली अपनी आत्मकथा में क्रिकेट यात्रा का करेंगे खुलासा



एजेंसी

**नई दिल्ली।** अनुभवी भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन अपनी आत्मकथा में अपने लंबे और अनुभव से भरे क्रिकेट के सफ़र का खुलासा करने के लिए तैयार हैं, जो 10 जून को रिलीज़ होने वाली है। आई हैव द स्ट्रीट्सः ए कुट्टी क्रिकेट स्टोरी शीर्षक वाली और लेखक सिद्धार्थ मोंगा के साथ अनुभवी क्रिकेटर द्वारा लिखी गई आत्मकथा में अश्विन के क्रिकेट स्टार बनने से पहले के जीवन का एक स्पष्ट प्रतिबिंब बताया गया है। बचपन में स्वास्थ्य समस्याओं से जूझने से लेकर अपने मध्यम वर्गीय परिवार से लगातार और असाधारण समर्थन तक, अश्विन ने खुलासा किया कि यह किताब दुनिया के साथ यह सब साझा करने जा रही है। यह चेन्नई में क्रिकेट के शौकीन गृहनगर से आने वाले अश्विन के अपने प्रतिष्ठित करियर को आकार देने के अनुभव का भी पता लगाएगी। अश्विन ने एक बयान में कहा, एक क्रिकेटर बनने की अपनी कहानी साझा करते हुए मुझे खुशी हो रही है। इस किताब के माध्यम से, मुझे कई महत्वाकांक्षी Cricketers को प्रेरित करने की उम्मीद है।

## एनरिक नोर्त्जे ने दक्षिण अफ्रीका के लिए टी20 विश्व कप में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**नासाउ काउंटी।**एनरिक नॉर्टजे ने पुरुषों के टी20 विश्व कप के इतिहास में दक्षिण अफ्रीका के लिए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के आंकड़े दर्ज करके History रच दिया। तेज गेंदबाज ने न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में वानिन्दु हसरंगा की श्रीलंका के खिलाफ 4-0-7-4 के आंकड़े के साथ मैच समाप्त किया। उन्होंने 2022 में प्रतिष्ठित सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर बांग्लादेश के खिलाफ 3.3-0-10-4 के आंकड़े के साथ अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया। नॉर्टजे ने टी20 विश्व कप में प्रोटियाज के लिए सबसे ज्यादा 4 विकेट लेने का रिकॉर्ड भी बनाया। उन्होंने मोर्ने मोर्कल के 2 विकेट के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। तेज गेंदबाज मेगा इवेंट में दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज द्वारा सबसे ज्यादा विकेट लेने के डेल स्टेन के रिकॉर्ड को तोड़ने से केवल 7 विकेट दूर हैं। 11 मैचों में 24 विकेट लेकर, नॉर्टजे अब स्टेन के 30 विकेटों से बहुत दूर हैं।

**टी20 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के लिए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े**

**एनरिक नॉर्टजः** श्रीलंका के खिलाफ 4-0-7-4, न्यूयॉर्क, 2024
**एनरिक नॉर्टजेः** बांग्लादेश के खिलाफ 3.3-0-10-4, सिडनी, 2022
**वेन पार्नेलः** वेस्टइंडीज के खिलाफ 4-0-13-4, द ओवल, 2009
**जैक्स कैलिसः** जिम्बाब्वे के खिलाफ 4-1-15-4, हंबनटोटा, 2012
**मोर्ने मोर्कलः** न्यूजीलैंड के खिलाफ 4-0-17-4, डरबन, 2007

## विश्व कप के लिए 11.25 मिलियन अमेरिकी डॉलर की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि की घोषणा की

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने टी20 विश्व कप के लिए 11.25 मिलियन अमेरिकी डॉलर की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि की घोषणा की, जिसमें विजेता टीम को कम से कम 2.45 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिलेंगे। उपविजेता टीम को कम से कम 1.28 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिलेंगे, जबकि हारने वाले सेमीफाइनलिस्टों को 787,500 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे। 2022 के पिछले संस्करण में कुल पुरस्कार राशि 5.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर थी, जिसमें विजेता इंग्लैंड को 1.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिले थे। ICC ने एक बयान में कहा, "ICC पुरुष T20 विश्व कप के नौवें संस्करण में 20 टीमों के टूर्नामेंट के विजेताओं को कम से कम US$2.45 million मिलेंगे, जो टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे अधिक पुरस्कार राशि है, साथ ही उन्हें 29 जून को बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में ट्रॉफी भी मिलेगी।' सुपर 8 से बाहर होने में विफल रहने वाली चार टीमों में से प्रत्येक को 382,500 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे, जबकि नौवें, 10वें, 11वें और 12वें स्थान पर रहने वाली टीमों को 247,500 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे।

## दूरदर्शन पर चल रहे T20 World Cup पेरिस ओलंपिक और विंबलडन का प्रसारण करेगा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रसार भारती ने घोषणा की कि वह अपने DD Sports Channel पर चल रहे टी20 विश्व कप, पेरिस ओलंपिक और विंबलडन का प्रसारण करेगा। यह घोषणा प्रसार भारती केCEO Gaurav Dwivedi ने यहां मीडिया से बातचीत के दौरान की। प्रसार भारती ने टी20 विश्व कप के लिए एक विशेष गान 'जज्बा' भी लॉन्च किया। दूरदर्शन ने घोषणा की कि 26 जुलाई से 11 अगस्त तक पेरिस ओलंपिक और 28 अगस्त से 8 सितंबर तक पेरिस पैरालिंपिक का लाइव, स्थगित लाइव और हाइलाइट्स चैनल पर प्रसारित किया जाएगा। यह 6 से 14 जुलाई तक भारत के जिम्बाब्वे दौरे का भी प्रसारण करेगा, जहां वे टी20 विश्व कप के बाद पांच टी20 मैच खेलेंगे, यह बात एक बयान में कही गई है। इसने कहा कि 27 जुलाई से 7 अगस्त तक श्रीलंका में भारत की व्हाइट-बॉल सीरीज़ का प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स द्वारा किया जाएगा। फ्रेंच ओपन और विंबलडन के फाइनल का भी दूरदर्शन द्वारा प्रसारण किया जाएगा।

## सीरी ए क्लब ग्रेमियो में शामिल हुए पूर्व ब्राजीली डिफेंडर रोड्रिगो काइओ

एजेंसी

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील के पूर्व अंतरराष्ट्रीय डिफेंडर रोड्रिगो काइओ फ्री ट्रांसफर पर ग्रेमियो में शामिल हो गए हैं, ब्राजील के सीरी ए क्लब ने यह जानकारी दी। 30 वर्षीय खिलाड़ी, जो जनवरी में फ्लामेंगो से अलग होने के बाद से किसी क्लब से नहीं जुड़े थे, दिसंबर तक ग्रेमियो के साथ जुड़े रहेंगे। घुटने की समस्याओं के अपने इतिहास को देखते हुए, काइओ को प्रदर्शन-आधारित प्रोत्साहनों की एक श्रृंखला दी गई है, जिसमें 2024 से आगे अपने अनुबंध को बढ़ाने का विकल्प भी शामिल है।

ग्रेमियो ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, रोड्रिगो अपने करियर में कई खिताब जीतने वाले डिफेंडर हैं और अपने साथ कई चैंपियन बनने का अनुभव लेकर आए हैं। 2011 में साओ पाउलो से शुरू हुए अपने



पेशेवर करियर में काइओ ने ब्राजील के लिए पाँच बार खेला है। 2015 में, यह बताया गया कि सेंटर-बैक ने वालेंसिया के साथ पाँच साल का अनुबंध किया था, लेकिन दो मेडिकल में विफल होने के बाद यह सौदा टूट गया। फ्लेमेंगो में, काइओ ने दो कोपा लिबर्टाडोरेस ट्रॉफ़ी, दो ब्राज़ीलियाई सीरी ए खिताब और एक कोपा डो ब्रासिल क्राउन जीता।

## यूटीटी 2024: आठ टीमों ने आगामी सत्र के लिए नए कोचिंग सेटअप की घोषणा की

एजेंसी

**मुंबई।** अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) अपने कोच ड्राफ्ट इवेंट के बाद 2024 के रोमांचक सीज़न के लिए तैयार है, जहाँ आठों फ्रेंचाइजी ने एक विदेशी और एक भारतीय कोच का चयन किया है। इस साल, अहमदाबाद एसजी पाइपर्स और जयपुर पैट्रियट्स के रूप में दो नई टीमें भी आई हैं, जिससे लीग में हिस्सा लेने वाली टीमों की संख्या आठ हो गई हैं।

ड्राफ्ट में बेंगलुरु स्मैशर्स ने नीदरलैंड की एलेना टिमिना को चुना, जो चार बार की ओलंपियन हैं और जिन्होंने पिछले सीजन में गोवा चैलेंजर्स को जीत दिलाई थी। अहमदाबाद एसजी पाइपर्स ने अनुभवी फ्रांसिस्को सैंटोस को चुना, जो यूटीटी में उनकी पांचवीं भागीदारी है। दबंग दिल्ली टीटीसी और जयपुर पैट्रियट्स ने क्रमशः भारतीय कोच सचिन शेट्टी और सोमनाथ घोष को चुना।

चार भारतीय कोच अहमदाबाद एसजी पाइपर्स के साथ जय मोदक, बेंगलुरु स्मैशर्स के साथ अंशुमान रॉय, गोवा चैलेंजर्स के साथ पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन सुभाजीत साहा और चेन्नई लायंस के साथ सुबिन कुमार इस सीजन में अपना यूटीटी डेब्यू करेंगे। दबंग दिल्ली टीटीसी ने शेट्टी और स्लोवेनियाई कोच वेस्ना ओजस्टरसेक के सफल संयोजन को फिर से जोड़ा है, जिसका लक्ष्य 2019 के अपने उपविजेता प्रदर्शन को बेहतर बनाना है।

अन्य उल्लेखनीय नियुक्तियों में यू मुंबा ने जॉन मर्फी को चुना, जो इंग्लैंड टीम के वर्तमान मुख्य कोच हैं जबकि अंशुल गर्ग को बरकरार रखा है। गोवा चैलेंजर्स ने हंगरी की महिला टीम के कोच ज़ोल्टन बार्टोफी को चुना। चेन्नई लायंस का मार्गदर्शन स्वीडिश राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच टोबियास बर्गमैन करेंगे, जो अपना यूटीटी डेब्यू कर रहे हैं।

यूटीटी का आगामी सीजन 22 अगस्त से 7 सितंबर तक चेन्नई में होगा।

यूटीटी 2024 की टीमें और कोच (चयन के क्रम में):

बेंगलुरु स्मैशर्स- एलेना टिमिना (नीदरलैंड), अंशुमान रॉय

अहमदाबाद एसजी पाइपर्सः फ्रांसिस्को सैंटोस (पुर्तगाल), जय मोडक

दबंग दिल्ली टीटीसीः सचिन शेट्टी, वेस्ना ओजस्टरसेक (स्लोवेनिया)

## रियल मैड्रिड ने किलियन एमबाप्पे के साथ किया पांच साल का अनुबंध

एजेंसी

**मैड्रिड।** रियल मैड्रिड ने पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) से फ्री ट्रांसफर पर फ्रांसीसी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी किलियन एमबाप्पे के साथ करार किया है। 25 वर्षीय फारवर्ड ने हाल ही में चैम्पियंस लीग विजेता के साथ पांच साल का अनुबंध किया है। स्ट्राइकर ने सोशल मीडिया पर लिखा, मैं अपने सपनों के क्लब रियल मैड्रिड में शामिल होने के लिए बेसब्र हूं। इस पल में मैं कितना खुश हूं, यह बताना असंभव है।

एमबाप्पे ने पीएसजी के लिए 308 मैचों में 256 गोल, मोनाको के लिए 60 मैचों में 27 गोल और फ्रेंच राष्ट्रीय टीम के लिए 77 मैचों में 46 गोल किया है। उनकी गति और शक्ति के साथ-साथ इन प्रभावशाली संख्याओं ने उन्हें यकीनन दुनिया का सबसे अच्छा स्ट्राइकर बना दिया है। मोनाको में उनके सफल होने के बाद से रियल मैड्रिड उनके साथ करार करने की कोशिश कर रहा था। एमबाप्पे वर्तमान में यूरोपीय चैंपियनशिप की तैयारी के लिए फ्रांसीसी राष्ट्रीय टीम के साथ हैं। रियल मैड्रिड को सप्ताहांत में एक और अच्छी खबर मिली, जिसमें पुष्टि की गई कि एमबाप्पे ओलंपिक खेलों में भाग नहीं लेंगे, जिसका अर्थ है कि वह 2024-2025 ला लीगा सीज़न की शुरुआत के लिए उपलब्ध रहेंगे, जो अगस्त के मध्य में शुरू होगा।



## भारत-पाकिस्तान मैच को हो सकता है ISIS से खतरा

एजेंसी



**मुरादाबाद।** आतंकी हमले का खतरा भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले पर मंडरा गया है।Reportsमें दावा किया जा रहा है की इस सूचना के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है। 9 जून कोNew Yorkके नासाउ स्टेडियम में खेला जायेगा। जहाँ मैच के दौरान आतंकी हमले का खतरा मंडरा रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, आतंकी समूह ISIS ने मैच से पहले आतंकी हमला करने की धमकी दी है। इस धमकी के बाद Stadiumकी सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है। न्यूयॉर्क में स्नाइपर्स के साथ SWAT टीमों को तैनात कर दिया है। इसके अलावा सादे कपड़ों में पुलिस अधिकारी भी मैदान के अंदर काम करेंगे। साथ ही नारकोटिक्स डिवीजन के अधिकारी चार ड्रॉप द्वारा 24 घंटे पिचों की लगातार निगरानी कर रहे हैं। अभी से हर गतिविधियों पर स्टेडियम में निगाह रखी जा रही है।

## केदार जाधव ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर केदार जाधव ने तत्काल प्रभाव से खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की है। उन्होंने आखिरी बार 2020 में न्यूजीलैंड के खिलाफ ऑकलैंड में भारतीय टीम के लिए खेला था और इंग्लैंड में खेले गए 2019 विश्व कप में भी भारतीय टीम का हिस्सा थे। जाधव ने अपने संन्यास की पुष्टि करने के लिए ट्विटर का सहारा लिया और अपने करियर के दौरान सभी समर्थन और प्यार के लिए प्रशंसकों को धन्यवाद दिया। जाधव ने ट्वीट किया, मेरे पूरे करियर में आपके प्यार और समर्थन के लिए आप सभी का धन्यवाद, 3 बजे से मुझे क्रिकेट के सभी प्रारूपों से रिटायर मान लें। महाराष्ट्र के आक्रामक मध्यक्रम बल्लेबाज केदार जाधव आईपीएल में अपने डेब्यू पर दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए 29 गेंदों में 50 रन बनाकर सुर्खियों में आए थे। उन्होंने 2008-09 के प्रथम श्रेणी सत्र के दौरान छह अर्द्धशतक और एक शतक बनाया और जिन्होंने उन्हें महाराष्ट्र के लिए बल्लेबाजी करते देखा है, वे उन्हें एक स्वाभाविक ट्वेंटी20 खिलाड़ी मानते हैं। वह शुरुआत में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर डेवलपमेंट स्क्वॉड का हिस्सा रहे, उन्हें दिल्ली ने ड्राफ्ट किया, जिसके



लिए बैंगलोर के खिलाफ उनकी पारी संघर्षरत सीज़न में एक बड़ी ताकत थी। आखिरकार वह 2016 में बैंगलोर फ्रैंचाइज़ी में लौट आए।रणजी ट्रॉफी में, उन्होंने 2013-14 में बेहतरीन प्रदर्शन किया और छह शतकों सहित 1223 रन बनाकर सीजन के सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्हें जून 2014 में बांग्लादेश के खिलाफ वनडे के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया, लेकिन टीम में मौका नहीं मिला। जाधव ने भारत के लिए अपना एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय पदार्पण 16 नवंबर 2024 को श्रीलंका के खिलाफ और अपना टी-20आई पदार्पण 17 जुलाई 2015 को जिम्बाब्वे के खिलाफ किया था। उन्होंने अपना आखिरी मैच 8 फरवरी 2020 में न्यूजीलैंड के खिलाफ ऑकलैंड में खेला। जाधव ने भारत के 73 एकदिवसीय मैच खेले और 42.09 की औसत से 1389 रन बनाए, इस दौरान उन्होंने 2 शतक और 6 अर्धशतक लगाए, उनका सर्वाधिक स्कोर 120 रन था, साथ ही उन्होंने 27 विकेट भी लिये।

वहीं 9 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उन्होंने एक अर्धशतक की बदौलत 122 रन बनाए। उनका सर्वाधिक स्कोर 58 रन था।जाधव ने आईपीएल में 93 मैच खेले 123.17 के स्ट्राइक रेट से 1196 रन बनाए। आईपीएल में उनके नाम 4 अर्धशतक है, 69 रन उनका सर्वोच्च स्कोर है।केदार जाधव आईपीएल में दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स), रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, सनराइजर्स हैदराबाद और चेन्नई सुपर किंग्स का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

## 17 वर्षीय मीरा एंड्रीवा 19 साल में सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनीं

मीरा एंड्रीवा 17 साल और 27 दिन की उम्र में फ्रेंच ओपन 2024 के क्वार्टर फाइनल के लिए Qualified करने वाली सदी की दूसरी सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई हैं। इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी ने अपने चौथे दौर के मैच में सुज़ैन-लेंगलेन में रूस की वरवारा ग्रेचेवा को 7-5, 6-2 से हराया। 15 साल और 288 दिन की उम्र में, सेसिल करातंचवा रोलांड गैरोस में क्वार्टर फाइनल तक पहुँचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनी हुई हैं। लीना क्रास्नोरौत्स्काया, मारिया शारापोवा और निकोल वैदिसोवा भी इस सूची में शामिल हैं। इस साल की शुरुआत में, एंड्रीवा ऑस्ट्रेलियन ओपन के राउंड ऑफ़ 16 में बाहर हो गई थीं, लेकिन उन्होंने अपने खेल में बहुत सुधार किया है। जीत के बाद, एंड्रीवा बहुत खुश थीं, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि फ्रांसीसी दर्शकों के सामने खेलना मुश्किल था। इस युवा खिलाड़ी ने यह भी कहा कि वह दबाव में शांत रहने की कला सीखने के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं। मुझे लगता है कि मैं बेहतर हो रही हूँ ÷यह अद्भुत लगता है। किसी दोस्त के साथ खेलना हमेशा कठिन होता है। मुझे पता था कि यह न केवल खेल के लिहाज से बल्कि मानसिक रूप से भी कठिन लड़ाई होगी।

फ्रांसीसी भीड़ के खिलाफ खेलना थोड़ा कठिन था। मैं वास्तव में खुश हूं कि मैं इससे गुजरने में कामयाब रही। समर्थन के लिए धन्यवाद। सभी से नहीं, लेकिन आप में से कुछ लोगों से, ÷एंड्रीवा ने ऑन-कोर्ट साक्षात्कार में कहा। हमें इसके लिए अपने कोच को धन्यवाद देना चाहिए। यह उनका काम भी है... हमने इस पर एक साथ काम किया है। पिछले कुछ महीनों से हम एक साथ काम कर रहे हैं। मुझे लगता है कि मैं सुधार कर रही हूं। मैं वास्तव में खुश हूं कि आप देख सकते हैं कि मैं कठिन क्षणों में शांत रहती हूं। मैं इस पर वास्तव में कड़ी मेहनत कर रही हूं। मुझे वास्तव में खुशी है कि



इसका भुगतान हो गया, एंड्रीवा ने कहा। एंड्रीवा के सामने एक Tough Challenge है क्योंकि उनका अगला मुकाबला वर्ल्ड नंबर 2 आर्यना सबालेंका से होगा, जिन्होंने चल रहे हार्ड-कोर्ट मेजर में अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। सबालेंका ने डब्ल्यूटीए सर्किट पर एंड्रीवा पर 2-0 की बढ़त भी बनाई थी।

## आईएसएसएफ विश्व कप: पहले दिन भारतीय निशानेबाजों ने किया उत्साहजनक प्रदर्शन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** म्यूनिख में चल रहे अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप के पहले दिन कई भारतीय राइफल और पिस्टल निशानेबाजों ने उत्साहजनक प्रदर्शन किया। ईशा सिंह ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल क्वालिफिकेशन के पहले राउंड में 293 अंक हासिल किए और कुल मिलाकर छठा स्थान हासिल किया।

10 मीटर एयर पिस्टल ट्रायल में दूसरे स्थान पर रहने वाली उनकी हमवतन रिदम सांगवान ने हालांकि 281 अंक हासिल किए और 68वें स्थान पर रहीं। इसके बाद 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाजों की बारी आई और ट्रायल्स में शीर्ष पर रहे संदीप सिंह क्वालीफिकेशन से चूक गए (काउंटबैक पर) और वह 631.4 के स्कोर के साथ नौवें स्थान पर रहे। दिव्यांश पंवार 631.2 के साथ 12वें स्थान पर रहे जबकि रुद्राक्ष पाटिल ने 630.7 अंक हासिल कर 17वां स्थान हासिल किया। हालांकि, सर्वश्रेष्ठ भारतीय अर्जुन बाबूता रहे, जिन्होंने केवल रैंकिंग पॉइंट (आरपीओ) के लिए शूटिंग करते हुए 635.1 अंक हासिल किए, जो उनका कुल मिलाकर इस इवेंट में दिन का दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर था।



महिलाओं की एयर राइफल में रमिता ने 633.0 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। तिलोत्तमा सेन और एलावेनिल वलारिवन, अन्य दो भारतीय दावेदारों ने 629.3 और 628.3 अंक हासिल कर क्रमशः 30वें और 45वें स्थान पर रहीं।

## राहुल द्रविड़ ने पुष्टि की कि टी20 विश्व कप भारत के कोच के रूप में उनका आखिरी काम होगा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ ने घोषणा की है कि आगामी टी20 विश्व कप भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के रूप में उनका आखिरी कार्यभार होगा। न्यूयॉर्क में आयरलैंड के खिलाफ भारत के पहले मैच से पहले बोलते हुए द्रविड़ ने कहा, 'यह आखिरी ऐसा मैच होगा, जिसकी I will take the responsibility" द्रविड़ ने व्यस्त कार्यक्रम और अपनी मौजूदा जीवन अवस्था को इस पद के लिए दोबारा आवेदन न करने का कारण बताया। आयरलैंड के खिलाफ भारत के विश्व कप के पहले मैच से पहले पत्रकारों से बात करते हुए द्रविड़ ने कहा कि उन्होंने अपने कोचिंग कार्यकाल का हर पल का लुत्फ उठाया।

हर टूर्नामेंट महत्वपूर्ण होता है। भारत के लिए मैंने जो भी मैच कोचिंग की है, वह मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण रहा है। इसलिए मेरे लिए यह कोई अलग नहीं है, क्योंकि यह



आखिरी ऐसा मैच होगा, जिसकी जिम्मेदारी मैं संभालूंगा, उन्होंने यह पूछे जाने पर कि क्या यह टूर्नामेंट टीम की जिम्मेदारी संभालने के लिए उनका आखिरी टूर्नामेंट था, कहा। पूर्व भारतीय कप्तान ने उस साल टी20 विश्व कप के बाद नवंबर 2021 में टीम की कमान संभाली थी। उन्होंने कहा, मुझे यह काम करना बहुत पसंद है।

मुझे भारत को कोचिंग देने में बहुत मज़ा आया और मुझे लगता है कि यह वाकई एक खास काम है। मुझे इस टीम के साथ काम करने में मज़ा आया और यह काम करने वाले बेहतरीन लोगों का समूह है, लेकिन हाँ, दुर्भाग्य से जिस तरह के शेड्यूल हैं और मैं अपने जीवन के जिस पड़ाव पर हूँ, उसे देखते हुए मुझे नहीं लगता कि मैं फिर से आवेदन कर पाऊँगा। तो हाँ, जाहिर है कि यह मेरा आखिरी काम होगा, लेकिन ईमानदारी से कहूँ तो मेरे लिए भी यह अलग नहीं है। जब से मैंने यह काम संभाला है, मुझे हमेशा लगा है कि हर Game is important है और हर खेल मायने रखता है और यह नहीं बदलेगा, उन्होंने जोर देकर कहा। भारत का लक्ष्य एक मायावी ICC ट्रॉफी जीतना और कोच को एक बेहतरीन विदाई देना होगा।

## इरफान पठान ने श्रीलंका की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 77 रन की पारी के बाद न्यूयॉर्क की पिच की आलोचना

एजेंसी

**नासाउ काउंटी।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान ने टी20 विश्व कप 2024 के ग्रुप डी मैच में श्रीलंका के 19.1 ओवर में 77 रन पर आउट होने के बाद न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल Cricket Stadium की पिच की आलोचना की। पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहे जाने के बाद, श्रीलंका को इस बात का कोई अंदाजा नहीं था कि प्रोटियाज गेंदबाजी आक्रमण का सामना कैसे करना है। श्रीलंका टी20ई में अपने सबसे कम स्कोर पर भी लुढ़क गई। कुसल मेंडिस, कामिंडु मेंडिस और एंजेलो मैथ्यूज दोहरे अंकों में पहुंचे, लेकिन बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रहे। मेंडिस उनके शीर्ष स्कोरर रहे जिन्होंने 30 गेंदों पर एक चौके की मदद से 19 रन बनाए, इससे पहले एनरिक नॉर्टजे ने क्रीज पर उनकी दयनीय स्थिति को समाप्त किया। पहली पारी के बाद, इरफान ने कहा कि न्यूयॉर्क की पिच किसी भी तरह से टी20 क्रिकेट के लिए आदर्श नहीं है। इरफान ने 'एक्स' पर लिखा, टी20 क्रिकेट के लिए आदर्श पिच नहीं है। न्यूयॉर्क में इसी मैदान पर रविवार 9 जून को रोहित शर्मा की भारत और बाबर आज़म की पाकिस्तान के बीच मैच खेला जाएगा। श्रीलंका के बल्लेबाज़ों ने एनरिक नोर्टजे को हराया पहले बल्लेबाज़ी करने के लिए बुलाए जाने के बाद, श्रीलंकाई बल्लेबाज़ों ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। आइलैंडर्स ने



पावरप्ले में सिर्फ़ 1 विकेट खोने के बावजूद सिर्फ़ 24 रन बनाए। पावरप्ले के बाद भी, वे कभी भी गति नहीं दिखा पाए। एनरिक नोर्टजे, जो आईपीएल में डीसी के लिए खेलते हुए Best Form में नहीं थे, ख़तरनाक नज़र आए। उन्होंने 4-0-7-4 के आँकड़ों के साथ मैच समाप्त किया और पुरुष टी20 विश्व कप के इतिहास में किसी दक्षिण अफ्रीकी द्वारा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ी का रिकॉर्ड बनाया। कगिसो रबाडा और बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज ने 2-2 विकेट लिए। ओटनील बार्टमैन ने भी 4-1-9-1 के आँकड़ों के साथ अपना काम बखूबी निभाया। मार्को जेनसन 3.1-0-15-0 के आँकड़ों के बाद कोई सफलता हासिल करने में विफल रहे।

## बूढ़े शख्स के भेष में क्रिकेट खेल रहा था ये क्रिकेटर, देखकर चौके लोग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह एक विज्ञापन के लिए नए अवतार में नज़र आए, जिसे उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया।युवराज Yuvraj भारत के अब तक के सबसे महान ऑलराउंडरों all-rounder में से एक हैं। 41 वर्षीय युवराज 2007 T20 World Cup, 2011 वनडे विश्व कप और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे।अपने इंस्टाग्राम Instagram हैंडल पर शेयर किए गए एक वीडियो में, युवराज सिंह को एक बूढ़े व्यक्ति के रूप में पहचाना जा सकता था और गाँव के आसपास के लोग सोच रहे थे कि यह बुजुर्ग व्यक्ति कौन है। सिंह ने गेंद को हिट करने से पहले एक डॉट बॉल दी और लोग उनकी बल्लेबाजी कौशल से दंग रह गए। कुछ गेंदें मारने के बाद, युवराज सिंह ने एक बूढ़े व्यक्ति के रूप में मेकअप हटा दिया और अपनी असली पहचान बताई, जिससे हर कोई हैरान रह गया। भारत के पूर्व



ऑलराउंडर ने ब्रांड के प्रचार अभियान के तहत लोगों पर एक छोटा सा प्रैंक किया।युवराज सिंह ने लोगों पर प्रैंक करने के लिए Battery.ai के साथ सहयोग किया। 41 वर्षीय युवराज बैटरी.एआई के विज्ञापन में नजर आ सकते हैं।युवराज सिंह ने जून 2019 में पेशेवर क्रिकेट से संन्यास ले लिया। उन्होंने 402 मैच खेले और 35.05 की औसत से 17 शतकों सहित 11778 रन बनाए। गेंद से, युवराज ने 36.08 की औसत से 148 विकेट लिए।युवराज सिंह ने टीम इंडिया के लिए आखिरी बार जून 2019 में वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय मैच में हिस्सा लिया था।रिटायरमेंट के बाद, युवराज सिंह अपनी संस्था %यूवीकैन% के माध्यम से चैरिटी के काम में शामिल रहे हैं और लीजेंड्स लीग क्रिकेट में इंडिया लीजेंड्स के लिए भी खेले हैं।युवराज एक बार फिर क्रिकेट में वापसी करेंगे, जब वह यूके में होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के उद्घाटन संस्करण में इंडिया चैंपियंस की अगुआई करेंगे।

# पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की 8 लाख से ज्यादा वोटों से जीत

## विदिशा से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने कांग्रेस के उम्मीदवार भानुप्रताप को 8 लाख से ज्यादा वोट प्राप्त कर पराजित किया

**करारी शिकस्त दी**

**पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान इस सीट से 5 बार सांसद पहले भी रह चुके हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**

**विदिशाः** लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश की 29 सीटों के लिए 52 जिला मुख्यालयों पर कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना हुई। जिनमें से इंदौर से भाजपा प्रत्याशी शंकर ललवानी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार संजय को 11 लाख 75 हजार 92 वोटों से पराजित कर दिया है, जबकि विदिशा से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस के उम्मीदवार भानुप्रताप शर्मा को 8 लाख से ज्यादा वोट प्राप्त कर पराजित कर दिया है। आपको बता दें कि शिवराज सिंह चौहान इस सीट से 5 बार सांसद पहले भी रह चुके हैं। यह सीट भाजपा के लिए सबसे सुरक्षित मानी जाती है। विदिशा संसदीय क्षेत्र की खासियत है कि यहां से जिसे भी भाजपा का उम्मीदवार बनाया जाता है वह आसानी से जीत जाता है। देश की पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज कभी यहां से सांसद रही थीं। 1991 में भाजपा नेता और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी भी यहां से चुनाव लड़े और जीते थे।

## चंडीगढ़ से कांग्रेस के मनीष तिवारी ने भाजपा के संजय टंडन को हराया



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** चंडीगढ़ लोकसभा से कांग्रेस उम्मीदवार मनीष तिवारी ने भाजपा उम्मीदवार संजय टंडन को कड़े मुकाबले में 3613 मतों से हरा दिया है।

चंडीगढ़ में आज हुई मतगणना के दौरान मनीष तिवारी पहले चरण से ही बढ़त बनाए हुए थे। आठ चरणों की मतगणना के दौरान मनीष तिवारी दस हजार वोटों से अधिक के अंतर से आगे चल रहे थे, लेकिन नौवें चरण की मतगणना के दौरान मनीष तिवारी की बढ़त गिरनी शुरू हो गई। कुल 15 चरणों की गणना के दौरान मनीष तिवारी के मतों का अंतर कम होना शुरू हो गया, लेकिन अंतिम चरण की गणना में तिवारी ने संजय टंडन को हरा दिया। मनीष तिवारी इससे पहले आनंदपुर साहिब लोकसभा सीट से सांसद रह चुके हैं। चंडीगढ़ लोकसभा सीट से कुल 19 उम्मीदवार मैदान में थे।

# अलवर में भाजपा की हैट्रिक, भूपेंद्र यादव यादव जीते



**बड़ी जीत**

**भूपेंद्र करीब 48 हजार 282 वोटों से जीते हैं। उन्होंने कांग्रेस के ललित यादव को हरा दिया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**अलवरः** अलवर लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के भूपेंद्र यादव के जीतने से भाजपा की हैट्रिक बन गई, वही कांग्रेस को फिर तीसरी बार करारी हार मिली। भूपेंद्र करीब 48 हजार 282 वोटों से जीते हैं। उन्होंने कांग्रेस के ललित यादव को हरा दिया। भूपेंद्र यादव वर्तमान में श्रम और रोजगार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन के केंद्रीय कैबिनेट मंत्री हैं। उन्हें भाजपा ने अलवर से टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा और जीत हासिल की। भूपेंद्र वैसे हरियाणा के गुड़गांव के रहने वाले हैं लेकिन अलवर से उनका गहरा नाता रहा हैं। यादव की जीत से पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओ में भारी उत्साह हैं, हालांकि यादव फिलहाल अलवर में नहीं हैं। वे अभी ओडिशा में बताये जा रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी अधिकारी आशीष गुप्ता ने बताया कि अलवर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सम्पन्न हुए चुनाव में 60.07 प्रतिशत मतदान रहा जिसमें 60.98 प्रतिशत पुरुष मतदाताओं एवं 59.06 महिला मतदाताओं तथा 34.78 प्रतिशत ट्रांसजेन्डर मतदाताओं ने मतदान किया। मतगणना स्थल कला कॉलेज में मतगणना प्रारम्भ होने से पहले और बाद में जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष गुप्ता और एसपी आनंद शर्मा ने निरीक्षण किया। अधिकारियो से बातचीत की। साथ ही अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए। अलवर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की आठ विधानसभाओं की ईवीएम मतगणना के लिए कुल 109 टेबल लगाई गई। जिन पर 153 राउंड में मतगणना हुई लिए तथा ईटीपीएस-प्री काउंटिंग के लिए 56 व डाक मतपत्र गणनाके लिए 23 टेबल लगाई गई। सुबह 8 बजे मतगणना शुरू हुई।

**पहले राउंड में छह विधानसभा में आगे रही भाजपाः** अलवर लोकसभा में अलवर जिले की 11 विधानसभा सीटों में से 8 सीट लगती हैं। पहले राउंड में अलवर ग्रामीण और रामगढ को छोड़कर अलवर शहर, तिजारा, मुंडावर, बहरोड़, राजगढ़ लक्ष्मणगड़, किशनगड़बास आदि विधानसभा में भाजपा ने बढ़त बनाई हुई थी। अंतिम राउंड में भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशीयो में जीत का अंतर काफी रहा। राजगढ़ में 27734 और अलवर ग्रामीण में 15904, रामगढ 2327 वोटो से कांग्रेस आगे रही जबकि तिजारा में भाजपा 5085, किशनगढ़ बास में 10376, अलवर शहर 52300, बहरोड़ 21951, मुंडावर 3842 में वोटों से आगे रही।

# कंगना पहले चुनाव में ही बन गई 'क्वीन'




**टीम एक्शनइंडिया**

**मंडीः** मंडी संसदीय क्षेत्र में बॉलीवुड क्वीन कंगना रनौत का डंका बजा है। कंगना ने मंडी से अपने प्रतिद्वंदी कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी एवं प्रदेश के लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह को चारों खाने चित्त किया है। इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन यानी ईवीएम से मतगणना पूरी हो चुकी है।

**जीत दर्ज की**

**प्रत्याशी एवं प्रदेश के लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह को चारों खाने चित्त किया**

**भाजपा ने जीत की हैट्रिक लगाईः** लोकसभा के आम चुनाव में भाजपा ने यहां जीत की हैट्रिक बनाई है। 2014 के चुनाव में भाजपा के रामस्वरूप शर्मा ने कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह की माता प्रतिभा सिंह को करीब 39896 मतों से पराजित किया था। साल 2019 के चुनाव में रामस्वरूप शर्मा ने कांग्रेस के आश्रय शर्मा को चार लाख से अधिक मतों से शिकस्त दी थी। 2024 के चुनाव में अब कंगना ने विक्रमादित्य सिंह को हराया है। संसदीय क्षेत्र में छह राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के प्रत्याशियों के अलावा चार निर्दलीय भी चुनाव मैदान में थे। आठ प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई है। चार निर्दलीयों से ज्यादा मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया है। निर्दलीयों को 2608 मत मिले हैं। 5571 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया है।

**विक्रमादित्य को मिले इतने वोटः** कंगना रनौत को 5,25,691 मत मिले हैं। विक्रमादित्य सिंह को 4,52,995,बसपा के प्रकाश चंद भारद्वाज को 4310, हिमाचल जनता पार्टी के महेश कुमार सैनी को 640,राष्ट्रीय देव भूमि पार्टी के नरेंद्र कुमार को 2415 और अखिल भारतीय परिवार पार्टी के विनय कुमार को 673 मत मिले हैं चार निर्दलीयों राखी गुप्ता को 1013,सुभाष मोहन स्नेही 961,आशुतोष महंत 260 और दिनेश कुमार भाटी को 374 वोट मिले हैं।

# ओवैसी को चुनौती देने वाली नवनीत हार गई



**करारी हार**

**एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ मोर्चा खोला था। दोनों नेताओं के बीच तीखी बहस हुई थी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः महाराष्ट्र के बारामती** लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार नवनीत राणा चुनाव हार गईं हैं। कांग्रेस उम्मीदवार बलवंत वानखेड़े ने उन्हें शिकस्त दी। उन्होंने महाराष्ट्र के अलावा हैदराबाद में भी प्रचार-प्रसार किया था। बता दें कि एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ मोर्चा खोला था। दोनों नेताओं के बीच तीखी बहस हुई थी।

**ओवैसी और नवनीत राणा में हुई थी तीखी बहसः** लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान नवनीत राणा ने कहा था कि वो (ओवैसी) कहते हैं कि 15 मिनट के लिए अगर पुलिस हटा दी जाए तो अपनी (मुस्लिमों) हिम्मत दिखाएंगे, लेकिन हमें अगर 15 सेकंड भी मिले तो ये दोनों छोटे और बड़े भाई ये नहीं समझ पाएंगे कि कहां से आए हैं और कहां को जाएं। नवनीत राणा के इस बयान पर असदुद्दीन ओवैसी ने कहा था कि वो 15 सेकेंड क्या 1 घंटा ले लें। इस बयान के बाद ओवैसी ने भी पलटवार किया था।

**विधायक रवि राणा से रचाई शादीः** नवनीत राणा एक अभिनेत्री रह चुकीं हैं। उन्होंने विधायक रवि राणा से शादी की।

साल 2019 में उन्होंने शिवसेना (अविभाजित) के उम्मीदवार को चुनाव में मात दी थी। अमरावती लोकसभा सीट पर कुल 1833091 मतदाता हैं। इनमें 945905 पुरुष, जबकि 887149 महिला मतदाता हैं।

# गुना लोकसभा सीट से सिंधिया की बड़ी जीत

**हाईप्रोफाइल सीट**

**राव यादवेंद्र सिंह को 5 लाख 38 हजार 612 वोटों से हराया है। सिंधिया को 9 लाख 19 हजार 515 वोट मिले**

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपालः** गुना लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी और केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बड़ी जीत हासिल की है। उन्होंने यहां कांग्रेस प्रत्याशी राव यादवेंद्र सिंह को 5 लाख 38 हजार 612 वोटों से हराया है। सिंधिया को 9 लाख 19 हजार 515 वोट मिले हैं। कांग्रेस प्रत्याशी यादवेंद्र सिंह को 3 लाख 80 हजार 903 वोट मिले हैं। मध्य प्रदेश की हाई प्रोफाइल सीटों में गुना लोकसभा सीट भी शामिल है। इस पर तीसरे चरण में 68.93 फीसदी वोटिंग हुई थी।

इस संसदीय सीट में गुना, शिवपुरी और अशोकनगर जिलों की 8 विधानसभाएं आती हैं। इनमें शिवपुरी विधानसभा में शिवपुरी, पिछोर और कोलारस विधानसभाएं शामिल हैं।

# गुजरातः 10 साल बाद बीजेपी के गढ़ में दिखेगा 'पंजे' का दम

**कांग्रेस उभार पर**

**इस सीट पर भाजपा को झटका लगा क्योंकि एक दशक बाद कांग्रेस ने इस सीट पर अपना खाता खोला**

**टीम एक्श इंडिया**

**बनासकांठाः** गुजरात के बनासकांठा निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस की जेनीबेन ठाकोर को जीत मिली है।65,88,47 वोट मिला। वहीं, भाजपा की रेखा चौधरी 62,56,10 वोट पाकर दूसरे स्थान पर रही। बता दें कि इस सीट पर भाजपा को झटका लगा क्योंकि एक दशक बाद कांग्रेस ने इस सीट पर अपना खाता खोला।

**बनासकांठा बीजेपी का गढ़, फिर ये क्या हुआ ?:** जानकारी के लिए बता दें कि बनासकांठा बीजेपी का गढ़ रहा है। 2019 में बीजेपी के परबतभाइ पटेल ने कांग्रेस के पार्थी भटोल को 368000 वोटों से हराकर यह सीट जीती थी। 2014 के चुनाव में भी बीजेपी ने कांग्रेस का सूपड़ा साफ किया था।

# हिमाचल की चारों सीटों पर जीत का श्रेय पीएम मोदी को : जयराम



**जीत की चर्चा**

**हिमाचल के मतदाताओं ने मोदी की नीतियों पर विश्वास करते हुए उनकी नीतियों पर मोहर लगाई है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः हिमाचल की चारों** लोकसभा सीटों पर जीत का परचम फहराने के श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। अठाहरवीं लोकसभा के चुनाव परिणाम के बाद नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। पूर्व मु यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंगलवार को मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत की जीत के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश ने 2014 के बाद लगातार चारों सीटों पर जीत का इतिहास एक बार फिर दोहराया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल के मतदाताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर विश्वास करते हुए उनकी नीतियों पर मोहर लगाई है। वहीं पर लगातार भाजपा पर विश्वास जताने के लिए प्रदेश के मतदाताओं का आभार। उन्होंने कहा कि जहां तक मंडी संसदीय सीट का सवाल है। इस सीट की चर्चा देश भर में रही।

उन्होंने कहा कि हर कहीं हर कोई मंडी संसदीय सीट का जीक्र कर रहा था। मगर हमें भरोसा था कि मंडी में भाजपा का परचम फहराया जाएगा। मंडी की प्रबुध जनता ने भाजपा को समर्थन दिया और यहां से कंगना रनौत को विजयी बनाया। जयराम ने कहा कि मंडी की सभी नौ सीटों पर भाजपा को बढ़त मिली है। जबकि कुल्लू की चार में से तीन और यहां तक कि भरमौर विधानसभा सीट पर भी पांच हजार से ज्यादा की लीड भाजपा प्रत्याशी को मिली है।

## जयराम और आजसू के समर्थक भिड़े

**बोकाराेः** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी जयराम महतो के समर्थक हार की स्थिति को देखते हुए मतगणना केंद्र के समीप उग्र हो गए। वे आजसू समर्थकों के साथ उलझ गये। दोनों पक्ष एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। देखते ही देखते दोनों पक्षों के समर्थक आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों के बीच तनातनी को देखते हुए पुलिस ने मोर्चा संभाला लेकिन उग्र समर्थकों ने पथराव शुरू कर दिया। तब पुलिस प्रशासन ने आसूं गैस के गोले दागे और हल्का लाठीचार्ज किया।

# कल्पना ने राजनीतिक जीवन का पहला चुनाव जीत कर दिखाया दमखम



**परिणाम**

**चुनाव परिणाम के मुताबिक झामुमो की कल्पना सोरेन को 01 लाख 08 हजार 975 वोट प्राप्त हुए**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गिरिडीहः झारखंड की** गाण्डेय विस सीट पर उप चुनाव में बीते 25 मई को मतदान हुआ था, जिसकी मतगणना मंगलवार को हुई। इसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रत्याशी कल्पना सोरेन मुर्मू ने 26 हजार 490 मतों के अंतर से राजनीतिक जीवन का पहला जीत हासिल किया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी दिलीप वर्मा को पराजित किया। चुनाव परिणाम के मुताबिक झामुमो की कल्पना सोरेन को 01 लाख 08 हजार 975 वोट प्राप्त हुए जबकि भाजपा के दिलीप वर्मा को 82 हजार 490 मत हासिल हुए। इसके साथ झारखंड की सियासत में कल्पना सोरेन एक प्रखर और प्रभावी नेता के रूप उभरी हैं। ओड़िशा में पली-बढ़ी सोरेन परिवार की बहू ने झामुमो सुप्रीमो सांसद शिबू सोरेन की शारीरिक अस्वस्था और पति हेमंत सोरेन के जेल में बंद रहने के बावजूद खुद की काबिलियत से यह उपलब्धि हासिल की है। इतना ही नहीं उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान पार्टी समर्थकों को अपने नेता की कमी भी खलने नहीं दिया। कल्पना सोरेन ने इस चुनाव में अनुभवी वक्ता की तरह मोदी सरकार पर तीखे हमले किये, जिसके फलस्वरूप उनकी रैलियों में भारी भीड़ जुटती रही। उनका भाषण सुनने विरोधी दलों के लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचते थे। चुनावी सभाओं में कल्पना सोरेन लोगों को भावनात्मक रूप से जोड़ने में सफल रहीं। क्षेत्र की जनता ने कल्पना सोरेन को महज विधायक के लिए नहीं, बल्कि भावी मुख्यमंत्री के लिए वोट दिया है। क्षेत्र के लोगों की आशा और आकांक्षा है कि कल्पना सोरेन के सीएम बनने से गाण्डेय का सर्वांगीण विकास होगा। वर्ष 1977 से अबतक हुए सभी चुनावों में हार-जीत में मुख्य भूमिका मुस्लिम और आदिवासियों की रही है।

जिस दिन जेएमएम ने गाण्डेय से कल्पना सोरेन की उम्मीदवारी का ऐलान किया था उसके बाद से ही कल्पना सोरेन की जीत लगभग तय मानी जा रही थी।

# चार की चार सीटें भाजपा ने जीतकर इतिहास रचाः बिंदल



**कामयाबी**

**6 मुख्य संसदीय सचिवों में से 5 मुख्य संसदीय सचिव अपने-अपने विधान सभा क्षेत्रों में चुनाव हार गए**

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः हिमाचल प्रदेश के 2024 के चुनावों के** परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 राजीव बिन्दल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की लोकसभा की लगातार तीसरी बार चार की चार सीटें भाजपा ने जीतकर इतिहास रचा है। यह जीत नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व की जीत है, राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी के नेतृत्व की जीत है, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह व भाजपा संगठन की जीत है। बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से लेकर प्रदेश पदाधिकारी तक सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर इस चुनाव को जीत में बदला है। लगातार कार्यक्रमों की श्रंखला, नरेन्द्र मोदी , अमित शाह जगत प्रकाश नड्डा नितिन गडकरी, योगी आदित्यनाथ व अन्य नेताओं की जनसभाओं की श्रंखला ने चुनाव प्रचार को बेहतरीन तरीके से उठाया। भाजपा हिमाचल प्रदेश, हिमाचल की जनता का कोटि-कोटि आभार व्यक्त करती है, धन्यवाद करती है। 2024 का लोकसभा का चुनाव प्रदेश की कांग्रेस की सरकार के खिलाफ जनमत है। प्रदेश की जनता ने सुखविन्द्र सुक्खू की सरकार व कांग्रेस पार्टी के खिलाफ मजबूत जनमत दिया है। सुक्खू सरकार द्वारा सरकारी मशीनरी का जमकर दुरूपयोग किया गया। कर्मचारियों, अधिकारियों, व्यापारियों को निरंतर धमकाया गया, डराया गया। मसल पावर, मनी पावर का दुरूपयोग चुनाव को जीतने के लिए करने के बावजूद भाजपा चार की चार सीटें जीतने में कामयाब हुई है।

**ऐतिहासिक** शंकर लालवानी को कुल 12 लाख 26 हजार 751 मत मिले, उनके बाद दूसरे नंबर पर नोटा रहा, इस संख्या ने भी भारत के चुनावी इतिहास में रिकार्ड बनाया

# इंदौर से शंकर ने 11.75 लाख वोटों से जीत दर्ज कर रचा इतिहास

**रिकॉर्ड जीत**

**2019 लोकसभा चुनावों में उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वदी को 6,89,668 मतों से हराया था**




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** इंदौर से शंकर लालवानी ने 11 लाख 75 हजार 92 वोटों से जीत दर्ज कर रचा इतिहास। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार संजय को पराजित किया। शंकर लालवानी को कुल 12 लाख 26 हजार 751 मत मिले। उनके बाद दूसरे नंबर पर नोटा रहा। इस संख्या ने भी भारत के चुनावी इतिहास में रिकार्ड बनाया। कुल 2 लाख 18 हजार 674 वोट नोटा में पड़े। बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार संजय सोलंकी को 51659 मत प्राप्त हुए। इससे पहले तक गुजरात के नवसारी से सी आर पाटिल देश में सबसे बड़े अंतर से जीते थे। 2019 लोकसभा चुनावों में उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वदी को 6,89,668 मतों से हराया था। इस बार भी वे अब तक की गणना में 7 लाख 65 हजार मतों से आगे चल रहे हैं वहीं गृहमंत्री अमित शाह भी 7 लाख मतों के अंतर से जीत दर्ज करने जा रहे हैं।

## रुद्रप्रयाग से अनिल बलूनी को मिले 64683 वोट

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुप्तकाशी।** जनपद रुद्रप्रयाग में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए मतगणना प्रक्रिया दोपहर करीब 1:30 बजे समाप्त हो गई है। केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र में 13 राउंड चली मतगणना प्रक्रिया के बाद भाजपा उम्मीदवार अनिल बलूनी को 30536 मत प्राप्त हुए, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार गणेश गोदियाल को 20164 वोट मिले। रुद्रप्रयाग विधानसभा क्षेत्र में 14 राउंड चली मतगणना प्रक्रिया के बाद भाजपा उम्मीदवार अनिल बलूनी को 34147 वोट, जबकि कांग्रेस के गणेश गोदियाल को 17801 मत प्राप्त हुए हैं। बलूनी 26718 वोट के बड़े अंतर से गणेश गोदियाल से आगे रहे। दोनों विधानसभाओं में मिलाकर अनिल बलूनी को 64683 वोट, जबकि गणेश गोदियाल को 37965 मत प्राप्त हुए हैं। तीसरे नंबर पर नोटा रहा। विधानसभा रुद्रप्रयाग में 932, जबकि केदारनाथ में 977 मतदाताओं ने नोटा का प्रयोग किया है। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने मतगणना सहित पूरी निर्वाचन प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी मतगणना कर्मियों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं सुरक्षा बलों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।